## सुविचार

पति होने की तुलना में प्रेमी होना कहीं आसान है। इसकी सीधी सी वजह यह है कि हर दिन अक्लमंदी की बात कहना समय-समय पर कुछ प्यारी-प्यारी बातें कहते रहने की तुलना में कहीं ज्यादा मुश्किल होता है।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज

Published from Ranchi



12

आज हम ट्रोल होने की हद तक पहुंच गए हैं

Ranchi ● Sunday, 31 December 2023 ● Year : 01 ● Issue : 340 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 72,240.26 |
| निफ्टी | : | 21,731.40 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 6,015 |
| चांदी | : | 80.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर का राजस्थान ट्रांसफर

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर का ट्रांसफर राजस्थान हाईकोर्ट



किये जाने की अनुशंसा की गई है। जस्टिस एस चंद्रशेखर ने अपने तबादले के लिए सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया था, जिसे स्वीकार करते हुए कॉलेजियम ने उनका तबादला राजस्थान हाईकोर्ट कर दिया है। जस्टिस एस चंद्रशेखर को फिलहाल झारखंड हाईकोर्ट का एक्टिंग चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया था। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

### तीर्थयात्रियों के तीन वाहनों पर चढ़ा ट्रक, पांच की मौत

**CHENNAI :** तमिलनाडु में आधीरात बाद हुए सड़क हादसे में पांच तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। यह हादसा रात 12:20 बजे तिरुचि-रामेश्वरम राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। पुलिस के मुताबिक इस राजमार्ग पर पुदुकोट्टई जिले के नमनसमुथिरम थाना क्षेत्र में एक चाय की दुकान के पास सड़क के किनारे तीन वाहन खड़े थे। तीनों में तीर्थयात्री बैठे थे। अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक ने तीनों वाहनों को चपेट में ले लिया। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना सेबेस्टियापुरम के पास हुई। सीमेंट से लदा यह ट्रक अरियालुर जिले से शिवगंगा जिले की ओर जा रहा था। अचानक ट्रक चालक ने उस पर से नियंत्रण खो दिया और उसने दो वैन और एक कार को टक्कर मार दी और इसके बाद चाय की दुकान में जा घुसा। मृतकों में एक महिला तीर्थयात्री भी है। घायलों को पुदुकोट्टई सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया है।

### अगले दो दिनों तक घने कोहरे का रेड अलर्ट


**NEW DELHI :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को रेड अलर्ट जारी करते हुए कहा कि उत्तर पश्चिम और उससे सटे मध्य भारत के मैदानी इलाकों के कई हिस्सों में 'बहुत घना' कोहरा जारी रहने की संभावना है।आईएमडी ने यह भी कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान घने कोहरे के पूर्वी भारत तक बढ़ने की संभावना है। आईएमडी ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश में 30 और 31 दिसंबर को कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है। शनिवार और रविवार को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तरी राजस्थान के कुछ हिस्सों में ठंडे दिन की स्थिति जारी रहने की संभावना है।

# पत्रकार को धमकी के बाद ईडी का एक्शन

## होटवार जेल के जेलर को भेजा समन, दो जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया

**CRIME REPORTER RANCHI :** ईडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेलर प्रमोद कुमार को समन भेजा है। जेलर प्रमोद कुमार को यह समन जेल से पत्रकार को धमकी देने के मामले में भेजा गया है। ईडी ने प्रमोद कुमार को 2 जनवरी को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया है। साथ ही एजेंसी ने होटवार जेल प्रशासन से योगेंद्र तिवारी के सेल का सीसीटीवी फुटेज भी मांगा है। ईडी ने जेलर से यह स्पष्टीकरण मांगा है कि एक आरोपी को जेल के अंदर टेलीफोन तक कैसे पहुंच मिली। बता दें कि शुक्रवार को रांची के एक अखबार के संपादक को जेल से फोन कर धमकी दी गई थी।

- स्पष्टीकरण और योगेंद्र तिवारी के सेल का सीसीटीवी फुटेज भी मांगा
- रांची के एक अखबार के संपादक को जेल से फोन कर दी गई थी धमकी
- पहले भी होटवार जेल से फोन कर ईडी के गवाहों को मिली थी धमकी



### आला अधिकारियों से कंप्लेन

घटना को लेकर झारखंड के गृह सचिव, डीजीपी, रांची के डीसी, एसएसपी, कारा महानिरीक्षक और बिरसा मुंडा कारा के अधीक्षक से लिखित शिकायत की गई है। घटना की जानकारी देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### खबर छापने को लेकर योगेंद्र तिवारी के नाम पर संपादक को दी थी धमकी

अखबार के प्रधान संपादक को होटवार जेल से योगेंद्र तिवारी के नाम पर धमकी दी गयी थी। संपादक को फोन आया था। फोन करनेवाले ने पहले खुद का नाम योगेंद्र तिवारी बताया। इसके बाद उसने छप रही खबरों का उल्लेख करते हुए धमकी दी। जब मामले में जानकारी हासिल की गयी, तब पता चला कि ये सभी फोन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से किये गये हैं। इससे पहले भी होटवार जेल से ईडी के गवाहों की भी धमकी मिली थी। छापेमारी के दौरान ईडी को इससे संबंधित कई महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज भी मिले थे। इसके अलावा ईडी को उनके अधिकारियों को झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रचने के सबूत भी मिले थे। ईडी ने अपने गवाहों को धमकी देने की सूचना के बाद उन फोन नंबरों को सर्विलांस पर रखा था, जिससे गवाहों को धमकी दी जा रही थी।

### 48 जवानों के हत्या के आरोपी नक्सली से चल रही NIA की पूछताछ

**RANCHI :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) 48 जवानों के हत्या के आरोपी नक्सल कमांडर नवीन उर्फ सर्वजीत यादव और जितेंद्र नगेशिया से पूछताछ कर रही है। रांची की एनआईए ब्रांच ने दोनों नक्सलियों को पांच दिनों की रिमांड पर लिया है। नवीन उर्फ सर्वजीत यादव ने पुलिस की दबिश से परेशान होकर बीते आठ नवंबर को चतरा पुलिस के समक्ष सरेंडर किया था। वहीं जितेंद्र नगेशिया ने 17 नवंबर को लातेहार पुलिस के समक्ष सरेंडर किया था। नवीन यादव झारखंड-बिहार में 72 बड़े नक्सली हमले का आरोपी है। झारखंड सरकार ने उस पर पहले 10 लाख रुपये का इनाम रखा था। लेकिन बाद में इनाम राशि को बढ़ाकर 15 लाख कर दिया। नवीन नक्सलियों के गढ़ बूढ़ा पहाड़ और छकरबंधा इलाके में सक्रिय था।

# झारखंड में सरना कोड को लेकर आदिवासियों ने रेल रोड चक्का किया जाम




सरना कोड लागू करने की मांग को लेकर पदर्शन करते आदिवासी समुदाय।

**PHOTON NEWS RANCHI :** सरना कोड लागू करने की मांग को लेकर केंद्रीय सरना समिति, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद एवं आदिवासी सेंगेल अभियान के द्वारा बुलाए गए भारत बंद के तहत झारखंड के रांची, हजारीबाग, लोहरदगा, खूंटी समेत सात राज्यों में रेल-रोड चक्का जाम किया गया। राजधानी रांची में अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत गंगाघाट पर रेल-रोड चक्का जाम किया गया। गंगाघाट रोड एवं रेल पटरी पर उतरकर आदिवासी समुदाय के लोग सरना कोड की मांग कर रहे थे। गंगाघाट रेलवे स्टेशन में केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, सोमरा उरांव, गंगा मुंडा, साजन उरांव, प्रभु उरांव, मंगरु उरांव एवं गाजु उरांव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क एवं रेल पटरी पर उतरकर प्रदर्शन किया। रांची के कोकर में केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की के नेतृत्व में सड़क जाम किया गया। हजारीबाग में सरना समिति हजारीबाग के अध्यक्ष महेंद्र बेक के नेतृत्व में आई लव यू चौक जाम किया गया। लोहरदगा जिले में जिला सरना समिति लोहरदगा के अध्यक्ष चैतू उरांव के नेतृत्व में लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रोकी गयी एवं कचहरी रोड में मुख्य चौक पर सड़क जाम किया गया।

### 2024 के चुनाव से पहले लागू हो सरना कोड

केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने भारत बंद को सफल बताया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में आदिवासी सरना कोड की मांग को लेकर सड़क पर उतरे और रेल-रोड चक्का जाम कर सरना कोड लागू करो का नारा बुलंद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव से पहले यदि केंद्र सरकार सरकार सरना कोड लागू नहीं करती है तो आदिवासी केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। केंद्रीय सरना समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का ने कहा कि सरना कोड नहीं रहने से जबरन आदिवासी को हिंदू एवं ईसाई बनाया जा रहा है। सरना कोड लागू होने से हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई, जैन, बौद्ध अपने आप डीलिस्टिंग हो जाएंगे।

### दोपहर में खूंटी में दिखा असर

सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों का भारत बंद का खूंटी में कोई खास असर देखने को नहीं मिला। सुबह से दोपहर तक खूंटी में आवागमन सामान्य रहा, लेकिन दोपहर बाद बड़ी संख्या में आदिवासी संगठन के नेताओं समेत बड़ी संख्या में भीड़ शहर तक पहुंची और बंद करवाने लगी। शांतिपूर्ण तरीके से इसका समर्थन करने की अपील कर रहे थे। शहर को बंद करवाने सड़क पर निकले आदिवासियों के हाथों में सरना झंडा और तख्तियां थी। सयुंक्त पड़हा समिति, केंद्रीय आदिवासी समिति, सरना धर्म सुतो समिति और सरना संगोम समिति समेत कई आदिवासी संगठन के नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

## अयोध्या में योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास के बाद बोले पीएम

# 22 को जगमग होना चाहिए भारत

**AGENCY AYODHYA :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को देशवासियों से आग्रह किया है कि वे 22 जनवरी को अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं और दीपावली मनाएं। उन्होंने कहा, श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन हिन्दुस्तान में जगमग जगमग होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को अयोध्या में विकास परियोजनाओं से जुड़े उद्घाटन और शिलान्यास के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है और वे स्वयं इसके लिए उत्सुक हैं। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि वे 14 जनवरी से 22 जनवरी के बीच देशभर में हर मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाएं। प्रधानमंत्री शनिवार को अयोध्या की यात्रा थे। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में नागरिक सुविधाओं के सुधार और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 11,100 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।



अयोध्या में रोड शो के दौरान लागों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**हाईलाइट्स**

- अयोध्या को 11,100 करोड़ रुपये की दी सौगात
- अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का किया उद्घाटन
- कहा- 14 जनवरी से हर छोटे-बड़े मंदिर पर चलाए स्वच्छता अभियान
- 1943 में बोस ने अंडमान में आजादी का किया था जयघोष
- हर घर जल पहुंचाने के लिए 2 लाख से ज्यादा टंकियां बनवाईं

### 22 को अयोध्या न आए, 550 साल इंतजार किया, कुछ दिन और करें

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण बहुत भाग्य से हमारे जीवन में आया है। मैं भारत के 140 करोड़ देशवासियों से हाथ जोड़कर प्रार्थना कर रहा हूं... जब 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम विराजमान हों, तब राम ज्योति जलाएं। दीपावली मनाएं। उन्होंने आगे कहा कि 22 जनवरी को सभी का अयोध्या आना संभव नहीं है। यहां का पूरा कार्यक्रम हो जाने के बाद एक बार परिवार के साथ अयोध्या जरूर आएं। प्रभु राम को तकलीफ हो, ऐसा हम भक्त कभी नहीं सह पाएंगे। हमने 550 साल इंतजार किया है, कुछ दिन और करें। 30 दिसंबर के दिन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 30 दिसंबर का यह दिन ऐतिहासिक है और इस दिन 1943 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अंडमान में भारतीय झंडा लहराकर आजादी का जय घोष किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश प्रगति और परंपरा के उत्सव मना रहा है। देश पुरातन और नूतन को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। एक तरफ जहां रामलला को पक्का मकान मिल रहा है, वहीं देश के चार करोड़ गरीबों को भी पक्का मकान मिला है। देश न केवल तीर्थों का विकास कर रहा है बल्कि डिजिटल दुनिया में छाया हुआ है। काशी धाम के निर्माण के साथ ही देश में पंचायत भवनों का भी निर्माण हो रहा है। केदारनाथ धाम के विकास के साथ ही 315 नए मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं।

### योजना की लाभार्थी के घर चाय पीने पहुंचे प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि ऐसे जनप्रिय नेता की है, जो सीधे जनता से संवाद करते हैं। इस बात की झलक शनिवार को अयोध्या में भी देखने को मिली, जब वे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी मीरा के घर अचानक पहुंच गए। प्रधानमंत्री ने योजना की लाभार्थी के आवास पर चाय भी पी और उनसे संक्षिप्त बातचीत की। अयोध्या में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के लिए एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम पहले से निर्धारित नहीं था। ऐसे में प्रधानमंत्री के मीरा के घर अचानक पहुंचने पर पूरी बस्ती के लोग हैरान रह गए।

### शीश झुका कर पीएम ने किया लोगों का अभिवादन

कड़ाके की ठंड भी अयोध्यावासियों का हौसला न डिगा सकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीदार को समूची अयोध्या उमड़ पड़ी। रामनगरी में अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत मोदी ने भी शीश झुकाकर अयोध्यावासियों का अभिवादन किया। आलम यह रहा कि मोदी की मुस्कान पर फिदा रामनगरी ने गुलाब की पंखुड़ियों संग उनका स्वागत किया और मोदी-मोदी की गूंज से अयोध्या को गुंजायमान कर दिया। रास्तों में लगे फूलों की खुशबू में भी आज अलग ही महक थी, क्योंकि अयोध्या के पुनर्विकास के नायक खुद यहां मौजूद रहे।

# हुंडरू फॉल घूमने आये बच्चों से भरी बस पलटी

## एक दर्जन से अधिक घायल, पांच रिम्स रेफर

**PHOTON NEWS RANCHI :** हुंडरू फॉल डॉक्टर मोड़ के पास स्कूली बच्चों से भरी बस पलटने से एक शिक्षिका समेत करीब एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल पांच बच्चों को रिम्स भेज दिया गया है। घटना शनिवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसार यूनिक प्रोग्रेसिव हाईस्कूल जयनगर (कोडरमा) से एक बस 61 बच्चों



को लेकर हुंडरू फॉल घूमने जा रही थी। तभी सिकीदिरी थाना क्षेत्र के डॉक्टर मोड़ के समीप एक बाइक सवार को बचाने के क्रम में बस पलट गयी। मौके पर पहुंची सिकीदिरी पुलिस ने सभी घायल बच्चों को पांचा स्थित रामेश्वरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया है।

### अग्रता ढांढनिया ने जीता मिसेज इंडिया झारखंड 2023 का खिताब

**RANCHI :** झारखंड की राजधानी रांची की बहू और छत्तीसगढ़ की बिटिया अग्रता ढांढनिया ने मिसेज इंडिया झारखंड-2023 का खिताब जीत लिया है। मिसेज इंडिया वन इन अ मिलियन सीजन-4 में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। यह कार्यक्रम दिल्ली के होटल लीला पैलेस में पिछले दिनों आयोजित किया गया था। 21 से 24 दिसंबर 2023 तक इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें कई चरणों की प्रतियोगिता के बाद प्रतिभागियों का चयन किया गया। अग्रता ढांढनिया ने इस प्रतियोगिता में मिसेज टैलेंटेड में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बेस्ट नेशनल कॉस्ट्यूम टाइटल का भी पुरस्कार जीता।

# बारिश के साथ होगी नए साल 2024 की शुरूआत

## एक-दो जनवरी को हो सकती बारिश, छाए रहेंगे कोहरे, गिरेगा तापमान

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में साल के अंतिम दिन और नए साल की शुरूआत घने कोहरे के साथ होगी। एक जनवरी की शाम से जहां राज्य के पश्चिमी हिस्से में बारिश की संभावना है, वहीं दो जनवरी से राज्य के अन्य हिस्सों में बारिश के आसार हैं। राज्य के पश्चिमी निकटवर्ती मध्य और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं घना कोहरा देखा जा सकता है। रांची, चतरा, बोकारो, हजारीबाग, पलामू, लातेहार, गुमला, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और खूंटी जिले में सुबह में कोहरे की संभावना है। बाद में आंशिक बादल छाये रहेंगे और मौसम शुष्क बना रहेगा। राज्य में अगले 2 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले 2 दिन इसमें धीरे-धीरे 2 से 4 डिग्री सेल्सियस वृद्धि हो सकती है। मौसम में आये इस बड़े बदलाव की वजह हिमालयी क्षेत्र से आने वाले पश्चिमी विक्षोभ है। झारखंड सहित देश के कई राज्यों में इसका असर हो रहा है। मौसम में आये इस बदलाव से कनकनी बढ़ेगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में नववर्ष की



### आज होगी जश्न की रात, जमेगी महफिल

रविवार की रात जश्न की रात होगी। रात 12 बजते ही लोग पूरा शहर जश्न में डूब जाएगा। हर गली - मोहल्ला में धूम-धड़ाका होगा। सभी लोग इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नववर्ष की पूर्व संध्या होटलों और क्लबों में महफिल जमेगी। रांची वासियों को नचाने और धूम मचाने के लिए बालीवुड के पोप सिंगर व नामी डीजे रांची पहुंचेंगे। धुनकी लालपुर में डीजे शान लोगों को अपने डीजे की धुन पर नचाएंगे। इसके अलावा कांके रिजोर्टस में वालीवुड की डांसर नर्मता मल्ला बेली डांस पर लोगों को नाचने पर मजबूर कर देंगी। होटल होली-डे होम में वालीवुड नाइट सीजन चार का आयोजन किया गया है।

## मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बन रहा राज्य, दूसरे राज्यों को मछली के साथ बीज भी कर रहा निर्यात

# झारखंड में दो लाख मीट्रिक टन हुआ मछली उत्पादन

**PHOTON NEWS DESK :** राज्य मछली पालन के क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। मत्स्य उत्पादन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जहां कुछ साल पहले तक यह राज्य मछली के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर था, वहीं अब यह दूसरे राज्यों को मछली के साथ साथ उसका बीज भी निर्यात कर रहा है। इस तरह से कहा जा सकता है कि मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में झारखंड आत्मनिर्भर हो रहा है।

राज्य में दो लाख मीट्रिक टन मछली उत्पादन हुआ है। बड़े जलाशयों में भी इस केज कल्चर का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे मछली उत्पादन भी बढ़ा है। अब राज्य सरकार खाली पड़ी खदानों में भी मछली पालन करने की योजना पर काम कर रही है। मत्स्य विभाग ने 2023-24 के लिए मछली उत्पादन का लक्ष्य तीन लाख 30 हजार मीट्रिक टन रखा है। अब तक दो लाख लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन किया जा चुका है। इसे मार्च 2024 तक हासिल करने का लक्ष्य है। इसे प्राप्त करने के लिए युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद 90 फीसदी सब्सिडी मत्स्य स्पॉन दिए जा रहे हैं। इसके दो हजार रुपये का फीड और मत्स्य बीज उत्पादन में इस्तेमाल होने वाला नेट भी निःशुल्क विभाग की ओर से उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**2023-24** के लिए तीन लाख 30 हजार मीट्रिक टन रखा है मछली उत्पादन का लक्ष्य

**90** फीसदी सब्सिडी मत्स्य स्पॉन प्रशिक्षण के बाद दिए जा रहे

### पहले दूसरे राज्यों पर निर्भर था झारखंड



### 1200 करोड़ बीज उत्पादन का लक्ष्य

राज्य मत्स्य विभाग ने 1200 करोड़ मत्स्य बीज उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसके लिए साढ़े सात हजार प्रगतिशील युवा मत्स्य पालकों को मत्स्य बीज उत्पादन का विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके तहत रांची में 382, खूंटी में 170, गुमला में 300, सिमडेगा में 210, लोहरदगा में 220, लातेहार में 260, पश्चिमी सिंहभूम में 358, पूर्वी सिंहभूम में 290, सरायकेला खरसावां में 420, दुमका में 280, जामताड़ा में 210, साहिबगंज में 210, पाकुड़ में 210, हजारीबाग में 470, रामगढ़ में 310, कोडरमा में 330, चतरा में 340, बोकारो में 410, गिरिडीह में 300, धनबाद में 385, गोड्डा में 325, पलामू में 370, गढ़वा में 320 और देवघर में 420 युवाओं को मत्स्य बीज उत्पादन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

### इजराइली दूतावास ब्लास्ट मामले में एफआईआर दर्ज

**NEW DELHI :** नई दिल्ली जिले के तुगलक रोड थाना क्षेत्रान्तर्गत इजराइली दूतावास के पास 26 दिसंबर को देर शाम हुए संदिग्ध ब्लास्ट की कॉल के मामले में आखिरकार दिल्ली पुलिस ने बड़ा एक्शन लेते हुए एफआईआर दर्ज कर ली है। यह एफआईआर तुगलक रोड थाने में दर्ज की गई है। फिलहाल अज्ञात लोगों को नामजद किया गया है। इससे पहले इजराइली दूतावास के पास हुए संदिग्ध ब्लास्ट की कॉल के मामले में दिल्ली पुलिस ने कोई भी एफआईआर दर्ज नहीं की थी लेकिन तीन दिनों तक चली छानबीन और जांच के बाद अब पहली एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस संदिग्ध ब्लास्ट के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के अलावा एनआईए भी जांच कर रही है। अभी तक की हुई जांच के बाद पुलिस ने 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जिन्होंने ब्लास्ट जैसी आवाज सुनी थी या धुआं जैसा कुछ देखा था।

# विनेश फोगाट ने खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड लौटाया

## पीएमओ के बाहर कर्तव्य पथ पर छोड़ा

**AGENCY NEW DELHI :** रेसलर विनेश फोगाट ने खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड लौटा दिया है। विनेश शनिवार को अवॉर्ड लौटाने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑफिस जा रही थीं। इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया। जिसके बाद विनेश ने अवॉर्ड कर्तव्य पथ पर ही जमीन पर रख दिए और अवॉर्ड्स को हाथ जोड़कर लौट गईं। विनेश ने 3 दिन पहले ही पीएम मोदी के नाम 2 पेज की चिट्ठी लिखी थी। जिसमें महिला पहलवानों को इंसाफ न मिलने की बात कही थी। अवॉर्ड लौटाने पर विनेश ने कहा- "मैं



इंसाफ के लिए यहां पहुंची हूं। जब तक इंसाफ नहीं मिलता, ये लड़ाई जारी रहेगी।" बजरंग पूनिया ने विनेश के अवॉर्ड वापसी का वीडियो शेयर कर कहा- यह दिन किसी खिलाड़ी के जीवन में न आए।

कविता



शेखर त्रिपाठी
लखनऊ

# ढूंढते हो मानवों में क्यूं यहां संवेदनाएं...

ढूंढते हो मानवों में क्यूं यहां संवेदनाएं
प्राण इनमें शेष हैं पर, प्रीति इनकी सो चुकी है
स्वर अगर थक जाएं तो हुंकार में भाषा बदलकर
लीक से हटकर स्वयं की इक नई शैली गढ़ो तुम
आज भी चहुंओर अनगिन चेतकों की हैं कतारें
रक्त में उन्माद भरकर चढ़ सको यदि तो चढ़ो तुम
कर रही है जिन्दगी मङ्गल समय की याचनाएँ
संकटों की श्रृंखला लम्बी अवधि तक ढो चुकी है
ढूंढते हो मानवों में क्यूं यहां संवेदनाएं
प्राण इनमें शेष हैं पर, प्रीति इनकी सो चुकी है

शब्द हैं मधुरिम परन्तु आचरण है प्रश्नवाचक
नीतियां उन व्यक्तियों की क्या हमें अधिकार देंगी
भाग्य की मनमानियों पर कर्म का अतिशय नियंत्रण
हाथ की धूमिल लकीरें फिर नए आकार लेंगी
अनुभवों का हर पुलिन्दा खोल कर हैं गीत लिखने
एक चौथाई सही पर आयु भी कम हो चुकी है
ढूंढते हो मानवों में क्यूं यहां संवेदनाएं
प्राण इनमें शेष हैं पर, प्रीति इनकी सो चुकी है।



संजीव कुमार मुकेश
नालंदा, बिहार

# नए साल में

सुर से सुर मिले, ध्वनि से ताल, नए साल में
हम मिले तो यार, हो कमाल, नए साल में

बागवान के बाग में चहकते हुए, 'फूल' हो
आम आदमी की थोड़ी बात भी, कुबूल हो
कब किसे, कहां, रहा
मालाल नए साल में?
हम मिले तो यार, हो कमाल, नए साल में

मुफ़्त मुफ़्त मुफ़्त मुफ़्त रोटियां, न चाहिए
कोने में सिसकती हुई बेटियां, न चाहिए
पूछना है छूटे कुछ,
सवाल नए साल में!!
हम मिले तो यार, हो कमाल, नए साल में

मिल रहे वो भूल, पिछले शूल, छल-कपट गीले
वोट देने वाले आस-वाट, जोहते मिले
वादों पर भी उठ गया
बवाल नए साल में!!
हम मिले तो यार, हो कमाल, नए साल में

अबकी नया साल यार हौसला, बढाईये
चाऊं, माऊं, झाऊं का सामान, मत उठाइये
माँ भारती के भाल पर
निहाल नए साल में!!
हम मिले तो यार, हो कमाल, नए साल में

SCAN ME
1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।
Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# टोंस: भुब्रुवाहन के आंसुओं से बनी एक नदी

**घुमक्कड़ की पाती** इस दुनिया में होते हुए भी हम घुमक्कड़ों की एक अलग दुनिया होती है। शायद, इसीलिए हम सब अपनी दुनिया या फिर अपनी जैसी किसी और की दुनिया में खोये रहते हैं। मुझे इस दुनिया को जानना, समझना और जीना अच्छा लगता है। शायद इसीलिए इस दुनिया में होकर भी अक्सर अन्यत्र कहीं खोया रहता हूं।



संजय शेफर्ड
नई दिल्ली



मेरी आगे की इस हिमालय यात्रा में सबसे पहले आने वाली जगह त्यूनी होगी जो कि हनोल से सोलह किमी की दूरी है, फिर मोरी जो त्यूनी से तीस किमी की दूरी पर है। एक मोटा-मोटा अनुमान लगाया कि अगले पड़ाव तक पहुंचने के लिए तकरीबन 46 किमी का सफर तय करना होगा। त्यूनी होते हुए हजारों की संख्या में पर्यटक जौनसार-बावर के प्रसिद्ध ईस्ट देवता हनोल में स्थित महादेव दर्शन को जाते हैं। इस मंदिर का जिक्र मैंने पहले भी किया है। यह एक बहुत अच्छी जगह होने के बावजूद उतनी विकसित नहीं है जितनी होनी चाहिए। सरकार कई बार आधारभूत सुविधाएं तो उपलब्ध करा देती है लेकिन रख-रखाव का कोई खास इंतजाम नहीं होने से सबकुछ बर्बाद हो जाता है,बिलकुल ऐसी ही स्थिति इस जगह की भी है।

मैंने सोचा है कि मोरी में दो दिन रुकने के बाद पुरोला निकल जाऊंगा। यह दोनों ही जगहें मेरी जिम्मेदारी की अहम हिस्सा हैं। मोरी में एक दोस्त से मिलना है, पुरोला पहुंचकर बच्चों की कविताएं इकट्ठा करनी है। इसके पश्चात जहां भी मन रम जाएगा अपना डेरा वहीं पर डाल दिया जाएगा। ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि उत्तरकाशी जनपद भले ही शुरू हो चुका हो परन्तु उत्तरकाशी अभी भी काफी दूर है। इस लिहाज से धीरे-धीरे ही सही पर रास्तों पर चलते रहना जरूरी है। मोरी एक छोटा सा हिल स्टेशन है लेकिन अपनी खूबसूरती के लिए विश्व विख्यात है। यह स्थान भी जौनसार बावर के ही क्षेत्र में आता है। टोंस नदी यहीं से होकर बहती है। इस नदी को कुछ लोग तमस नदी के नाम से भी जानते हैं। यहीं से टोंस घाटी शुरू हो जाती है, मोरी को लोग टोंस घाटी का प्रवेश द्वार भी कहते हैं। एक किंवदंती के अनुसार टोंस नदी, हिंदू महाकाव्य महाभारत के पौराणिक चरित्र, भुब्रुवाहन के आंसुओं से बनी है।

ग्रामीणों का मानना है कि उसके आंसू अभी भी नदी में बहते हैं, इसलिए वे इस नदी का पानी कभी नहीं पीते। हालांकि कुछ लोगों का यह भी मानना है कि यह नदी, महाकाव्य रामायण के एक पौराणिक पात्र शूर्पणखा के आंसुओं से बनी है। ऐसा मुझे कुछ चलते-फिरते लोगों ने बताया था।

जौनसार बावर का क्षेत्र होने के नाते इस क्षेत्र के निवासी भी कौरवों तथा पांडवों को अपना पूर्वज मानते हैं तथा हिंदू महाकाव्य के खलनायक कौरवों की पूजा करते है। यही नहीं जाखोल गांव में स्थित दुर्योधन का मंदिर यहां का सबसे प्रसिद्ध पुण्य स्थल है। यह मंदिर, कौरवों में ज्येष्ठ, दुर्योधन को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर का निर्माण सौर गांव के निवासियों ने करवाया था।

यह क्षेत्र हरे भरे देवदार के पेड़ों से घिरा हुआ है और शिविर के लिए एक आदर्श स्थान है। देश भर से लोग आकर इस जगह पर समय बिताना और कैम्पिंग करना पसंद करते हैं। एशिया के बेहतरीन पर्यटन स्थलों में शामिल इस जगह पर बड़ी संख्या में निजी रिसॉर्ट्स हैं जो आने वाले सैलानियों के लिए कैंपिंग, ट्रैकिंग, बॉनफायर और बारबेक्यू की सुविधा उपलब्ध कराते हैं।

यह हिल स्टेशन टोंस नदी में एंगलिंग, राफ्टिंग एवं कयाकिंग जैसे साहसिक पर्यटन के लिए जाना जाता है। इस जगह पर आकर ट्रेकिंग, नेचर वॉक, माउंट क्लाइम्बिंग और रेप्लिंग का आनंद भी उठाया जा सकता है। यह पर्यटन स्थल जीवन में उन्माद भर देता है और पर्यटकों को खुलकर जीने का एक बेहतरीन मौका देता है जिसकी वजह से लोग यहां खींचे चले आते हैं। यही कारण रहा कि मैं भी चला आया। हालांकि मेरा खिंचाव इन विविधतापूर्ण गतिविधियों से कम यहां रह रहे मेरे कुछ दोस्तों की वजह से ज्यादा था।

सोचा कि रास्ते पर ही हूं तो क्यों ना इस जगह की खूबसूरती को एक बार फिर से अपने दोस्तों के साथ जी लिया जाए। पूर्व की उन स्मृतियों को दोहरा लिया जाए जो कि वक़्त के साथ पुरानी पड़ती जा रही हैं। हनोल से त्यूनी पहुंचने में मुझे चार घंटे लग गए। त्यूनी से मोरी निकल तो गया था लेकिन यह सफर आसान नहीं था। जगह-जगह थकने, रुकने और सुस्ताने के क्रम में शाम ढल गई थी। अन्य जगहों की अपेक्षा यहां ठंड भी थोड़ी ज्यादा थी। सोचा पहुंच ही गया हूं तो क्यों ना दोस्तों को भी इन्फॉर्म कर दूं लेकिन फोन का नेटवर्क कमजोर होने की वजह से बात नहीं हो पाई और जब पहुंचने के बाद फोन किया तो किसी का फोन नहीं उठा। अब करता भी तो क्या करता? स्थिति का पूरा-पूरा अंदाजा हो चूका था। एक बार फिर से ठहरने और खाने की वही जद्दोजहद जो कि पिछले बारह चौदह दिनों से चली आ रही है।

एक चाय की दुकान पर बैठ गया। दिमाग में आया कि क्यों ना सोशल मीडिया का सहारा लिया जाए। इतनी खूबसूरत जगह है कोई ना कोई ट्रेवलर तो यहां होगा ही होगा और एक ट्रैवल ग्रुप पर अपनी डिटेल्स डाल दिया। सचमुच, घूमने वाले बहुत से लोग इस जगह पर पहले से मौजूद थे लेकिन सभी का यही कहना था कि सुबह मिलते हैं। मेरे मन ने कहा कि सुबह तो मैं खुद अपना इंतजाम कर लूंगा अभी तो रात हो रही है।


मन में उधेड़बुन चल ही रही थी कि सामने एक ट्रैवलर दिखाई दिया। मन में ख्याल आया कि चलो मैं ही यहां अकेला नहीं हूं जिसे ठहरने के लिए किसी ठिकाने की तलाश हो। मैंने जल्दी-जल्दी अपनी चाय खत्म किया और उससे बात की तो पता चला की वह यूरोप से है। फिर क्या था हमने रात टोंस नदी के किनारे एक कैंप में बितायी और सुबह होते ही टोंस नदी और घाटी को एक्सप्लोर करने के लिए निकल गए। इस जगह पर हम लोग तीन दिन तक घूमें और कई जगहों को जानने समझने के बाद आगे उत्तरकाशी की तरफ बढ़ गए जोकि हमारी यात्रा का अगला पड़ाव था।

पक्षी ■ पुराण

# क्या यह दुनिया केवल मनुष्यों की है?



राहुल सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर, विश्व भारती, शांति निकेतन।



तस्वीर येलो बिटर्न की है।

आधुनिक दौर के एक सबसे भयावह शब्द को चुनना हो तो वह शब्द विकास होगा। विकास की पूरी अवधारणा और परिकल्पना इस ढंग से विकसित की गयी है कि उसकी भयावहता का हम ठीक-ठीक अनुमान कर पाने की स्थिति में नहीं हैं। उसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि यह पूरी दुनिया इस कदर मनुष्य केंद्रित है कि अन्य जीवों की दृष्टि से हम इस पृथ्वी के बारे में सोच ही नहीं पाते हैं। सभ्यता के विकास के जिस पायदान पर हम खड़े हैं, उसमें धरती के तमाम संसाधन मनुष्य मात्र के लिए है। बल्कि यह कहना ज्यादा संगत होगा कि धरती के तमाम मनुष्यों के लिए नहीं बल्कि शक्तिशाली मनुष्यों के लिए वह संसाधन हैं। विकास की पूरी अवधारणा के मूल में दुनिया के शक्तिशाली मनुष्य हैं। जब कमजोर मनुष्यों के लिए विकास समान रुप से हितकारी नहीं है तो उसमें पशु-पक्षी की चिंता शामिल हो इसका तो सवाल ही पैदा नहीं होता है। इस पूरे प्रसंग को इस सवाल के दायरे में रख कर देखने से शायद ज्यादा बेहतर परिप्रेक्ष्य निर्मित हो सके कि पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों पर क्या केवल मनुष्यों का हक है? या अन्य जीवों का भी कुछ हक है? विकास की अंधी और अनवरत दौड़ में जिस ढंग से प्राकृतिक संसाधनों की बलि ली जा रही है, वह खासा चिंताजनक है। पक्षियों की उजड़ती और तबाह होती दुनिया के उदाहरण से इस बात को समझा जा सकता है। यह मामला केवल पक्षियों का नहीं है बल्कि बदलती पारिस्थितिकी का है। इस बदलती पारिस्थितिकी के साथ जो जीव या वनस्पति अपना सामंजस्य नहीं बिठा पा रहे हैं, उनका अस्तित्व खतरे में है। प्राकृतिक संसाधनों के नष्ट होने का सीधा असर उस भू-भाग की जैव विविधता पर पड़ रहा है। देश के किसी भूभाग का अंग्रेजी राज के वक्त का गजेटियर उठा कर आप देखें तो हैरत में पड़ जायेंगे कि उन भूभागों में कैसे-कैसे जीव और पशु-पक्षी मौजूद थे। पचहत्तर-अस्सी साल के भीतर वह किसी बहुत पुराने वक्त की बात प्रतीत होने लगी है। वक्त में उतने पीछे ना जायें तो एक छोटे से हिस्से की दो साल की केस स्टडी आपके सामने रख रहा हूँ, जिससे इस संकट का आप कुछ-कुछ अनुमान कर सकें।

देवघर संताल परगना का अकेला शहर है। राँची को छोड़ दें तो संभवतः विकास की ऐसी गति पूरे झारखंड में कहीं नहीं देखी गई है। सभ्यता के जिस दौर में हम दाखिल हो चुके हैं, उसमें शहरीकरण और विकास लगभग पर्यायवाची हो चले हैं। इन दोनों से बचकर चल पाना किसी सूबे के लिए संभव नहीं रह गया है। शहरीकरण अपने साथ रोजगार के साथ-साथ सहूलियतों का पूरा पैकेज लेकर आता है, जिसकी अनदेखी सरकार और जनता दोनों के लिए अब तकरीबन असंभव-सा हो गया है। इसकी जो परिणतियाँ हैं वह मनुष्यों के हक में तो है पर अन्य पशु-पक्षियों के लिए यह संकट का सबब हो गया है। हम अपनी बात को पक्षियों के दायरे में रख कर आगे बढ़ा रहे हैं। पक्षियों की दुनिया में वैसी जगहों को ह्यहॉट स्पॉटह्व कहा जाता है, जहाँ पक्षियों की विविधता या उपस्थिति लगातार बनी रहती है। पक्षी केवल वृक्ष पर नहीं रहते उनके आवासन में मैदान, कछार, पथरीली जमीन, रेतीली जमीन, पोखर, आहर, झाड़ी, घास, दलदली इलाके सब शामिल हैं। कुछ को निर्जन पसंद है तो कुछ को बस्तियों के आस-पास रहना। जंगल खत्म हो रहे हैं, नदियाँ या तो सूख रही हैं या नालों में तब्दील हो रही हैं। निर्जन और परती पड़ी जमीनें सरकार विकास के कामों में ला रही हैं। पोखर सौंदर्यीकरण के शिकार हो रहे हैं। हर तरफ से पक्षियों का आवासन (हैबिटेट) खतरे में है। केवल देवघर की बात करें तो सर्दी के प्रवासी पक्षियों का सबसे लोकप्रिय और प्रसिद्ध साईट नोखिल रोजमर्रे की गतिविधियों के चपेट में आने के कारण लगभग तबाही की कगार पर है। इंडियन थीक नी जिसे स्टोन कर्ल्यू के नाम से जाना जाता है, देवघर के कुमैठा वाले इलाके में केवल देखा और पाया जाता था, अब वह भी सरकारी निर्माण की चपेट में है। बाबा वैद्यनाथ मंदिर से बमुश्किल डेढ़-दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित जलसार का इलाका जहाँ तीस-पैंतीस किस्म के पक्षी हर वक्त मौजूद रहते थे, पिछले साल ही सौंदर्यीकरण की भेंट चढ़ गया। बगुलों की एक प्रजाति होती है, जिसे ह्यबिटर्नह्व कहते हैं। उसमें कम से कम ब्लैक बिटर्न और येलो बिटर्न वहीं सहजता से उपलब्ध थे, जो अब कहीं-नहीं दिखते। बेंगी बिशुनपुर एक गांव है जहाँ पक्षियों की ऐसी विविधता मौजूद थी कि उसे एक छोटे ह्यवेटलैंडह्व के तौर पर कन्जर्व किया जाना था। सर्दियों में प्रवासी पक्षियों का वहाँ मेला लगा रहता है। साल भर में वहाँ एक सौ से ज्यादा किस्म के पक्षियों का रिकार्ड है। पक्षियों की एक श्रेणी होती है ह्यवेडर्सह्व की। यह साईट झारखंड का अकेला साईट था, जहाँ वेडर्स अपनी पूरी विविधिता में एक साथ सर्दियों में मौजूद रहते थे। अब मत्स्य विभाग उसमें मछली पालन की तैयारी कर रहा है। यह आहर उन्हें जलसार के अपने मत्स्य पालन वाले पोखरों के एवज में मिला है। अगले साल तक देवघर का सबसे समृद्ध साईट शर्तिया बर्बाद हो चुका होगा। जमीन की बढ़ती कीमतों ने बसाहट के लिए ग्रीन लैंड को अपनी जद में लेना शुरू किया है, शहर के सीमांतों पर मौजूद पक्षियों की विविधता अब उससे भी नष्ट हो रही है। धारावार नदी जिसे डढ़वा नदी के नाम से यहाँ जाना जाता है उसके तट पर बसा एक ऐसा ही क्षेत्र है सिंघवा, पिछले दो साल में वह पूरा बर्बाद हो गया। सवाल है कि आखिर विकल्प क्या है? वन विभाग की मुसीबत यह है कि जो जंगल उनके अधिकार क्षेत्र में है वहाँ तो वे कारगर हैं, लेकिन पक्षी केवल जंगलों तक सीमित नहीं हैं। बल्कि जंगलों की तुलना में उनकी विविधता ऐसे खास इकोलॉजी वाले पोखरों के पास ज्यादा है। इन पोखरों पर वन विभाग का कोई अख्तियर नहीं है। पर्यटन विभाग लोगों को आकर्षित करने के लिए सौंदर्यीकरण पर बल देता है। सौंदर्यीकरण अपने आप में एक पक्षी विरोधी कृत्य है। सौंदर्यीकरण पक्षियों को ध्यान में ना रख कर मनुष्यों की सुविधा को ध्यान में रख कर किया जाता है। दरअसल जरुरत है सरकार के स्तर पर पक्षियों के ऐसे ह्यहॉटस्पॉटह्व को चिह्नित कर उसे संरक्षित करने की अन्यथा दस साल के भीतर यह यकीन दिलाना मुश्किल होगा कि हमारे आस-पास पक्षियों का इतना खूबसूरत संसार मौजूद था।

BRIEF NEWS

## रांची जिला बार एसोसिएशन का चुनाव 20 जनवरी को

**RANCHI :** रांची जिला बार एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव 20 जनवरी को होगा। इसकी अधिसूचना शनिवार को चुनाव समित के सदस्य अजय कुमार तिवारी एवं अमरेंद्र कुमार झा ने संयुक्त रूप से जारी किया। 20 जनवरी 2024 को दिन 10 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक मतदान संपन्न होगा। अधिसूचना के अनुसार झारखंड स्टेट बार काउंसिल के मॉडल रूल के तहत बार एसोसिएशन के सात पदाधिकारियों और कार्यकारिणी समिति के नौ सदस्यों का चुनाव कराया जाएगा। मैदान में खड़े उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 2116 मतदाता करेंगे। तीन जनवरी से लेकर आठ जनवरी तक इच्छुक उम्मीदवार नामांकन पत्र ले सकेंगे। इसी अवधि में अपना नामांकन पत्र दाखिल करना होगा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, सहायक कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव प्रशासन, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी के साथ-साथ कार्यकारिणी समिति के नौ सदस्यों का चुनाव होगा। 20 जनवरी को मतदान के बाद मतों की गिनती 21 जनवरी को दिन के 11:30 बजे से शुरू होगी।

## प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने झारखंड प्रभारी से की मुलाकात

**RANCHI :** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर से झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने शनिवार को मुलाकात की । सिंह ने मीर को दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में सॉल ओढ़ाकर और बुके देकर नए साल की बधाई दी। साथ ही संगठन और झारखंड के राजनीति पर चर्चा की। गुंजन सिंह ने बताया कि जल्द ही प्रभारी का आगमन झारखंड में होगा।

## रांची सहित राज्य के छह जिलों में 17 थानों का 40.48 करोड़ से होगा निर्माण

**RANCHI :** रांची सहित झारखंड के छह जिलों में 17 थानों के निर्माण के लिए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 40.48 करोड़ की राशि आवंटित कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गृह विभाग से आवंटित राशि से रांची में खलारी थाना 1.65 करोड़ से, रांची में धुर्वा थाना 1.63 करोड़ से, रांची में एयरपोर्ट थाना 1.57 करोड़ से, रांची में नगड़ी थाना 1.63 करोड़ से, रांची में बुंडू स्मार्ट थाना 2.94 करोड़ से, रांची में बरियातू स्मार्ट थाना 2.94 करोड़ से, गोड्डा में बेलबड्डा थाना 03 करोड़ से, राजाभीटा थाना 03 करोड़ से, पथरगामा थाना 3.51 करोड़ से, देओदाड थाना 3.79 करोड़ से,गोड्डा में हनवारा थाना 03 करोड़ से, पलामू में पाटन थाना 2.65 करोड़ से, विश्रामपुर थाना 2.66 करोड़ से, जामताड़ा में बागदाहरी थाना 1.65 करोड़ से, पाकुड में महिला थाना 1.55 करोड़ से, हिरणपुर थाना 1.66 करोड़ से साहिबगंज में बोरियो थाना 1.65 करोड़ से निर्माण होगा।

## हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस के समय में बदलाव

**RANCHI :** आद्रा मंडल के तहत कांटाडी स्टेशन पर प्रस्तावित आदिवासी सेंगल अभियान आंदोलन की वजह से ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन 30 दिसंबर को रद्द किया गया था लेकिन अब यह ट्रेन अपने निर्धारित समय के स्थान परिवर्तित समय 11:50 बजे हटिया से प्रस्थान करेगी। यह जानकारी रेलवे ने आधिकारिक रूप से शनिवार को दी है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# HC : कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशक के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक

## अलकतरा घोटाला में 1.08 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग का है आरोप




**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट ने चर्चित अलकतरा घोटाला में 1.08 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के निदेशक महेश मेहता (67) के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है।

महेश मेहता की ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है, जिस पर सुनवाई के दौरान न्यायाधीश राजेश कुमार की कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी निर्धारित किया है। बीते 21 जुलाई को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज किया था।

कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर को 30 किमी लंबी परवा- गढ़वा रोड के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का काम रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट, डालटेनगंज की ओर से दिया गया था। इस मामले में आरोप लगाया गया है कि कंपनी द्वारा अलकतरा के करीब एक करोड़ आठ लाख रुपये का फर्जी बिल रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट में जमा किया गया। इस मामले की पहले सीबीआई जांच कर रही थी। बाद में ईडी ने इस मामले को अपने हाथों में लिया।

याचिकाकर्ता में ईडी ने छह आरोपितों महेश मेहरा एवं नागवंत पांडेय सहित कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, कौशल्या टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड, कौशल्या निर्माण प्राइवेट लिमिटेड, बंगाल केडीसी हाउसिंग डेवलपमेंट लिमिटेड के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था, जिस पर ईडी कोर्ट ने संज्ञान लिया है।

# जनता के विश्वास पर खरा नहीं उतर पाई सरकार : विजय नायक


विजय शंकर नायक की फाइल फोटो।

**PHOTON NEWS RANCHI :** दलित, आदिवासी, मूलवासी एंव अल्पसंख्यक समाज के विश्वास के कसौटी में इन चार वर्षो में सरकार खरा नहीं उतर सकी। सरकार के कार्यकाल में दलित, महिला, अल्पसंख्यक एवं मूलवासी समाज की जो सपने थे उनको पूरा नहीं किया जा सका। राज्य के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष रूप से जनता से जुड़े हुए बोर्ड निगमों का गठन नहीं हो सका। जिसमें मुख्य रूप से इन चार वर्षो में अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं करके, विदेशो मे शिक्षा ग्रहण करने वाली योजना में एक भी अनुसूचित जाति के छात्रों को भागीदारी नहीं दिलाना, अनुसूचित जाति समाज से कैबिनेट में मंत्री नहीं बनाना, दलित समाज के साथ अन्याय भरा कदम रहा, तो दूसरी ओर महिला आयोग का गठन नहीं करना, महिलाओं को न्याय से वंचित करने के समान था। सूचना अधिकार कानून से डरी सरकार चार वर्ष तक सूचना आयोग को मृतप्राय बनाए रखी। जिससे कि सरकार की कर्मियों का सूचना अधिकार कानून से उजागर नहीं किया जा सके।

# आईईडी विस्फोट में घायल नक्सली इलाज कराने पहुंचा था रिम्स, धराया




**PHOTON NEWS RANCHI :** रिम्स अस्पताल में इलाज करवा रहे एक नक्सली को रांची पुलिस की सहायता से गिरफ्तार किया गया है। आईईडी .विस्फोट में घायल होने के बाद नक्सली गुप-चुप तरीके से रिम्स में इलाज करवा रहा था।

रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि निर्मल मुंडा नाम का नक्सली कोल्हान इलाके का वांटेड नक्सली कैडर है। पिछले दिनों सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लागये गए आईईडी का वह खुद ही शिकार बन गया। आईईडी विस्फोट में उसके दोनों पैर में बेहद गंभीर चोटें आई। वह चलने तक में सक्षम नहीं रहा, जिसके बाद वह पहले कोल्हान में ही झोला छाप डॉक्टरों से इलाज करवाता रहा। लेकिन जब उसे इलाज से कोई फायदा नहीं मिला और उसकी हालत खराब होने लगी तो वह जंगल से निकल कर रांची पहुंचा और रिम्स अस्पताल में भर्ती हो कर अपना इलाज करवाने लगा।

घायल नक्सली निर्मल मुंडा ने रिम्स में भर्ती होने के लिए झूठ का सहारा लिया। रिम्स में नक्सली ने बताया कि वह एक सड़क हादसे में घायल हुआ है. हादसे का बहाना बना वह पिछले एक सफ्ताह से रिम्स में इलाज करवा रहा था।

इसी बीच घायल नक्सली के रिम्स में इलाज करवाये जाने की सूचना किसी तरह से पुलिस को लग गई। रांची पुलिस ने गुप-चुप तरीके से घायल नक्सली के बारे में जानकारी जुटाई। जब उसके नक्सली होने की पुष्टि हुई तब उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। फिलहाल रिम्स में ही घायल नक्सली का इलाज करवाया जा रहा है। उसके निगरानी के लिए पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

घायल नक्सली खूंटी के अड़की का रहने वाला है। लेकिन वह कोल्हान इलाके में सक्रिय था।

### आकांक्षी जिला कार्यक्रम को लेकर हिमानी पांडेय ने की समीक्षा बैठक

# मानकों में सुधार के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का दिया गया निर्देश


बैठक में उपस्थित हिमानी पांडेय व रांची उपायुक्त। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की संयुक्त सचिव हिमानी पांडेय ने आकांक्षी जिला के मानकों में सुधार को लेकर सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा कि कई ऐसी योजनाएं हैं, जिसका क्रियान्वयन आम लोगों के हित के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समुचित कार्य प्रारूप तैयार किया जाय, ताकि योजनाओं का उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित हो पा। हमारा मुख्य उद्देश्य है कि आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें योजनाओं के माध्यम से सीधे रूप से लाभान्वित किया जा सके। पांडेय शनिवार को आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत राजकीय अतिथिशाला में समीक्षा बैठक में बोल रही थीं।

उन्होंने बैठक में केंद्र प्रायोजित कार्यक्रमों के प्रगति और भावी कार्य योजना की क्रमवार समीक्षा करते हुए कहा कि नीति आयोग की ओर से निर्धारित आकांक्षी जिले के विभिन्न मानकों में उत्तरोत्तर और सुधार की आवश्यकता है, ताकि इसमें और मानक में सुधार हो सकें। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए लगातार प्रयास करने के लिए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।

उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक से जानकारी लेते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को जो डिजिटल सामग्री और टेबलेट उपलब्ध कराया गया है, सभी छात्र-छात्रा इसका उपयोग सही से करके अपना विकास करें। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। संयुक्त सचिव ने कृषि और जल संरक्षण की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी से जानकारी मांगी। इसपर सम्बंधित अधिकारी ने बताया कि कृषि एवं जल संरक्षण के तहत नीति आयोग के मानकों सूक्ष्म सिचाई का प्रतिशत रांची जिला में वर्तमान में 2.97 प्रतिशत है। इसपर संयुक्त सचिव के जरिये इसे राष्ट्रीय स्तर (18.1 प्रतिशत) पर लाने का निर्देश दिया गया ।

# रातू रोड फ्लाईओवर निर्माण को लेकर बदली ट्रैफिक, पहले दिन लोगों को हुई परेशानी



**PHOTON NEWS RANCHI :** रातू रोड एलिवेटेड कारिडोर निर्माण कार्य को लेकर किशोरी यादव चौक से लेकर जाकिर हुसैन पार्क तक की सड़क एक माह तक बंद कर दिया गया। राजभवन के पास निर्माण को लेकर ट्रैफिक डीएसपी कपिंद्र उरांव के निदेर्शानुसार रूट डायवर्ट किया गया। शनिवार को रोड ब्लाक के कारण लोगों को परेशानी हुई। वाहनों को डायवर्ट होकर हाट लिप्स चौक होकर जाना पड़ा। इसके साथ ही रातू रोड चौक के पास ट्रैफिक का लोड भी अधिक रहा। अपर बाजार व कचहरी जाने वाले और रातू रोड चौक के पास बस पकड़ने के लिए भी लोगों को पैदल जाना पड़ा। बस पकड़ने के लिए लोगों को अपने परिवार के साथ हाथ में ही झोला व बैग लेकर पैदल यात्रा करनी पड़ी।

### इन रूटों को किया गया डायवर्ट

- किशोरी यादव चौक से जाकिर हुसैन पार्क की ओर जाने वाली सभी तरह के वाहनों का परिचालन पूर्णत: बंद रहेगी।
- पिस्का मोड़ से आने वाली सभी ऑटो ई-रिक्शा को दुर्गा मंदिर चौक से एलपीएन शाहदेव (हॉटलिप्स) चौक, एटीआई मोड़, रणधीर वर्मा चौक, जाकिर हुसैन पार्क एवं अन्य स्थानों की ओर परिचालन करेंगे। अन्य वाहन न्यू मार्केट चौक से बॉएं राजभवन मोड़ होते हुए हॉटलिप्स चौक की ओर जाएंगे।
- कांके रोड से रातू रोड आने वाली ऑटो व ई-रिक्शा राम मंदिर से सिद्धू कान्हो पार्क, एटीआई मोड़, रणधीर वर्मा चौक, जाकिर हुसैन पार्क होते हुए अन्य स्थानों की ओर जाएंगे। अन्य वाहनों का परिचालन यथावत होगा।
- रेडियम चौक की ओर से आने वाले वाहनों का परिचालन जाकिर हुसैन पार्क से किशोरी यादव चौक होते हुए रातू रोड और हरमू रोड की ओर परिचालन करेंगे।

## अवैध बालू लदा हाईवा जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार

**RANCHI :** धुर्वा थाना क्षेत्र के रिंग रोड में शनिवार की सुबह पुलिस ने अवैध बालू लदे हाईवा को पकड़ा, ड्राइवर के द्वारा कोई कागजात नहीं दिखाने पर ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर थाना में मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार की सुबह धुर्वा पुलिस खूंटी के तोरपा एवं अन्य क्षेत्रों से बालू के अवैध कारोबार को लेकर रिंग रोड में जांच कर रही थी। इस बीच खूंटी की ओर से बालू लदे हाईवा तेज गति से रिंग रोड की और आ रही थी। पुलिस के द्वारा हाथ देकर रोकने पर ड्राइवर गाड़ी को लेकर भागने का प्रयास किया, पुलिस के द्वारा पीछा करने पर ड्राइवर गाड़ी रोका पूछताछ में ड्राइवर ने अपना नाम बिरसा पूर्ति बताया।

### लोकहित अधिकार पार्टी की बैठक संपन्न

# सरकार की संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का रखा लक्ष्य


बैठक में उपस्थित सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** लोकहित अधिकार पार्टी रांची जिला कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा रीना सिंह की अध्यक्षता में सिद्रौल मैदान बुढ़मू में एक संगठनात्मक बैठक रखा गया। मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू, जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, मुख्य सलाहकार जनक प्रजापति, संयोजक जुल्फान अंसारी, मोहम्मद अजहर आलम, पुरुषोत्तम कुमार, संजय साहू, मनोज कुमार एवं कांके प्रखंड अध्यक्ष देवपूजन ठाकुर उपस्थित हुए।

लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, ग्रामीण क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जन जागरूकता अभियान के माध्यम से आंदोलन करने के साथ विभिन्न जन सरोकार मुद्दों को पार्टी स्तर में लोगों का हक अधिकार और सामाजिक न्याय दिलाने हेतु सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को सही तरीके से हरेक गांवों में जन-जन तक पहुंचाना ही पार्टी का लक्ष्य है।

आगामी 2024 का लोकसभा चुनाव में लोकहित अधिकार पार्टी देश स्तरीय सभी के लिए निःशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था लागू कराने और जाति जनगणना के साथ जिसकी जितनी संख्या भारी उसको मिले उतनी हिस्सेदारी सहित बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार के मुद्दों पर पार्टी चुनाव लड़ेगी।

## झारखंड में नववर्ष को लेकर सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में नववर्ष को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को अलर्ट कर दिया है। सभी एसपी को पार्क, फॉल, मंदिर सहित अन्य पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने को कहा गया है। आम लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। भीड़-भाड़ वाले इलाके में पुलिस की गश्त विशेष रूप से की जायेगी। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ जांच के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया गया है। जिलों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा, ताकि विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हो। सभी रेंज डीआइजी को निर्देश दिया गया है कि वे सुरक्षा को लेकर अपने कार्य क्षेत्र के अधीन आने वाले एसएसपी और एसपी को आवश्यक निर्देश देंगे।

रांची में पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल और मंदिरों में नववर्ष को लेकर लगभग 2000 अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को बताया कि पिकनिक स्पॉट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में सभी जगह पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा एसपी, डीएसपी और सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने को कहा गया है। साथ ही सादे लिबास में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

## धुर्वा में रिटायर्ड डीएसपी के दुकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** धुर्वा थाना क्षेत्र के सिठियों रिंग रोड के समीप श्री राम टाइल्स एंड इंफ्राटेक नामक दुकान में शुक्रवार की रात चोरों ने दुकान के पिछले दरवाजे को तोड़कर दुकान में रखे दो दिन का बिक्री का पैसा, नल एवं कीमती हार्डवेयर के सामानों की चोरी कर ले गए। इस संबंध में धुर्वा थाना में दुकान के मालिक सेवानिवृत्त डीएसपी अमिताभ राय ने लिखित आवेदन दिया है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि शुक्रवार की रात प्रत्येक दिन की भांति अपने दुकान अपने स्टाफ के साथ बंद करवाकर अपने घर चले गए थे। शनिवार की सुबह जब दुकान खोलकर अंदर गए तो देखें कि सारा दुकान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ है। कैश काउंटर खुला पड़ा है, उसमें रखे सारे पैसे गायब हैं। अंदर जाकर देखने पर देखें की दुकान का पलंबर का बहुत सारा कीमती सामान गायब है।

# वरिष्ठ पत्रकार को मिली धमकी पर संजय सेठ ने उठाए सवाल


संजय सेठ की फाइल फोटो।

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के एक वरिष्ठ पत्रकार को होटवार जेल से मिली धमकी को लेकर सांसद संजय सेठ ने कई सवाल खड़े किए हैं। सांसद ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जेल के लैंडलाइन नंबर से झारखंड और देश के जाने-माने पत्रकार को फोन पर धमकी दिया जाना, सीधे-सीधे सरकार की कार्यशैली पर प्रश्न खड़ा करने वाला है। यह बताने वाला है कि कैसे झारखंड में सरकार के संरक्षण में अपराधियों के हौसले बुलंद है। सरकार के जरिये भ्रष्टाचारियों और अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ आवाज उठाने वालों को धमकियां दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य में पूरी तरह से अपराधियों का साम्राज्य स्थापित हो चुका है। पत्रकार को धमकी मिलना उसकी एक बानगी है। यह कैसा दुर्भाग्य है कि जेल में बैठकर अपराधी पत्रकारों को धमका रहे हैं और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा हुआ है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि यह सब सीधे-सीधे कांग्रेस, झामुमो और राजद सरकार के संरक्षण में हो रहा है।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने राज्य सरकार पर साधा निशाना, बोले-

# तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रही सरकार



मीडिया को संबोधित करते प्रदीप वर्मा व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि हेमंत सरकार वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने में लगी है। उन्होंने कहा कि जबसे हेमंत सरकार बनी है पूरे प्रदेश में आंतरिक विधि व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है। डॉ प्रदीप वर्मा शनिवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने हाल में ही पाकुड़ जिले में धर्मांतरण की घटी घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि पाकुड़ जिला में पहाड़िया जनजाति के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। यहां समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा लगातार पहाड़िया बेटियों, पुरुषों को जबरन धर्मांतरण कराने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले दिनों पहाड़िया बेटी रुबिका की हत्या भी की जा चुकी है।

पाकुड़ जिला, रामचंद्रपुर के रहने वाले रिनॉय पहाड़िया के साथ हुए वारदात की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दिनों सायनारा खातून नाम की महिला ने रिनॉय पहाड़िया के साथ योजनाबद्ध तरीके से दोस्ती की और पहाड़िया रीति से शादी का प्रस्ताव दिया। शादी की स्वीकृति के बाद सायनारा खातून ने उसपर धर्मांतरण का दबाव डाला। निकाह के लिए गलत तरीके से दबाव डाला और फिर शपथ पत्र पर हस्ताक्षर भी कराए। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं विरोध करने पर रिनॉय पहाड़िया को जबरन प्रतिबंधित मांस खाने का दबाव डालते हुए मारपीट भी की गई।

उन्होंने कहा कि रिनॉय द्वारा जब थाना में इसकी शिकायत की जाती है तो उसे डांटकर भगा दिया जाता है। इसके बाद रिनॉय एसपी पाकुड़ से शिकायत करते हैं तो आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि धर्मांतरण कराने वाले तत्वों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। वर्मा ने कहा कि आदिवासी की पहचान अस्तित्व उनके धर्म और संस्कृति से जुड़ा है लेकिन आज राज्य में जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए कठोर कानून के होते हुए भी हेमंत सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती है।

BRIEF NEWS

### एसपी मित्रभानु महापात्र सहित छह आईपीएस अधिकारियों को मिला प्रमोशन



**ROURKELA :** राउरकेला एसपी मित्रभानु महापात्र सहित छह आईपीएस अधिकारियों को राज्य सरकार ने डीआइजी रैंक पर पदोन्नति किया है। आईपीएस अधिकारी मित्रभानु महापात्र, सारा शर्मा, कंवर विशाल सिंह, आशीष कुमार सिंह, पारुल गुप्ता और के शिव सुब्रमणि को डीआईजी के रूप में प्रमोशन दिया गया है।

### राउरकेला एकता मंच की कमिटी को मिला विस्तार



**ROURKELA :** राउरकेला एकता मंच की विस्तारित बैठक शनिवार को जिला पुलिस कार्यालय सभाकक्ष में हुई। समिति में 8 नए सदस्य को कालिंदी बडजेना, सुमन कुमार दत्ता, हरमोहन महापात्र, जशबिंदर सिंह, विवेक श्रीबास्तव, अब्दुस सलाम, मोहम्मद सलीम, बाथोलोमी केर-केट्टा शामिल किए गए। राउरकेला एसपी डॉ मित्रभानु महापात्र ने कहा कि यह समिति शहर के साथ-साथ जिले में सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने और बनाए रखने के लिए सफलतापूर्वक और संयुक्त रूप से काम करेगी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, प्लांटसाइट, उदितनगर, रघुनाथपाली थाना। बैठक में आईआईसी मौजूद थे। बैठक का संचालन जोनल डीएसपी अनिल कुमार प्रधान ने किया।

### गुरु नानक सेवा दल का दो दिवसीय कीर्तन दरबार शुरू

**JAMSHEDPUR :** गुरु नानक सेवा दल ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को गुरुद्वारा मैदान साकची में दो दिवसीय कीर्तन दरबार आरम्भ हुआ। इस अवसर पर विशेष तौर पर पहुंचे श्री दरबार साहिब अमृतसर के पूर्व मुख्य ग्रंथी सिंह साहेब ज्ञानी मान सिंह ने कहा कि इस जगत में जो कुछ होता है वह ईश्वर की इच्छा से होता है और हमें बिना प्रार्थना अरदास के कोई भी काम शुरू नहीं करना चाहिए। गुरमत का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यदि अरदास के बिना काम शुरू किया जाए तो वह व्यक्ति तनखाइया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अरदास भक्तों के लिए ईश्वर का विशाल उपहार है। सच्चे अंतर्मन से की गई प्रार्थना अरदास प्रभु जरूर सुनते हैं।

### रामाधीन बगान में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**JAMSHEDPUR :** बस्ती विकास समिति द्वारा जेम्को स्थित रामाधीन बगान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर फूलों की होली का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टेल्को थाना प्रभारी नरेश सिन्हा मौजूद थे। समिति के सदस्यों ने थाना प्रभारी व अन्य पुलिस पदाधिकारी को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही थाना प्रभारी ने कथावाचक पवन महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। समापन के अवसर पर बस्ती विकास समिति की तरफ से प्रसाद का भी वितरण किया गया, जिसे भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया।

# 18 वर्षीय लड़की की जलाकर हत्या, आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला के बिसरा थाने में एक 18 वर्षीय लड़की को पेट्रोल डालकर जलाकर मारने का आरोप में दो आरोपी गिरफतार किया गया। पुलिस ने इस घटना में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और पूछताछ जारी रखी है। पुलिस वैज्ञानिक टीम के साथ मौके पर पहुंच कर जांच की है। जांच के दौरान पुलिस ने मौके से पेट्रोल और कुछ अन्य सामान जब्त किया।




। ● फोटोन न्यूज

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथीबारी थाना क्षेत्र की एक लड़की 18 तारीख को बिश्रा थाना क्षेत्र के पीतल गांव में रहने वाले अपने रिश्तेदार के घर गयी थी। किसी कारणवश वह वहीं जल गई और गंभीर रूप से घायल हो गई । शाम को उसका चचेरा भाई रघु सिंह उक्त लड़की को ले गया और अधजली अवस्था में भोजपुर गांव में उसके पिता के पास छोड़ दिया। लड़की के पिता गंभीर हालत में अपनी बेटी को राउरकेला सरकारी अस्पताल ले गए। लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे जेपी अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान 27 दिसंबर की रात उक्त लड़की की मौत हो गयी। बेटी की मौत के बाद उसके पिता ने बिश्रा थाने में उसे जलाकर मारने का आरोप लगाया है। लड़की के पिता की शिकायत के बाद पुलिस ने रघु सिंह और उसके बेटे को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है। इस घटना से नुआगांव, बिसरा , हातीबारी इलाके में हड़कंप मच गयी। पोस्टमॉर्टम के बाद बच्ची का शव उसके परिवार को सौंप दिया गया है।

# श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना का उद्घाटन समारोह 17 जनवरी को

**PHOTON NEWS SUNDARGARH :** पुरी श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना का उद्घाटन समारोह आगामी 17 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। शुभारंभ समारोह में सभी जिलों के प्रमुख धार्मिक स्थलों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है।

इसी सिलसिले में मंदिर प्रशासन की एक विशेष टीम आज सुंदरगढ़ पहुंची है। इस मौके पर स्थानीय राजबाटी के पास स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुंदरगढ़ जिला प्रशासन ने सांस्कृतिक जुलूस के माध्यम से इस विशेष टीम का भव्य स्वागत किया।



इस विशेष टीम में सिंहारी सेवायत सिंहारी चिंतामणि कर, सिंहारी हरिकृष्ण कर, सिंहारी हरिहर कर और पुरी जिला प्रशासन से श्री बंजाकांत महारी उपस्थित थे।

इस अवसर के दौरान, सुंदरगढ़ मां समलेई मंदिर के उपासक, किश्वर चंद्र देहेरी और हरिहर देहुरी, और राउलकेला सेक्टर में 3 अहिराबंध जगन्नाथ मंदिर के त्रिनाथ पाढ़ी और श्री मित्रवाणु पांडा उपस्थित थे । श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना के उद्घाटन के लिए निमंत्रण पत्र स्वीकार किया। बाद में इस विशेष दल ने मां समलेई के दर्शन किये।

कार्यक्रम में अकादमी के कलाकारों द्वारा ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया गया। अपर जिला दंडाधिकारी रवि नारायण साहू, प्रभारी जिला संस्कृति पदाधिकारी नंदिनी मुंडारी, सुंदरगढ़ जगन्नाथ मंदिर के सभी उपासक एवं ट्रस्टी, मां समलेई मंदिर के उपासक एवं ट्रस्टी, राउरकेला जगन्नाथ के उपासक मंदिर और ट्रस्टी, स्वयं सहायता महिला समूहों के सदस्य, स्थानीय बुद्धिजीवी प्रमुख उपस्थित थे।

### रोटरी क्लब चाईबासा के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित

# प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी छह महिलाओं को मिला निशुल्क सिलाई मशीन व सर्टिफिकेट

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** रोटरी क्लब चाईबासा के तत्वाधान में शनिवार को स्थानीय बिहारी क्लब में एक समारोह आयोजित कर रोटरी क्लब द्वारा संचालित राजेश्वरी देवी रुंगटा सहेली सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी छह महिलाओं को निशुल्क सिलाई मशीन एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।



सिलाई मशीन व प्रमाण-पत्र के साथ महिलाएं। ● फोटोन न्यूज

मौके पर क्लब की अध्यक्ष हीना ठक्कर ने इसकी जानकारी दी। पूर्व अध्यक्ष रितेश मुंद्डा ने कहा कि पिछले सत्र के सकारात्मक कार्य के निमित्त नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य की पूर्ति के लिए 6 आर्थिक रूप से अशक्त रोटरी सहेली सेटर की युवतियों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया जा रहा है। ताकि यह युवतियां स्वालंबी बनकर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें।

केंद्र की संचालिका रोटेरियन कविता शर्मा ने कहा कि सिलाई मशीन आर्थिक स्त्रोत के रूप में बड़ा जरिया है। महिलाएं घर बैठकर रोजगार से जुड़ सकती हैं। समय-समय पर यहां रोजगार से संबंधित कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती है। रोटेरियन अनिल शर्मा ने बताया कि रोटरी क्लब अपने स्थापना काल से ही सकारात्मक ऊर्जा के साथ सामाजिक कार्यों में लगा हुआ है। साथ ही उन्होंने रोटरी सहेली केंद्र की महिलाओं को घर में बेकार पड़ी हुई वस्तुओं को पुनः उपयोग में लाकर नई वस्तुएं बनाने की जानकारी भी दी। रो. निरंजन साव सभी युवतियों को नए रोजगार आरंभ करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर रोटरी क्लब के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# सरना धर्म कोर्ड को मान्यता देने की मांग पर आदिवासी सेंगेल अभियान का रहा भारत बंद

### प्रदर्शनकारियों ने किया सड़क जाम, आवागमन रहा बाधित

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** सरना धर्म कोड लागू करने व सरना धर्म को अनुच्छेद 25 के तहत मान्यता देने जैसी विभिन्न मांगों को लेकर आदिवासी सेंगल अभियान ने शनिवार को भारत बन्द का ऐलान किया। इसी क्रम में आदिवासी सेंगल अभियान के नेताओं ने सुबह से ही चाईबासा से विभिन्न शहरों की ओर जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर दिया। विभिन्न चौक चौराहा पर टायर जलाकर आवागमन को बाधित कर दिया और वहां जाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की।




सड़क जाम करते आदिवासी सेंगेल अभियान के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

सरना धर्म कोर्ड को मान्यता देने की मांग पर आदिवासी सेंगेल अभियान के सांकेतिक भारत बंद का आंशिक असर ग्रामीण क्षेत्र में दिखाई दिया। बंदी के कारण सड़क के दोनो छोर पर जाम लग गया। काफी देर तक लोग जाम में फंसे रहे। कई लोग पैदल ही अपने गंतव्य की ओर जाते नजर आए।

हालांकि पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे पदाधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। आदिवासी सेंगल अभियान के नेताओं ने बताया कि भारत आजाद होने के बावजूद सरना धर्म कोड लागू नहीं किया गया है। आज भी धार्मिक गुलामी जीने को राज्य की जनता मजबूर है। कहा कि केंद्र सरकार से लगातार आह्वान किया जा रहा है कि सरना धर्मकोर्ड को लागू किया जाए। बावजूद इसके केंद्र सरकार ध्यान नहीं दे रही है और दूसरी तरफ राज्य सरकार टाल मटोल रवैया अपना रही है। राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राज्य सरकार राज्य की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है जब तक केंद्र सरकार आदिवासी सेंगल अभियान के मांग को नहीं मान लेती है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### बीजेडी सदस्यों ने सीएम व अध्यक्ष पांडियन से की मुलाकात

# पांडियान ने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा कर सुनी लोगों की शिकायतें, किया समाधान

**PHOTON NEWS SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ जिले के बीरमित्रपुर निर्वाचन क्षेत्र के बीजेडी सदस्यों ने नवीन निवास में श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और अध्यक्ष कार्तिक पांडियन से मुलाकात की।



लोगों की समस्या सुनते कार्तिक पांडियन व अन्य। ● फोटोन न्यूज

अध्यक्ष वीके. पांडियान ने बीरमित्रपुर निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया और लोगों की विभिन्न शिकायतें सुनीं और उनका समाधान भी किया। इसलिए एक बार फिर बीरमित्रपुर निर्वाचन क्षेत्र के युवा छात्र, महिला और वरिष्ठ कार्यकर्ता नवीन निवास में नए साल की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री और अध्यक्ष वीके पांडियन को नए साल की बधाई दी। एक बार 4 जनवरी को दौरा पर आने का अनुरोध किए।

कार्यक्रम में माननीय ग्रामीण उत्थान और कौशल विकास मंत्री प्रीतिरंजन गड़ाई, बीरमित्रपुर निर्वाचन क्षेत्र के पर्यवेक्षक नुआगांव ब्लॉक से मनोज सेनापतिऔर ब्लॉक अध्यक्ष बिस्वासी टोपनो, एसडीसी उपाध्यक्ष सुशीला टोपनो, महिला अध्यक्ष एम्मा एक्का, ब्लॉक अध्यक्ष दक्षंबर दास, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मखलु एक्का, एसडीसी सदस्य और राज्य संयुक्त सचिव हिमांशु पांडा, छात्र अध्यक्ष महेंद्र बड़ाइक, महासचिव भगवान साहू, जिला परिषद सदस्य ज्योती टेटे, बिश्रा ब्लॉक से जिला अध्यक्ष और जिला पार्षद हालू मुंडारी, जिला परिषद सदस्य दसमी मिंज, जिला उपाध्यक्ष सोमनाथ राहा, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश ओराम, कुमारमुंडा ब्लॉक से जिला परिषद सदस्य राजेंद्र कुजूर, नेबिल केरकेटा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश हासदा, ब्लॉक अध्यक्ष ज्योती केरकेटा, उपाध्यक्ष सुपानिता अहिर, बीरमित्रपुर नगर अध्यक्ष संदीप मिश्रा, उपाध्यक्ष निवेदिता बागे, छात्र जिला उपाध्यक्ष अजाज आलम, नगर अध्यक्ष कुना मलिक, पूर्व विधायक निहार सुरीन, युवा नेता व जिला महासचिव सेबे आइंद,अजय सिंह और वरिष्ठ नेता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# स्वर्ण जयंती आमंत्रण कप क्रिकेट प्रतियोगिता : फ्रेंडस क्लब व एमसीसी का क्वार्टर फाईनल में स्थान पक्का

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** अपने स्थापना के पचास वर्ष पूरे होने के अवसर पर फ्रेंडस क्लब चाईबासा द्वारा आयोजित स्वर्ण जयंती आमंत्रण कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए मैच में फ्रेंडस क्लब चाईबासा ने लारसन क्लब चाईबासा को तथा एमसीसी चाईबासा ने टॉउन क्लब चाईबासा को पराजित कर क्वार्टर फाईनल में अपना स्थान पक्का कर लिया।




फ्रेंडस क्लब व एमसीसी की टीम। ● फोटोन न्यूज

चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर शनिवार को खेले गए पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंडस क्लब चाईबासा की पूरी टीम निर्धारित बीस ओवर में 155 रन बनाकर आल आउट हो गई। विमलेश नाग ने तीन चौकों एवं तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक 38 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में सुभाष जोंको ने 35 तथा विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक कृष्णा ने 33 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। लारसन क्लब की ओर से फैजानुल रहमान ने किफायती गेंदबाजी करते हुए मात्र 12 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। आनंद श्रीवास्तव को तीन तथा विकास तिवारी को दो सफलता हाथ लगी।

जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी लारसन क्लब की पूरी टीम 19.3 ओवर में 129 रन बनाकर आल आउट हो गई और 26 रनों से मैच गंवा बैठी। इस टीम की ओर से उद्घाटक बल्लेबाज अक्षत ने 37 रन बनाए जबकि मध्यमक्रम के बल्लेबाजों की असफलता ने टीम की लुटिया डुबो दी। फ्रेंडस क्लब की ओर से सुभाष जोंको ने गेंदबाजी में भी अपना जलवा दिखाया और अपने चार ओवर में मात्र आठ रन देकर तीन विकेट चटकाए। अभय मिश्रा को दो विकेट प्राप्त हुआ। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए फ्रेंडस क्लब चाईबासा के सुभाष जोंको को एक हजार रुपये की नकद राशि देकर मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

दूसरे मैच में एमसीसी चाईबासा ने टॉउन क्लब चाईबासा को एकतरफा मुकाबले में 63 रनों से हराया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एमसीसी चाईबासा ने निर्धारित बीस ओवर में नौ विकेट खोकर 234 रन ठोक डाले। सबसे आकर्षक बल्लेबाजी रवि शर्मा ने की जिसने सात चौकों एवं पाँच छक्कों की मदद से मात्र पैंतीस गेंदों पर ताबड़तोड़ 72 रन ठोक डाले और अंत तक आउट नहीं हुआ। उद्घाटक बल्लेबाज कुमार करण ने भी मात्र चौबीस गेंदों पर पाँच चौकों एवं सात छक्कों की मदद से आक्रामक 66 रन बनाकर टीम को ठोस शुरूआत दी। मध्यमक्रम में कप्तान अनुराग संजय पुर्ति ने छः चौकों एवं दो छक्कों की मदद से 45 रन एवं शिवम कुमार ने एक चौका एवं चार छक्कों की सहायता से 30 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुँचाया। टाउन क्लब की ओर से तौसिफ एहसान ने अच्छी गेंदबाजी का परिचय देते हुए 24 रन देकर पाँच खिलाड़ियों को चलता किया जबकि राहुल विजय को दो सफलता हाथ लगी। मैच समाप्ति के बाद एम सी सी चाईबासा के कुमार करण को एक हजार रुपये की राशि मैन आफ द मैच के पुरस्कार स्वरुप दिया गया।

### दोकट्टा व कोंदवा के ग्रामीणों को सिंचाई के लिए जल्द ही फिर से मिलेगा पानी

# विधायक ने भूमि निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** टोंटो प्रखंड अंतर्गत कोंदवा पंचायत के दोकट्टा एवं कोंदवा गांव के ग्रामीणों को सिंचाई के लिए पानी फिर से जल्द मिलने वाली है। अडानी एसीसी कंपनी की ओर से सीएसआर के तहत जल्द ही इन दोनों गांव के ग्रामीणों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराएगी। कंपनी अब सोलर पैनल के जरिए दोनों गांव के ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराएगी। इससे दोनों गांव के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। इसके लिए शनिवार को भूमि पूजन हुआ। विधायक दीपक बिरुवा ने विधिवत भूमि पूजन के बाद निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।




भूमि पूजन में शामिल ग्रामीण। ● फोटोन न्यूज

कंपनी की ओर से पुनः सिंचाई हेतु जलापूर्ति किए जाने की खबर पाकर दोनों गांव के ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक व कंपनी के प्रति आभार प्रकट किया। चुकी पूर्व में इन दोनों गांव के ग्रामीणों को कंपनी की ओर से सिंचाई हेतु जलापूर्ति की जा रही थी। इससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा था। लेकिन विगत दो वर्षों से यह जलापूर्ति ठप पड़ गया था। इसके बाद ग्रामीणों के आग्रह पर माननीय विधायक के प्रयास से पुनः कंपनी की ओर से जलापूर्ति की जा रही है। इससे ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है।

मौके पर विधायक दीपक बिरुवा ने कहा कि झींकपानी स्थिति अडानी एसीसी कंपनी को अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के एक हिस्से के रूप में सामाजिक बुनियादी ढांचे के विकास और स्थायी सामुदायिक संपत्तियों के निर्माण के लिए कार्य करना आवश्यक है।

इस योजना के तहत बुनियादी ढांचे के विकास के कार्य जैसे बोरवेलों को खोदकर/रखरखाव करके पीने के पानी की सुविधा, सिंचाई सुविधा एल, आरसीसी पानी की टंकियों का निर्माण, सड़क, पुल और पहुंच प्रदान करना, अतिरिक्त स्कूल भवन, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचे, चिकित्सा सुविधाओं का विकास करना शामिल है। कंपनी द्वारा बुनियादी कार्य आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाए। क्षेत्र के लोगों के बुनियादी ढांचे की कमी को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। ताकि क्षेत्र के लोगों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, नैतिक और स्वास्थ्य आदि में सुधार के लिए हो तथा जिससे उस क्षेत्र की आधारभूत संरचना, पर्यावरण और सांस्कृतिक विषयों को बढ़ाने में मदद मिल सके।

इस तरह की गतिविधियों के जरिए वहां के सामाजिक विषयों के विकास में योगदान करना कंपनी की सामाजिक जिम्मेवारी है। मौके पर कंपनी के सीएसआर हेड उत्तम कुमार, सहयोगी कृष्ण दास, मुखिया मंगल सिंह कुंटिया, झामुमो नेता तुराम बिरुली, शशि भूषण हेस्सा, ब्रजमोहन गोडसोरा, डामुर सिंह हेस्सा, कृष्ण हेस्सा, विष्णु कालुंडिया, विभीषण गोडसोरा, नागेंद्र हेस्सा समेत अन्य उपस्थित थे।

### जयदीप गुप्ता की अध्यक्षता में रोनियार वैश्य संघ की बैठक संपन्न

# कमेटी का हुआ विस्तार, अधिवक्ता राजाराम गुप्ता बने संघ के संरक्षक

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** रोनियार वैश्य संघ (गुप्ता समाज) की बैठक स्थानीय कैफेटेरिया प्रांगण में अध्यक्ष जयदीप प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ के कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अधिवक्ता राजाराम गुप्ता को रोनियार वैश्य संघ का संरक्षक बनाया गया। वही उपाध्यक्ष राजकिशोर साहू, मनीष कुमार गुप्ता, सह सचिव संजीव कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष छोटू लाल गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष कन्हैया प्रसाद गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शेखर कुमार गुप्ता, राहुल कुमार गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता,प्रिंस कुमार गुप्ता, मानष आनंद गुप्ता तथा सलाहकार भोला प्रसाद गुप्ता ,कृष्ण प्रसाद गुप्ता को बनाया गया। बैठक में मकर पर्व में कार्यक्रम करने तथा आगामी 21 जनवरी को संघ का पारिवारिक मिलन समारोह सह वन भोज कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।



नवनिर्वाचित सदस्य। ● फोटोन न्यूज

वहीं बैठक में वर्ष 2023 में रोनियार वैश्य संघ के तीन सदस्यों क्रमशः विश्वनाथ गुप्ता, मनोहर लाल गुप्ता एवं महावीर गुप्ता के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में सचिव महावीर प्रसाद राम, दिलीप गुप्ता, बंटी गुप्ता, बिनेश गुप्ता, सौरभ गुप्ता, मनोज गुप्ता, संजय गुप्ता,समेत काफी संख्या में संघ के सदस्यगण मौजूद थे।

# मोदी बोले : तेजस्वी को सीएम बनाना चाहते थे ललन सिंह

## जदयू के 12-13 विधायक तोड़ लिए थे, नीतीश को पता चला तो अध्यक्ष पद छीना

**पटना ।** ललन सिंह को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हटाए जाने के बाद से बिहार में बयानबाजी का दौर जारी है। अब बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी ने कहा, हमने पहले भविष्यवाणी कर दी थी कि ललन सिंह को हटाए जाएंगे क्योंकि उन्होंने जेडीयू पार्टी से 12-13 विधायकों को तोड़ लिया था। उन्होंने लालू यादव से हाथ मिलाकर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की तैयारी कर ली थी।

नीतीश कुमार को इसकी भनक लग गई। इसलिए उन्होंने समय रहते ललन सिंह को हटा दिया। ललन सिंह को हटाना खेल की शुरूआत है...अभी बहुत कुछ बाकी है। नीतीश कुमार को गलतफहमी है कि गठबंधन उन्हें संयोजक या पीएम पद के लिए पार्टी का चेहरा बनाएगा... नीतीश कुमार के लिए





हमारे दरवाजे बंद हैं।' इसके साथ ही उन्होंने बिहार में 40 की 40 सीटें जीतने का दावा भी किया।जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के इस्तीफे पर पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने भी पीछे की कहानी बताई थी। गया में उन्होंने कहा था कि दो महीने पहले कि बात है कि ललन सिंह और बिजेन्द्र बाबू (ऊर्जा मंत्री) तेजस्वी प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे।

दोनों ये प्रस्ताव लेकर गए थे, लेकिन नीतीश कुमार ने इस पर काफी नाराजगी जाहिर की थी।

नीतीश कुमार के साथ जो मेरी अंतिम बात हुई थी हटने को लेकर, तब हम ये कहकर हटे थे कि नीतीश जी आप कहते हैं कि जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाना भारी गलती हुई, लेकिन तेजस्वी प्रसाद यादव को अगर मुख्यमंत्री बनाते हैं तो भारी गलती होगी। ऐसा मत कीजिएगा।नीतीश कुमार के दिमाग में ये बात बनी रही कि तेजस्वी को मुख्यमंत्री नहीं बनाना है। इस बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को हटाना जरूरी था। हम समझते हैं कि 12-13 विधायक ऐसे थे, जो ललन सिंह और खास कर राजद के लिए कुछ भी करने को तैयार थे। राजद के ही विधानसभा अध्यक्ष हैं। इसलिए कुछ होने की आशंका नीतीश कुमार को थी।

सोचा गया कि कैसे ललन सिंह को हटाया जाए। इसके लिए दिल्ली में कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई। अगर 13 लोग जेडीयू की तरफ से चले जाते हैं तो विजय चौधरी, अशोक चौधरी, संजय झा आदि मिलकर कहीं उसका फिल इन द ब्लैंक एनडीए की तरफ करवा सकते हैं। किसी भी तरह नीतीश कुमार की कोशिश होगी कि तेजस्वी को सीएम नहीं बनाया जाए। हालांकि जीतन राम मांझी के इस बात पर अब तक जदयू और आरजेडी की तरफ से कुछ नहीं कहा गया है।

तेजस्वी को सीएम बनाने की तैयारी को लेकर मीडिया में चल रही खबरों का ललन सिंह ने खंडन किया है। न्होंने कहा कि 20 दिसंबर को वो नीतीश कुमार के साथ दिल्ली में थे। उन्होंने कोई गुप्त मीटिंग नहीं की। इन आरोपों से उनकी छवि को धूमिल करने की कोशिश की गई है।अध्यक्ष पद छोड़ने को लेकर कहा कि संसदीय क्षेत्र में अपनी व्यस्तता, मेरी इच्छा और सीएम की सहमति से ही इस्तीफा दिया है।

## फर्जी दाखिल खारिज के मामले में सीओ सहित तीन पर केस




**अररिया ।** अररिया में फर्जी केवाला के आधार पर जमीन का दाखिल-खारिज करने का एक मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़ित जमीन मालिक ने अररिया सदर अंचल के सीओ, प्रभारी अंचल निरीक्षक सह राजस्व अधिकारी व राजस्व कर्मचारी के खिलाफ गैर कानूनी तरीके से म्यूटेशन करने की शिकायत नगर थाना में की है। मामला सदर प्रखंड अररिया के पैकटोला मौजा का है। जिसमें पीड़ित किसान अरुण कुमार ठाकुर ने नगर थाना में आवेदन देकर अररिया सदर अंचल के सीओ गोपीनाथ मंडल, प्रभारी अंचल निरीक्षक सह राजस्व पदाधिकारी कृत्यानंद राम व राजस्व कर्मचारी पंकज कुमार पर विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की है।अवैध तरीके से कराया दाखिल-खारिज पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित भूमि मालिक ने बताया है कि पैकटोला वार्ड संख्या 12 निवासी फिरोजा खातून पति तनवीर आलम ने एक फर्जी निबंधित डीड तैयार कराकर जमीन का अवैध तरीके से दाखिल-खारिज करवा लिया है। इस फर्जी डीड में कुल रकवा 56 डिसमिल जमीन का विक्रय दिखाया गया।उनकी बहन सरबला देवी, पति उत्तम ठाकुर 28 डिसमिल व उनके चाचा मायानंद ठाकुर पिता स्व चंडी ठाकुर का अलग-अलग खेसरा से 28 डिसमिल जमीन का विक्रय-पत्र संख्या 3888 दिनांक 31 मार्च 2023 अंकित किया गया है।

पीड़ित भूमि मालिक अरुण कुमार ठाकुर ने बताया है कि यह विक्रय-पत्र प्रथम दृष्टया फर्जी प्रतीत होता है।

जब उसने निबंधन कार्यालय से डीड संख्या 3888, दिनांक 31 मार्च 2023 की प्रमाणित दस्तावेज को देखा तो यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित डीड दूसरे व्यक्तियों का है।

## नीतीश के एनडीए में शामिल होने का सवाल ही नहीं


**पटना ।**नीतीश कुमार क्या एनडीए में शामिल होंगे, इसकी खूब चर्चा है? इस सवाल पर आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि ये सवाल पैदा ही नहीं होता। सवाल की जब जमीन खत्म हो जाती है तो आप उसे कितना भी प्लांट कीजिए सवाल नहीं बनता। मनोझ झा ने ये बातें पटना एयरपोर्ट पर शनिवार को कही हैं।मतलब है कि लोकतंत्र बचा हुआ है उन्होंने व्यंग्य में कहा कि मीडिया की दिलचस्पी जेडीयू में राष्ट्रीय अध्यक्ष के हटने और नए अध्यक्ष बनने को लेकर है तो इसका मतलब है कि लोकतंत्र बचा हुआ है! उन्होंने कहा कि जेडीयू के



अंदर नीतीश कुमार ने खुद कमान संभाली है। चर्चा इस बात कि है कि ललन सिंह भी यही चाहते थे। गिरिराज सिंह मेरे साथ फ्लाइट में थे, उनसे हलाल, झटका, पाकिस्तान कैसे भेजा जाए लोगों को इस पर सुनिए,वे खूब बोलेंगे। सीट बंटवारा जैसे होगा कागज लेकर सामने आ जाएंगेकहा कि किसी भी दल की आंतरिक गतिविधि में मीडिया की इतनी दिलचस्पी मैंने जिंदगी में पहली बार देखी है। इंडिया एलाएंस के लिए दल प्रतिबद्ध है व्यक्ति नहीं। लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारा के सवाल पर कहा कि जैसे ही बंटवारा होगा कागज लेकर सबके सामने आएंगे।तेह बहादुर सिंह के बयान पर कहा अभिव्यक्ति की आजादी का दायरा होना चाहिए रोहतास से आरजेडी विधायक फतेह बहादुर सिंह के बयान पर कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी होनी चाहिए,लेकिन उसका भी दायरा होना चाहिए। लेकर आ जाइएगा। बता दें फतेह बहादुर सिंह ने मां सरस्वती को विद्या की देवी मानने से इनकार किया है।

## दीवार तोड़ती हुई घर में जा घुसी कार

**पूर्णिया ।** पूर्णिया में शुक्रवार की रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दीवार तोड़ती हुई घर में जा घुसी। इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए जबकि घर में रखा सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं हादसे के बाद स्थानीय आक्रोशित हो गए। लोगों ने कार ड्राइवर की पिटाई कर दी।समूचे घटनाक्रम से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। वहीं हादसे और लोगों की पिटाई में घायल चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जीएचसीएच पूर्णिया में एडमिट



कराया गया।घटना की सूचना मिलते ही मधुबनी टीओपी की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराने में जुट गई है। घटना मधुबनी टीओपी क्षेत्र की है।कार मधुबनी के मौलवी टोला इलाके में स्थित मुन्ना पेंटर के घर में जा घुसी। घटना को लेकर स्थानीयों का कहना है कि ड्राइवर शराब के नशे में कार ड्राइव कर कर रहा था। जिस वजह से ये हादसा हुआ।पीड़ित मुन्ना पेंटर ने बताया कि वे लोग खाना खाकर सोने की तैयारी में थे। इसी दौरान तेज रफ्तार रेड कलर की कार दीवार तोड़ती हुई घर में आ घुसी। कार पर बंगाल का नंबर प्लेट लगा है, जिसका गाड़ी नंबर 06ए8635 है। हादसे के बाद घर के सभी सदस्य पूरी तरह सहम गए। घर में रखा सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ड्राइवर शराब के नशे में धुत होकर कार चला रहा था। इस कार में कुछ अन्य युवक भी बैठे हुए थे। जो हादसे के बाद फरार हो गए। वहीं हादसे के बाद नाराज परिजनों ने ड्राइव की जमकर धुनाई कर दी।घटना को लेकर मधुबनी टीओपी प्रभारी श्वेता कुमारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। कार को जब्त कर थाना लाया गया है। कार किसकी है और वे सभी कहां जा रहे थे। ये आगे की जांच में सामने आएगा।

## भाजपा ने बूथ स्तर पर बनाए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

**नालंदा ।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार शरीफ महानगर उत्तरी मंडल के अध्यक्ष अमरेश कुमार की अध्यक्षता में मासिक बैठक बबुरबन्ना में आयोजित की गई।

मंडल पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रमुख एवं सह प्रमुख, मोर्चा अध्यक्षों, एवं बूथ अध्यक्षों के साथ आगामी कार्यक्रमों, पार्टी के कार्यों का बूथस्तर पर विस्तार संबंधी विषयों पर विस्तारपूर्वक संगठनात्मक चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल ने कार्यकताओं को विस्तारपूर्वक पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। कर्मठ कार्यकताओं



को पार्टी सदैव सम्मान देती है। भारतीय जनता पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान होता है। हमारी युवा पीढ़ी को देश और धर्म की रक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़कर कार्य करने की आवश्यकता है। महानगर अध्यक्ष अमरेश कुमार ने रविवार को होने वाले पीएम मोदी की 'मन की बात' का प्रसारण सभी बूथों पर सुने जाने का आग्रह किया।इस दौरान कई कार्यकताओं को नया दायित्व सौंपा गया। पिछड़ा - अतिपिछड़ा नगर अध्यक्ष मोनू कुमार ने राजू कुमार, मोहल्ला, कल्याणपुर, राजदीप कुमार, बबुरबन्ना, राहुल कुमार, (मोहल्ला छोटी पहाड़ी), रवि कुमार (मोहल्ला, मंगल कुंआ) को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर नगर महामंत्री रविशंकर कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष विश्वनाथ कुमार, निराला कुमार, कारू साव, जतन राव आर्य, उमेश कुमार, आई टी सेल संयोजक सत्यम कुमार, दिवाकर कुमार सिंह, विजेन्द्र पासवान, धर्मेंद्र कुमार, मुकेश कुमार शर्मा, अरविंद कुमार, सिंटू कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, आनंद कुमार, सूरज कुमार, गोलू कुमार, चुन्नू कुमार, आशीष कुमार, राजू कुमार, शिवशंकर प्रसाद, जवाहर प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अगलगी में तीन घर जलकर राख

**बेतिया ।** बेतिया में तीन घर जल गए। घटना जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र के सरिसवा पंचायत के भरवालिया गांव की है। जहां शुक्रवार की देर रात अचानक आग लग गई और देखते ही देखते तीन घर जल गए। हालांकि अब तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मची रही। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अगलगी की इस घटना में सरिसवा पंचायत के भरवालिया गांव निवासी मकसूद मियां और मंजूर मियां का घर जलकर राख हो गया है। आग बुझाने के प्रयास में सफलता नहीं



मिलते देख ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया। ग्रामीणों ने कहा कि आग लगने पर फायर ब्रिगेड समेत अधिकारियों को सूचना दी गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पहुंची। इस घटना में तीन घर और घरों में रखा सारा सामान जल गया है। मझौलिया अंचल अधिकारी सूरज कांत ने बताया कि सूचना पर अंचल कर्मियों को घटनास्थल पर भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### ऑटो से शराब की खेप बरामद

**गया ।** गया में उत्पाद विभाग की टीम शराब लदी गाड़ी को पकड़ा है। बाराचट्टी थाना के डोभी चेक पोस्ट के पास शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग की टीम वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान एक ऑटो को झारखंड की ओर से आते देखा गया। कने के बाद उसकी जांच की गई तो ऑटो में बने तहखाने से शराब की खेप बरामद हुई। मौके से धनगांई थाना के धनगांई गांव का रहने वाले पुरुषोत्तम कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।इस संबंध में सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि पुलिस टीम को देखते ही ऑटो चालक भागने लगा। इसके बाद उत्पाद की टीम ने घेरकर उसे पकड़ लिया। ऑटो के अंदर तहखाने से 84 बोतल विदेशी शराब जब्त की गई।

### खाने में बिस्किट देते नक्सली खांसी आने पर मारते

**गया ।** नक्सलियों ने 4 दिनों तक खाने में सिर्फ बिस्किट दिया। कभी हल्की खांसी होती तो पीटते, जमकर डांट देते थे। हम शांत बैठ जाते थे। नक्सली कहता था चुपचाप शांत से बैठे रहो। लेवी नहीं मिली तो तुम्हें मार देंगे या फिर अपने गैंग में शामिल कर लेंगे। यह आपबीती है पुल निर्माण कंपनी के मुंशी शाहनवाज खान की। 24 दिसंबर की रात नक्सलियों ने लुटुआ थाना क्षेत्र से मुंशी शाहनवाज खान समेत तीन कर्मियों को अगवा किया। दो कर्मियों को जंगल में ले जाकर छोड़ दिया, लेकिन शाहनवाज को अगवा किए रखा। 28 दिसंबर की रात नक्सलियों की चंगुल से शाहनवाज छूट कर आए। शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने अगवा की पूरी कहानी बताई। मुंशी शाहनवाज खान ने बताया कि नक्सलियों ने अगवा कर पहाड़ी की चोटी पर बने बंकर में रखा था, जहां दो नक्सली हथियार के साथ पहरा देते था। पिछले चार दिनों में चार जगह बदले। इस दौरान खाने में सिर्फ बिस्किट दिया। इसके साथ ही कभी-कभी खांसी आ जाती तो काफी डांट देते थे।मुंशी ने बताया कि नक्सलियों के पास अत्याधुनिक हथियार थे। नक्सलियों की ओर से कहा जा रहा था डिमांड का पैसा नहीं मिला तो जान मार देंगे। इससे काफी डर लग रहा था।

### नेशनल महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखंड ने लहराया




**छपरा ।** छपरा के मढ़ौरा चीनी मिल हाता मैदान का में झारखंड और हरियाणा के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। स्थानीय विधायक व खेल कला संस्कृति मंत्री जितेंद्र कुमार राय एवं खेल डीजी रविंद्र शंकरण ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर खेल शुरू कराया। खेल के मध्यांतर तक झारखंड की टीम एक गोल से आगे निकल गई। वहीं खेल समाप्ति तक झारखंड की टीम ने 3- 0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर मैच का खिताब अपने नाम कर लिया। इस मौके पर खेल प्राधिकरण के डीजी रविंद्र शंकरन ने कहा कि यहां खेल के लिए बढ़िया इंतजाम था और इसे राज्य का पहला खेल गांव बनने का गौरव मिला।मढ़ौरा को आदर्श खेल गांव घोषित करते हुए खेल डीजी ने कहा कि बिहार सरकार ने नई खेल नियमावली लागू किया हैं। जिसमें बेहतर खिलाड़ियों को 50 हजार से एक करोड़ तक के पुरस्कार देने का निर्णय ली हैं। वहीं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी मिलेगी। अब खेल से युवक और युवती एसडीओ, डीएसपी और बीडीओ की नौकरी सीधे प्राप्त कर सकते हैं।

### बिहार आया अमेरिकन उल्लू लोग बोले ये तो जटायु

**सीवान ।** सीवान में उल्लू जैसे दिखने वाले दुर्लभ प्रजाति के चार पक्षी मिले हैं। ये सभी 8 दिन से एक कमरे में बंद हैं। सभी काफी छोटे हैं। पर अब वे बड़े हो रहे। उनके आकार में बढ़ोतरी हो रही। ये सांप जैसी आवाज निकालते हैं।ये पक्षी लोगों के लिए कौतूहल का विषय बने हुए हैं। लोगों ने उन्हें खाने के लिए अमरूद और गेहूं के दाने दिए। पर वे नहीं खा रहे हैं। दरअसल ये पक्षी प्रवासी हैं। दिखने में अमेरिकन बर्न उल्लू जैसे हैं। वहीं लोग पक्षी के मुंह की बनावट को देखकर जटायु बता रहे थे। वहीं, कुछ लोग इसे प्रवासी पक्षी मान रहे हैं।इधर सूचना के बाद भी इन्हें वन विभाग रेस्क्यू नहीं कर रहा। मामला यूपी-बिहार के सीमावर्ती इलाके गुठनी के बिसवार गांव का है।अमेरिकन बर्न उल्लू मनन सिंह के घर के कमरे में हैं। एक सप्ताह पहले वे कमरे का दरवाजा खोल रहे थे। इसी दौरान उन्हें सांप की आवाज सुनाई दी। खतरे को भांपते हुए उन्होंने सांप को रेस्क्यू करने के लिए एक व्यक्ति को बुलाया। रेस्क्यू के लिए जब लोग छज्जे पर चढ़े तो देखा कि उल्लू जैसे दिखने वाले 4 पक्षी बैठे हैं।पक्षी को देखने के लिए लोग दूर-दूर से पहुंचने लगे है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग की टीम को भी सूचना दी, लेकिन अभी तक कोई अधिकारी नहीं पहुंचे हैं। लोगों की माने तो यह दुर्लभ प्रजाति का कोई पक्षी है, लेकिन इसकी पहचान नहीं हो पा रही है।

## मंदिर में दान हुए लाखों रुपए का नोट बर्बाद




**मुजफ्फरपुर ।** उत्तर बिहार का देवघर कहे जाने वाले मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर के दान पेटी को सात महीने के बाद आज शनिवार को खोला गया है। दानपेटी खुलने के बाद जो तस्वीर सामने आई है वो बेहद चौंकाने वाली थी। दरअसल, दानपेटी में लाखों के नोट सड़ गल गए हैं। सुबह से ही जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की निगरानी में पैसों की गिनती हो रही हैं। वहीं लाखों के नोट बर्बाद होने से मंदिर के पुजारी नाराज हैं। बारिश और जलाभिषेक के कारण नोट खराब होने की आशंका जताई जा रही है।आज मंदिर में धार्मिक न्यास समिति की बैठक भी हुई। जिसमें कई मुद्दों पर गहनता से चर्चा हुई। मंदिर के पुजारियों ने कहा कि मंदिर परिसर में ही संस्कृत की पढ़ाई शुरू होनी चाहिए। पहले भी इस बिंदु पर चर्चा

## करमचट डैम की खूबसूरती डल झील से कम नहीं







**कैमूर।** नए साल पर कैमूर का करमचट डैम पूरी तरह से तैयार हो चुका है। यहां की नदियां, पहाड़ की खूबसूरती के साथ जलाशय में वोटिंग को लेकर काफी संख्या में प्रतिदिन लोग आ रहे हैं। ऐसे तो औसतन प्रतिदिन 600 से 700 लोग वोटिंग कर लेते हैं, लेकिन छुट्टी के दिनों में यह आंकड़ा 1000 के पार चला जाता है। इस बार नव वर्ष में लाखों लोगों के करमचट डैम पर जुटने की संभावना जताई जा रही है।वन विभाग पूरी तरह से तैयारी कर चुका है। सुरक्षा को लेकर नव वर्ष में स्थानीय प्रशासन के साथ टीम और स्थानीय गोताखोर की भी मौजूदगी रहेगी। लोग वोटिंग का लुत्फ उठाने के लिए कश्मीर के डल झील का रुख करते हैं, लेकिन करमचट डैम किसी डल झील से कम नहीं है। यहां पर बिहार ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों के भी लोग वोटिंग का लुत्फ उठाने के लिए आते हैं।वोटिंग के लिए वन विभाग द्वारा दुर्गावती जलाशय में तीन नाव रखी गई है। पहली नाव में 10 लोगों के बैठने का क्षमता है, दूसरे में 12 और तीसरे में 25 लोग एक साथ बैठकर नौका बिहार का आनंद उठा सकते हैं। यहां प्रति व्यक्ति किराया 50 रुपए रखा गया है, जो 15 मिनट तक दुर्गावती जलाशय में वोटिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।कैमूर डीएफओ चंचल प्रकाशसम ने बताया कि दुर्गावती जलाशय में पिछले साल से वोटिंग शुरू हुई है। पिछले नव साल में काफी पर्यटक आए थे। इस बार भी लाखों की संख्या में पर्यटक आएंगे, लेकिन सबसे ज्यादा पर्यटकों की भीड़ नौका विहार की तरफ रहती है।

# 'झांकी' से उपजा विवाद

अरविंद केजरीवाल और केंद्र सरकार के मध्य विवाद कभी सुलझते नहीं। एक सुलझता है, तो दूसरा खड़ा हो जाता है। विवाद भी ऐसे, जिन्हें जानकर या सुनकर कोई भी इंसान थोड़ी देर के लिए अचरज में पड़ जाए। ऐसा ही एक नया विवाद इस वक्त दिल्ली में खड़ा हो चुका है। केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच ह्यझांकीह्ण को लेकर तनातनी हो गयी है। विवाद दरअसल ये है कि आगामी गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी को इंडिया गेट पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय परेड में दिल्ली की ह्यझांकीह्ण को अनुमति नहीं मिली है। परेड समिति ने दिल्ली की झांकी को रिजेक्ट कर दिया है। कारण बताया है कि परेड के माध्यम से केजरीवाल राजनीति करना चाहते हैं। अपने कामों का प्रचार चाहते हैं। वैसे, केंद्र और केजरीवाल के बीच कई मसलों पर विवाद हैं लेकिन उन्हें छोड़ कर सियासी खींचतान ह्यझांकियोंह्ण तक पहुंच गई है। गणतंत्र दिवस परेड में किस प्रदेश की झांकी को शामिल करना और किसे नहीं, ये निर्णय हो चुका है। आम आदमी पार्टी शासित प्रदेश इसमें शामिल नहीं हैं। यह सूचना जबसे केजरीवाल को मिली है, वह तमतमाए हुए हैं। वैसे, उनका नाराज होना स्वाभाविक भी है। आखिर उनकी झांकी को ऐन वक्त पर रिजेक्ट जो कर दिया। केजरीवाल की तरफ से कहा जा रहा है कि झांकी की तैयारी बीते सितंबर माह से चल रही थी। इस बार दिल्ली सरकार की योजना थी कि शिक्षा और स्वास्थ्य के मॉडल को झांकी के जरिए प्रस्तुत कर न सिर्फ भारत बल्कि समूची दुनिया को दिखाएंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति समारोह के मेहमान हैं, वो भी देखेंगे। लेकिन केंद्र ने केजरीवाल की मंशा पर पानी फेर दिया है। बहरहाल, झांकियों को शामिल करने की एक प्रक्रिया होती है। राज्यों की तरफ से कुछ माह पहले प्रस्ताव केंद्र को भेजे जाते हैं जिसमें दिल्ली सरकार को थोड़ी देरी हुई। यही कारण है कि रक्षा मंत्रालय की स्क्रीनिंग कमेटी ने इस साल गणतंत्र दिवस परेड-2024 के लिए दिल्ली की झांकी को शामिल नहीं किया। यह लगातार तीसरा गणतंत्र दिवस होगा, जब दिल्ली की झांकी देश के मुख्य समारोह का हिस्सा नहीं होगी। इससे पहले वर्ष-2021 में दिल्ली की झांकी गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हुई थी। तब, चांदनी चौक में किए गए री-डवलपमेंट की थीम पर आधारित झांकी निकाली गई थी। लेकिन इस बार केजरीवाल अपने राजनीतिक मॉडल की प्रस्तुति चाहते थे। विवाद यहीं से आरंभ हुआ। समिति ने उनके समक्ष प्रस्ताव रखा था कि दिल्ली अपनी संस्कृति की छवि झांकी के माध्यम से पेश कर सकती है, पर केजरीवाल अपनी जिद पर अड़े रहे। तब, हार कर समिति ने निर्णय लिया। लेकिन ये विवाद अब राजनीतिक मुद्दा बन गया है जो शायद जल्द शांत न हो। वहीं, दिल्ली सरकार मानती है कि अमृतकाल का दौर चल रहा है इसलिए उन्होंने 26 जनवरी पर ह्यविकसित भारतह्ण की थीम पर आधारित झांकी का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था, जिसमें दिल्ली के विकास की नई तस्वीर पेश होती। झांकी में दिल्ली के नए सरकारी स्कूलों, अस्पतालों और मुहल्ला क्लीनिक मॉडल को दशार्ना था, जिसने राजधानी को एक नई पहचान दिलाई है। पर, केंद्र सरकार की स्क्रीनिंग कमेटी को यह थीम बिल्कुल नहीं जंची और रिजेक्ट कर दिया।

# मुसीबतों से उपजी मायूसी

एक ऐसी दुनिया में जहां श्रमिकों की आवाजाही पाबंदियों से भरी है, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं कि अपने गृहक्षेत्र में मुसीबत के मारे लोग अपनी यात्राओं के दौरान बेशुमार जोखिमों के बावजूद विकसित देशों में मौके तलाश रहे हैं। फ्रांस के एक हवाई अड्डे पर रोके गये 303 भारतीयों को जबरन लौटाये जाने का हालिया प्रकरण इसका एक और उदाहरण हो सकता है। इससे भी बुरा, यह मानव तस्करी का मामला हो सकता है। इनमें से 20 लोगों ने फ्रांस में शरण मांगी, जबकि बाकी मंगलवार को मुंबई लौट आये। हालांकि, अब यह भलीभांति ज्ञात है कि अमेरिका के कस्टम विभाग और सीमा सुरक्षा के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर 2022 और इस साल सितंबर के बीच तकरीबन 1,00,000 भारतीयों ने अमेरिका में घुसने की कोशिश की। यह इससे पहले के साल के मुकाबले पांच गुना है, जो एक खतरे की घंटी है। इनमें से आधे से ज्यादा लोगों ने भारी सुरक्षा वाली मेक्सिको की सीमा से घुसने की कोशिश की और बाकी लोगों ने कम रखवाली वाली कनाडा की सीमा से प्रयास किये। अमेरिका में घुसने के लिए खतरनाक रास्ता अपनाने वाले भारतीयों की संख्या बढ़ने की बात तब सामने आयी जब जून 2019 में पंजाब की एक छह-वर्षीय लड़की एरिजोना रेगिस्तान में मृत पायी गयी। यह कोविड-19 महामारी से नौ महीने पहले की बात है। इसने ट्रंप प्रशासन को यू.एस. कोड के विरले ही उपयोग में आने वाले टाइटल 42 का इस्तेमाल करने पर मजबूर किया जो सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा है। इसने बॉर्डर एजेंसियों को शक्ति दी कि वे शरण मांगने वालों को प्रवेश न करने दें, वह भी बिना किसी सुनवाई के। कोविड-19 वाले वर्षों के बीतने और बाइडेन प्रशासन के सत्ता में आने के बाद, प्रवासन की ऐसी कोशिशें फिर से लगातार बढ़ने लगीं। अमेरिका में अवैध प्रवासी बनने मात्र के लिए भारतीय बेशुमार मुश्किलें सहने को तैयार हैं। यह बताता है कि या तो वे हताश हैं या गुमराह किये जा रहे हैं। ताजा घटना की शुरूआती रिपोर्टों में भी वो जाने-पहचाने लक्षण मौजूद हैं जो ऐसे मामलों में सामने आते रहे हैं -हवाई यात्रियों में अधिकतर संख्या पंजाब, हरियाणा और गुजरात के पुरुषों की थी; लगभग एक दर्जन ऐसे नाबालिग थे जिनके साथ कोई नहीं था। कुछ सिखों ने ऐसे प्रवासन का तात्कालिक कारण कथित धार्मिक उत्पीड़न बताया, जबकि अन्य ने खेती में संकट का हवाला दिया।

# प्रचेता पुत्र ब्रह्मर्षि वाल्मीकि

ANALYSIS

✍ संजय तिवारी

जगज्जननी भूमिजा सीता जी के चरित्र और गुणों के साथ राम के जीवन पर रामायण की रचना सृष्टि को उनकी देन है। ऐसे आदिकवि के बड़ी सटीक और वास्तविक जानकारी बहुत आवश्यक है। सृष्टिकर्ता ब्रह्मा जी के पुत्र प्रचेता के पुत्र महर्षि वाल्मीकि जी रामायण के प्रसिद्ध रचयिता हैं जो आदिकवि के रूप में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने देववाणी में रामायण की रचना की। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रची रामायण वाल्मीकि रामायण कहलाई। रामायण एक महाकाव्य है जो कि श्रीराम के जीवन के माध्यम से हमें जीवन के सत्य व कर्तव्य से, परिचित करवाता है। आदिकवि शब्द 'आदि' और 'कवि' के मेल से बना है। 'आदि' का अर्थ होता है 'प्रथम' और 'कवि' का अर्थ होता है 'काव्य का रचयिता'। वाल्मीकि ने संस्कृत के प्रथम महाकाव्य की रचना की थी जो रामायण के नाम से प्रसिद्ध है। प्रथम संस्कृत महाकाव्य की रचना करने के कारण वाल्मीकि आदिकवि कहलाये।महर्षि वाल्मीकि आदिकवि हैं। वाल्मिकी जी के पिता का नाम प्रचेता है। ब्रह्मपुत्र वरुण जी का ही यह दूसरा नाम है। वाल्मीकि जी ने 24000 श्लोकों में श्रीराम उपाख्यान रामायण की रचना की । ऐसा वर्णन है कि- एक बार वाल्मीकि क्रौंच पक्षी के एक जोड़े को निहार रहे थे। वह जोड़ा प्रेमालाप में लीन था, तभी उन्होंने देखा कि बहेलिये ने प्रेम-मग्न क्रौंच (सारस) पक्षी के जोड़े में से नर पक्षी का वध कर दिया।

ब्रह्मर्षि वाल्मीकि त्रिकाल दर्शी हैं। सतयुग, द्वापर और त्रेता तीनों युगों में उनकी उपस्थिति के शास्त्रीय प्रमाण हैं। जगज्जननी भूमिजा सीता जी के चरित्र और गुणों के साथ राम के जीवन पर रामायण की रचना सृष्टि को उनकी देन है। ऐसे आदिकवि के बड़ी सटीक और वास्तविक जानकारी बहुत आवश्यक है। सृष्टिकर्ता ब्रह्मा जी के पुत्र प्रचेता के पुत्र महर्षि वाल्मीकि जी रामायण के प्रसिद्ध रचयिता हैं जो आदिकवि के रूप में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने देववाणी में रामायण की रचना की। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रची रामायण वाल्मीकि रामायण कहलाई। रामायण एक महाकाव्य है जो कि श्रीराम के जीवन के माध्यम से हमें जीवन के सत्य व कर्तव्य से, परिचित करवाता है। आदिकवि शब्द 'आदि' और 'कवि' के मेल से बना है। 'आदि' का अर्थ होता है 'प्रथम' और 'कवि' का अर्थ होता है 'काव्य का रचयिता'। वाल्मीकि ने संस्कृत के प्रथम महाकाव्य की रचना की थी जो रामायण के नाम से प्रसिद्ध है। प्रथम संस्कृत महाकाव्य की रचना करने के कारण वाल्मीकि आदिकवि कहलाये।महर्षि वाल्मीकि आदिकवि हैं। वाल्मिकी जी के पिता का नाम प्रचेता है। ब्रह्मपुत्र वरुण जी का ही यह दूसरा नाम है। वाल्मीकि जी ने 24000 श्लोकों में श्रीराम उपाख्यान रामायण की रचना की । ऐसा वर्णन है कि- एक बार वाल्मीकि क्रौंच पक्षी के एक जोड़े को निहार रहे थे। वह जोड़ा प्रेमालाप में लीन था, तभी उन्होंने देखा कि बहेलिये ने प्रेम-मग्न क्रौंच (सारस) पक्षी के जोड़े में से नर पक्षी का वध कर दिया। इस पर मादा पक्षी विलाप करने लगी। उसके विलाप को सुनकर वाल्मीकि की करुणा जाग उठी और द्रवित अवस्था में उनके मुख से स्वतः ही यह श्लोक फूट पड़ा।

***मा निषाद प्रतिष्ठां त्वंगमः शाश्वतीः समाः।***
***यत्क्रौंचमिथुनादेकं वधीः काममोहितम्॥***

(अर्थः हे दुष्ट, तुमने प्रेम में मग्न क्रौंच पक्षी को मारा है। जा तुझे कभी भी प्रतिष्ठा की प्राप्ति नहीं हो पायेगी और तुझे भी वियोग झेलना पड़ेगा।)

उसके बाद उन्होंने प्रसिद्ध महाकाव्य रामायण (जिसे वाल्मीकि रामायण के नाम से भी जाना जाता है) की रचना की और आदिकवि वाल्मीकि के नाम से अमर हो गये। अपने महाकाव्य रामायण में उन्होंने अनेक घटनाओं के समय सूर्य, चंद्र तथा अन्य नक्षत्र की स्थितियों का वर्णन किया है। इससे ज्ञात होता है कि वे ज्योतिष विद्या एवं खगोल विद्या के भी प्रकाण्ड ज्ञानी थे। महर्षि वाल्मीकि जी ने पवित्र ग्रंथ रामायण की रचना की परंतु वे आदिराम से अनभिज्ञ रहे।

***राम राम सब जगत बखाने***
***आदि राम कोइ बिरला जाने।।***

अपने वनवास काल के दौरान भगवान श्रीराम वाल्मीकि के आश्रम में भी गये थे। भगवान वाल्मीकि को श्रीराम के जीवन में घटित प्रत्येक घटना का पूर्ण ज्ञान था। सतयुग, त्रेता और द्वापर तीनों कालों में वाल्मीकि का उल्लेख मिलता है इसलिए भगवान वाल्मीकि को सृष्टिकर्ता भी कहते हैं, रामचरितमानस के अनुसार जब श्रीराम वाल्मीकि आश्रम आए थे तो आदिकवि वाल्मीकि के चरणों में दण्डवत प्रणाम करने के लिए वे जमीन पर डंडे की भांति लेट गए थे और उनके मुख से निकला था।

***तुम त्रिकालदर्शी मुनिनाथा,***
***विस्व बदर जिमि तुमरे हाथा।***

(अर्थात आप तीनों लोकों को जानने वाले स्वयं प्रभु हैं। ये संसार आपके हाथ में एक बैर के समान प्रतीत होता है।)

सृष्टि के आदि कवि और श्रीमद रामायण के रचयिता ब्रह्मर्षि वाल्मीकि कोई चोर अथवा डाकू नहीं है। हमारे आदि कवि वास्तव में ब्रह्मर्षि प्रचेता के पुत्र हैं। वरुण देव का ही एक नाम प्रचेता भी है । वाल्मीकि जी इन्ही के दसवें पुत्र हैं। इन्होने अयोध्या के दक्षिण तमसा नदी के तट पर अपना आश्रम स्थापित किया था। प्रभु श्रीराम ने जब सीता जी को वनवास दिया तब वह इन्ही वाल्मीकि जी के आश्रम में आ कर रही थी। श्रीमद रामायण में ही वाल्मीकि जी ने अपना पूरा परिचय लिखा है। जब वह सीता जी को लेकर राम के दरबार में पहुचाते हैं तब वह स्वयं कहते है कि राम , आपकी सीता उतनी ही पवित्र है जितना आपकी अपेक्षा है। मैंने अपने जीवन में न तो कभी झूठ बोला है और ना ही किसी प्रकार का कोई गलत कार्य किया है। ऐसे में यदि सीता में कोई भी दोष हो तो वह सारा पाप मुझे लग जाय। स्वयं पर इतना आत्मविश्वास करने वाले वाल्मीकि जी कि बात पर प्रभु श्री राम भी चकित हैं। वाल्मीकि जी लव, कुश और सीता जी को लेकर श्रीराम के पास आये हैं। यहाँ वह अपना परिचय भी देते हैं कि मैं प्रचेता का दसवां पुत्र वाल्मीकि हूँ। अब यह स्वयं प्रमाण है कि रामायण के रचयिता वाल्मीकि कभी डाकू नहीं थे। इस प्रसंग को जगतगुरु स्वामी राघवाचार्य जी महाराज ने भी विस्तार से अनेक अवसरों पर व्याख्यायित किया है। वास्तव में वाल्मीकि जी के संदर्भ में सनातन द्रोहियों ने बहुत गंभीर साजिश रची। मैकाले के अनौरस सन्तान वामपंथियों ने महर्षि वाल्मीकि को किरात, भील, मल्लाह तक बना डाला मिथ्या प्रचार कर लोगों में भ्रम उत्पन्न किया है जबकि यह असत्य और शास्त्र विरुद्ध है। महर्षि वाल्मीकि को हमारे शास्त्रों में आदिकवि बताया गया है। महर्षि वाल्मीकि श्रीमद्वाल्मीकिरामायण में अपना परिचय देते हुए कहते हैं कि मैं भृगुकुल वंश उत्पन्न ब्राह्मण हूँ-

***सन्निबद्धं हि श्लोकानां***
***चतुर्विंशत्सहस्रकम्।***
***उपाख्यानशतं चैव***
***भार्गवेण तपस्विना।।***

इस महाकाव्य में इलोपख्यान 24 सहस्त्र श्लोक है और सौ उपाख्यान है जिसे भृगुवंशीय महर्षि वाल्मीकि जी ने ही रचा है । महाभारत में भी वाल्मीकि को भार्गव (भृगुकुलोद्भव ) कहा गया है और यही रामायण के रचनाकार है।

***श्लोकद्वयं पुरा गीतं भार्गवेण महात्मना।***
***आख्याते राजचरिते नृपतिं प्रति भारत।।***

शिवपुराण में भी कहा गया है कि वे भार्गवकुलोतपन्न थे भार्गववंश में लोहजङ्घ नामक ब्राह्मण थे उन्ही का दूसरा नाम ऋक्ष था ब्राह्मण हो कर भी अन्य काम करते थे और श्रीनारद जी की सद्प्रेरणा पुनः तप के द्वारा महर्षि हो गये। इसके अलावा विष्णुपुराण में भी इन्हें भृगुकुलोद्भव ऋक्ष हुए जो वाल्मीकि कहलाये।

***ऋक्षोऽभूद्भार्गवस्तस्माद्***
***वाल्मीकिर्योऽभिधीयते ।***
***(विष्णु पुराण ३/३/१८)***

श्रीमदवाल्मीकि रामायण में वाल्मीकि अपना परिचय देते हुए कहते हैं-

***प्रचेतसो ऽहं दशमः पुत्रो राघवनन्दन ।।***

मैं प्रचेतस का दसवां पुत्र वाल्मीकि हूँ।

ब्रह्मवैवर्त पुराण में कहा गया है-

***कति कल्पान्तरेऽतीते***
***स्त्रष्टुः सृष्टि विधौ पुनः।।***
***यः पुत्रश्चेतसो धातुर्बभूव मुनिपुंगवः ।।***
***तेन प्रचेता इति च नाम चक्रे पितामहः।।***

अर्थात कल्पनान्तरो के बीतने पर सृष्टा के नवीन सृष्टि विधान में ब्रह्मा के चेतस से जो पुत्र उतपन्न हुआ उसे ही ब्रह्मा के प्रकृष्ट चित से उतपन्न होने के कारण प्रचेता कहा गया। इसलिए ब्रह्मा के चेत से उत्पन्न दस पुत्रों में वाल्मीकि प्रचेतस प्रसिद्ध हुए। मनुस्मृति में वर्णन है ब्रह्मा जी ने प्रचेता आदि दस पुत्र उत्पन्न किये।

***अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु***
***तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम्।***
***पतीन्प्रजानां असृजं***
***महर्षीर्नादितो दश ।।***
***मरीचिं अत्र्यङ्गिरसौ***
***पुलस्त्यं पुलहं क्रतुम्।***
***प्रचेतसं वसिष्ठं च***
***भृगुं नारदं एव च।।***

यह शास्त्र प्रमाणित है कि महर्षि वाल्मीकि जी जन्म से ब्राह्मण थे और भृगुवंश में उत्पन्न हुए थे। लोकापवाद के कारण श्रीराम ने सीताजी को वाल्मीकि के आश्रम के पास छोड़ा था। वाल्मीकि इस कारण श्रीराम पर नाराज थे। ऐसे ही कुछ दिन बीते। एक शाम वे नदी के किनारे संध्या-वंदन कर रहे थे। एक शिकारी ने पास के पेड़ पर प्रणयमग्न क्रौंच पक्षी के जोड़े को निशाना बनाया। क्रौंची तीर लगने के कारण नीचे गिर गई। उसको देखते ही ऋषि व्याकुल हो गये। इतने में क्रौंची के शोक में क्रौंच भी प्रेमवश उस पर गिर पड़ा और मर गया। ऋषि का हृदय टूक-टूक हो गया। एकाएक उनके मुख से करुणावश शिकारी के लिए यह शाप निकाला-

***मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमागमः शाश्वतीः समाः।***
***यत्क्रौंच मिथुनादेकमवधीः काम मोहितम्॥***

शोक ही श्लोक रूप में प्रकट हुआ। (1.2.81)।

**लेखक, भारत संस्कृति न्यास के अध्यक्ष हैं।**

# अपराधों से जूझती आधी आबादी

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभर कर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि सरकार महिला सशक्तिकरण का कितना भी दावा करे, वास्तविकता यही है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में कोई सुधार नहीं आया है। उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है। दूसरे राज्यों के मुकाबले उत्तरप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सर्वाधिक प्राथमिकी दर्ज हुई हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध में दिल्ली लगातार तीसरे साल 19 महानगरों में सबसे आगे है। सभी राजनीतिक दल चुनावों में घोषणा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे महिलाओं की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। महिलाओं के प्रति अपराधों पर एनसीआरबी के आंकड़ों से साफ पता चलता है कि महिलाएं स्वयं को कहीं भी सहज और सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो। विडंबना है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपित निकले। इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 फीसदी क्रूरता, 19.2 फीसदी अपहरण, 18.7 फीसदी बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसदी बलात्कार करने के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में बलात्कार के कुल 31,516 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 5399 मामले राजस्थान, 3690 मामले उत्तरप्रदेश, 3029 मध्यप्रदेश, 2904 महाराष्ट्र और 1787 मामले हरियाणा में दर्ज किए गए। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में देश की राजधानी दिल्ली सबसे आगे है, जहां 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14247 मामले दर्ज किए गए। दिल्ली और राजस्थान जहां महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित राज्य हैं, वहीं दहेज के लिए जान लेने वालों में पहले स्थान पर उत्तरप्रदेश और दूसरे पर बिहार है। उत्तरप्रदेश में दहेज के लिए 2138 और बिहार में 1057 महिलाओं की हत्या कर दी गई, जबकि मध्यप्रदेश में 518, राजस्थान में 451 और दिल्ली में 131 महिलाओं की हत्या दहेज के लिए की गई। ह्यएनसीआरबीह्ण के अनुसार प्रति एक लाख जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसदी से बढ़ कर 2022 में 66 फीसदी हो गई, जिसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48,755 मामले दर्ज किए गए। ये 2021 के 43,414 मामलों की तुलना में 12.3 फीसदी ज्यादा हैं। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तमाम दावों, वादों और नारों के बाद भी आखिर देश में ऐसे अपराधों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? कितनी चिंतनीय स्थिति है कि जिस भारतीय संस्कृति में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है, वही नारी घर में भी सुरक्षित नहीं है। परिजनों के हाथों घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, झूठी शान के लिए हत्या, बलात्कार और सहजीवन में जान गंवाने के मामले में स्थिति काफी दयनीय है। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि महिलाएं न परिवार में, न आस-पड़ोस में और न ही बाहर के वातावरण में खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग के आंकड़े देखें तो 2023 के 19 सितंबर तक ही महिलाओं के खिलाफ अपराध की कुल 20,693 शिकायतें मिलीं, जिनके इस वर्ष के अंत तक बढ़ने की संभावना है। वर्ष 2022 में आयोग को 30,957 शिकायतें मिली थीं, जो 2014 के बाद सर्वाधिक थी। वर्ष 2014 में 30,906 और 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 30 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली थी। आयोग ने तेजाब हमले, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध, दहेज हत्या, यौन शोषण और दुष्कर्म जैसी कुल 24 श्रेणियों में शिकायत दर्ज की। सर्वाधिक शिकायतें गरिमा के साथ जीने के अधिकार को लेकर दर्ज की गई, उसके बाद घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी और बलात्कार की शिकायतें हैं। दिल्ली में निर्भया कांड के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम कसने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए, उससे लगा था कि समाज में संवेदनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्त्वों के हौसले पस्त होंगे, पर शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले सामने न आते हों। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैर-जिम्मेदाराना रवैया दिखता है। यह निश्चित रूप से कानून-व्यवस्था और पुलिस-प्रशासन की उदासीनता का ही नतीजा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों में शायद ही कभी खौफ दिखता हो। कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी-दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों, छेड़छाड़, मयार्दा हनन या फिर अपहरण, क्रूरता, आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है। कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्त्वों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



पिछले 9 वर्षों में भारत में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। राममय अयोध्या धाम में आज विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर गर्व की अनुभूति हो रही है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



पूर्व की सरकार में सरकारी स्कूलों में ताले लगाये जाते थे। आपकी झारखण्डी सरकार में सरकारी स्कूलों को उत्कृष्ट बनाकर बच्चों को बेहतर शिक्षा के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। यही है युवा झारखण्ड के बढ़ते कदम।

**(सीएम हेमंत सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**



भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक, इसरो के संस्थापक, महान वैज्ञानिक डॉ. विक्रम साराभाई की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# विजयकांत के निधन के बाद क्या होगा डीएमडीके का भविष्य?

तमिलनाडु में एक चर्चा बहुत जोरों से चल रही है कि अब तमिल नेता एवं अभिनेता विजयकांत के निधन के बाद उनकी पार्टी डीएमडीके का क्या होगा। 14 सितंबर, 2005 को डीएमडीके की मदुरै में लॉन्चिंग होने के 18 साल बाद विजयकांत की देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम (डीएमडीके) एक कठिन चुनौती की स्थिति में आ गई है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या डीएमडीके, जिसे कभी दो प्रमुख द्रविड़ दिग्गजों - द्रमुक और अन्नाद्रमुक - के विकल्प के रूप में देखा जाता था, अब वह विजयकांत के बाद अपने अस्तित्व में रहेगी या नहीं? राजनीतिक पंडितों का कहना है कि उत्तर तब तक उत्साहजनक नहीं लगता, जब तक कि विजयकांत की पत्नी और नई डीएमडीके महासचिव प्रेमलता विजयकांत कोई निर्णय नहीं कर लेतीं। जिस पार्टी ने 2006 के विधानसभा चुनाव में 8.3% वोट शेयर के साथ राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को चौंका दिया था, उसकी स्थिति इतनी खराब हो गई कि 2021 के विधानसभा चुनाव में उसे 0.5% से भी कम वोट मिले। हालांकि, कम हिस्सेदारी के होते हुए डीएमडीके केवल 60 सीटों पर चुनाव लड़ा था जो उसके गिरती हुई लोकप्रियता को दशार्ती है। कहा जा रहा है कि जब एक अभिनेता से नेता बना व्यक्ति परिदृश्य से गायब हो जाता है तो उसके प्रशंसक उसकी यादों को अपने मन में संजोये रहते हैं। हालांकि यह जरूरी नहीं कि उनके राजनीतिक दल के कार्यकर्ता, जो संस्थापक के करिश्मे के कारण एक साथ आए हों, वही उत्तराधिकारी के लिए चुनौती हों। डीएमडीके के वोट का आधार केवल एक वर्ग प्रशंसकों से बना था। दूसरे वर्ग में वे मतदाता शामिल थे, जो मौजूदा हालात में बदलाव के इच्छुक थे। डीएमडीके के एक पूर्व विधायक के अनुसार, "जब उन्हें लगता है कि पार्टी कमजोर हो रही है तो वे किसी अन्य पार्टी को वोट देते हैं।" हालांकि प्रेमलता की राजनीतिक कुशलता पर राय बंटी हुई है, लेकिन पदाधिकारी उन्हें एक साहसी महिला के रूप में देखते हैं जिसके पास प्रशासनिक क्षमताएं हैं। मध्य टीएन के एक वरिष्ठ जिला पदाधिकारी का कहना है कि कैप्टन पार्टी को एक कंपनी की तरह नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह चलाते थे। कैडरों के एक बड़े वर्ग को अपने प्रिय नेता के स्थान पर प्रेमलता, उनके भाई एलके सुधीश या बेटे विजया प्रभाकरन को देखना मुश्किल लगता है। डीएमडीके अब न केवल नेतृत्व संकट से जूझ रही है बल्कि उसके पास सक्षम कमांडरों की भी कमी है। पनरुति एस रामचंद्रन, के पांडियाराजन और वीसी चंद्रकुमार जैसे कई नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। जब उन्होंने पार्टी छोड़ी तो विजयकांत को कोई आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि उन्हें पता था कि उनके प्रशंसक से कैडर ऐसे नेताओं के त्याग के बावजूद उनके प्रति वफादार रहेंगे। लेकिन तटस्थ मतदाताओं के लिए जिन्होंने डीएमडीके का समर्थन इस उम्मीद में किया था कि पार्टी डीएमके और एआईएडीएमके के लिए एक विकल्प पेश करेगी, इस तरह के त्याग ने विश्वास को खत्म कर दिया। पनरुति एस रामचंद्रन जो आठ साल तक डीएमडीके प्रेसीडियम के अध्यक्ष थे, डीएमडीके के भविष्य को लेकर आशंकित हैं। रामचंद्रन का कहना है कि अब डीएमडीके अप्रासंगिक होती जा रही है और प्रेमलता के लिए पार्टी बनाना एक कठिन काम होगा। प्रेमलता और उनके बेटे विजया प्रभाकरन के लिए विजयकांत के बिना पार्टी कार्यकताओं को एकजुट रखना और पार्टी को मजबूत करना एक कठिन चुनौती होगी।

# कोहरे का कहर

उत्तर भारत के एक बड़े इलाके में शीत और घने कोहरे का आलम है। सामान्य जनजीवन पर गहरा असर पड़ा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, उत्तर भारतीय राज्यों में आने वाले दिनों में भी ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग ने यात्रियों से वाहन चलाते समय या परिवहन के किसी भी साधन का उपयोग करते समय सावधान रहने के लिए कहा है। बहुत जरूरी न होने पर कुछ दिन यात्रा को टालने में ही भलाई है। हवाई अड्डों पर यातायात प्रभावित हुआ है। अनेक रेलगाड़ियों को रद्द करने की नौबत आ गई है और सड़कों पर दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। प्रतिदिन 50 से ज्यादा उड़ानों की दिशा मोड़नी पड़ रही है, कुछ उड़ानों को रद्द भी करना पड़ा है। खासकर उत्तर प्रदेश में शीतलहर की स्थिति है और कोहरे की मोटी परत जमी हुई है, धूप के दर्शन दुर्लभ हैं। सबसे दुखद यह कि 30 से ज्यादा मौतें हुई हैं। उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। कुछ इलाकों में बारिश का भी अनुमान है, जिससे कोहरे में कमी आएगी, पर ठंड में वृद्धि होगी। जहां उत्तर प्रदेश में ठंड का कहर जारी है, वहीं बिहार में ज्यादातर जगह अभी भी ठंड का इंतजार है। यहां कुछ ही इलाकों में कोहरा पड़ा है। बिहार में कुछ जगहों पर बारिश का भी अनुमान है, जिससे ठंड जरूर बढ़ जाएगी। कुल मिलाकर, इस बार शीतकाल कुछ देर से आया लगता है। आमतौर पर बिहार में दिसंबर में इतना तापमान नहीं रहता था, इस बार पारे का न गिरना आगे चिंता की वजह बन सकता है। क्या इसे जलवायु परिवर्तन से जोड़कर देखा जा रहा है? क्या बिहार में पर्यावरण की पर्याप्त चिंता की जा रही है? गौर करने की बात है कि बिहार के अनेक शहर प्रदूषण से लगातार पीड़ित रहे हैं, तो समाधान किस स्थिति में है?

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

THE PHOTON NEWS
07 www.thephotonnews.com
Sunday, 31 December 2023

# व्यक्तिगत ऋणों के वितरण में वृद्धि दर नवंबर में घटी: आरबीआई

मुंबई ।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से कर्ज के लिए दंडात्मक जोखिम भार लगाने के बीच नए व्यक्तिगत ऋणों को वितरित करने में वृद्धि दर नवंबर में कम होकर 18.6 प्रे तिशत रह गई। पिछले वर्ष की समान अवधि में व्यक्तिगत ऋण खंड की वृद्धि दर 19.9 प्रतिशत रही थी। आरबीआई ने नवंबर के लिए बैंक कर्ज के क्षेत्रवार आवंटन पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि व्यक्तिगत ऋण आवंटन में सुस्ती की वजह आवास खंड में नए ऋण वृद्धि में आई सुस्ती भी जिम्मेदार है। आंकड़ों के अनुसार संयुक्त रूप से नवंबर के आखिर में नए व्यक्तिगत ऋण वितरण 50,56,524 करोड़ रुपये था, जबकि पिछले साल समान अवधि में यह 41,80,838 करोड़ रुपये था। हालांकि इस साल नवंबर महीने की व्यक्तिगत ऋण आवंटन वृद्धि गिरकर 18.6 प्रतिशत हो गई, जबकि नवंबर, 2022 में यह 19.9 प्रतिशत दर्ज की गई थी। नवीनतम आंकड़ों में 41 बैंकों द्वारा दिए गए ऋण शामिल हैं। आरबीआई आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अभी तक व्यक्तिगत ऋण में 20.9 प्रतिशत वृद्धि हुई है। कुल राशि में से उद्योग क्षेत्र को ऋण की वृद्धि नवंबर 2023 में सालाना आधार पर 6.1 प्रतिशत घटकर 36,00,876 करोड़ रुपये हो गई। प्रमुख उद्योगों में बुनियादी धातु और धातु उत्पादों, खाद्य प्रसंस्करण और वस्त्रों के लिए ऋण की वृद्धि में तेजी आई, जबकि सभी इंजीनियरिंग, रसायन व रसायन उत्पादों और बुनियादी ढांचे को ऋण आवंटन दर में गिरावट आई है। हालांकि समीक्षाधीन महीने में कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण की वृद्धि दर 18.2 प्रतिशत हो गई, जो पिछले साल 14 प्रतिशत थी।

इस साल नवंबर में सेवा क्षेत्र को ऋण 21.9 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले यह 21.3 प्रतिशत था।





# व्यापार समझौते से बढ़ा ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात

नई दिल्ली ।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात 14 फीसदी की बढोतरी के साथ 5.8 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इंजीनियरिंग, औषधि एवं इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन से निर्यात बढ़ा है। वाणिज्य विभाग के एक अे धिकारी ने कहा कि पिछले साल 29 दिसंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच लागू किए गए अंतरिम मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के कारोबारों को मुनाफा हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा व्यापार समझौते को व्यापक समझौते में बदलने के लिए बातचीत आगे बढ़ रही है। हमें उम्मीद है कि जनवरी में मूल स्थान के नियमों पर कुछ बातचीत होगी। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हमें विभिन्न उत्पादों के संबंध में नियमों पर चर्चा करनी है और इसमें समय लगता है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश तीन-चार करोड़ डॉलर के सालाना औसत से बढ़कर इस साल 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया।



# यूपीआई ब्लॉक सुविधा के लिए निवेशकों को करना होगा इंतजार




मुंबई ।

निवेशकों को यूपीआई ब्लॉक सुविधा के लिए इंतजार करना पड़ सकता है जबकि बाजार नियामक ने इसे प्रभावी बनाने के लिए 1 जनवरी, 2024 की तारीख तय की है। कई ब्रोकरेज फर्मों ने कहा कि इसके क्रियान्वयन में उन्हें कुछ महीने का वक्त लग सकता है। निवेशक इस सुविधा के लिए तभी पंजीकरण करा पाएंगे जब स्टॉक ब्रोकर ने भी यूपीआई ब्लॉक सु विधा का विकल्प चुना होगा। यह सुविधा शुरू में सिर्फ इक्विटी कैश सेगमेंट ही उपलब्ध होगी। सूत्रों के मुताबिक 15 अग्रणी स्टॉक ब्रोकरों को पात्र स्टॉक ब्रोकरों (क्यूएसबी) के तौर पर पारिभाषित किया गया है, लेकिन सिर्फ ग्रो व एचडीएफसी सिक्योरिटीज ही 1 जनवरी से द्वि तीयक बाजार के लिए ब्लॉक सु विधा लागू कर सकती हैं। इस बीच अन्य ब्रोकर इसे मार्च के आखिर तक ग्राहकों को देने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन (एनपीसीआई) ने कहा कि बीटा लांच की सुविधा ग्रो के ब्रोकरेज ऐप के अलावा भीम, येस पे नेक्स्ट के यूपीआई ऐप पर मिलेगी। शुरू में एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहक यह सुविधा पाने में सक्षम होंगे।

इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, एचएसबीसी, आईसीआईसीआई बैंक और येस बैंक क्लियरिंग कॉरपोरेशन व एक्सचेंजों के लिए प्रायोजक बैंक के तौर पर काम कर रहे हैं। एनपीसीआई ने कहा कि अन्य हितधारक जैसे जीरोधा जैसे स्टॉक ब्रोकर, ऐक्सिस बैंक व येस बैंक और यूपीआई सक्षम ऐप जैसे पेटीएम व फोनपे आदि सर्टिफिकेशन के चरण में हैं और जल्द ही बीटा की पेशकश में भागीदारी करेंगे।

# माइक्रोसॉफ्ट की वित्तीय हालत सुधरी.......

## स्टीव बाल्मर को होगी छप्परफाड़ कमाई

मुंबई ।

दुनिया की आईटी दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट की वित्तीय हालात में सुधार देखने को मिला है। सुधार के बाद कंपनी ने बड़ा फैसला लिया है, अब माइक्रोसॉफ्ट एक तिमाही के लिए 75 फीसदी प्रति शेयर डिविडेंड का भुगतान करने जा रही है। यह सालाना 3 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब दिया जाएगा। इस हिसाब से स्टीव बाल्मर को करीब एक अरब डॉलर यानी 8313 करोड़ रुपये का डिविडेंड मिलेगा। फोर्ब्स के मुताबिक, स्टीव बाल्मर दुनिया के 10वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। ये 2000 से 2014 तक माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ रहे थे। हालांकि मौजूदा समय में माइक्रोसॉफ्ट में बाल्मर का कोई योगदान नहीं है। बाल्मर स्टैनफोर्ड के एमबीए प्रोग्राम को छोड़ने के बाद वह 1980 में कर्मचारी के तौर पर माइक्रोसॉफ्ट में शामिल हुए थे। पहली डॉट-कॉम दुर्घटना के बाद बाल्मर ने माइक्रोसॉफ्ट को सीईओ बने और 2014 में वह माइक्रोसॉफ्ट से रिटायर हुए। इसके बाद उन्होंने एनबीए के लॉस एंजिल्स क्लिपर्स को 2 बिलियन डॉलर में खरीदा लिया। माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व सीईओ स्टीव बाल्मर के पास माइक्रोसॉफ्ट के 333.2 अरब डॉलर के माइक्रॉसॉफ्ट शेयर हैं। यह कंपनी में 4 फीसदी हिस्सेदारी के बराबर है। माइक्रोसॉफ्ट से रिटायर होने के बाद पहली बार बाले मर ने अपने शेयरों का खुलासा किया था। 4 फीसदी हिस्सेदारी की वजह से उन्हें 1 अरब डॉलर का डिविडेंड मिलेगा। बाल्मर को ये डिविडेंड मिलने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मंजूरी का इंतजार है। अगर बोर्ड कोई कटौती नहीं करती है, तब पूर्व सीईओ के पोर्टफोलियो में एक अरब डॉलर का डिविडेंड शामिल होगा। इसके साथ ही बाल्मर को 20 फीसदी के दर से 200 मिलियन डॉलर का टैक्स भी देना होगा। गौरतलब है कि 003 के बाद से लगातार माइक्रोसॉफ्ट के डिविडेंड भुगतान में इजाफा ही देखा गया है।

### बाल्मर के पास कुल कितनी संपत्ति

बाल्मर ग्रुप के को-फाउंडर स्टीव बाल्मर की संपत्ति ब्लूमबर्ग बिलियनॉयर्स इंडेक्स के नवंबर 2023 के मुताबिक 122 बिलियन डॉलर है और ये दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति हैं। बता दें कि माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स ने स्टीव बाल्मर को 1980 में हायर किया था। 2014 में सत्य नडेला को सीईओ बनाया गया।

# टेस्ला जनवरी में कर सकती है भारत में प्रवेश की घोषणा

## - गुजरात में बनेगा एलन मस्क की टेस्ला का पहला प्लांट




नई दिल्ली ।

देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में तेजी देखी जा रही है। वर्तमान में भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 2.4 फीसदी है लेकिन अब भारत में टेस्ला का प्रवेश होने जा रहा है। गुजरात में टेस्ला कंपनी प्लांट लगाएगी। ईवी निर्माता अपना प्लांट लगाने के लिए सरकार के साथ जमीन के लिए बातचीत कर रही है। टेस्ला के प्लांट की सानंद में लगने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टेस्ला का जहां प्लांट लग सकता है, वहां पर टाटा मोटर्स जैसे कार निर्माता पहले से हैं। ऐसे में टेस्ला के लिए भारत में कारोबार चुनौतिपूर्ण हो सकता है। गुजरात में अन्य भारतीय कार निर्माताओं जैसे मारुति सुजुकी और एमजी मोटर के भी प्लांट हैं। इधर, गुजरात सरकार का कहना है कि एलान मस्क गुजरात आएंगे तो उनका भी पूरा सहयोग सरकार की ओर से मिलेगा। हालांकि अभी इस पर बातचीत जारी है और कुछ दिनों में इस पर ऐलान हो सकता है। उन्होंने कहा कि गुजरात में फोर्ड और टाटा के भी प्लांट हैं, जिन्हें राज्य की ओर से पूरा सहयोग दिया जा रहा है। हाल ही में केंद्र सरकार ने बताया था कि देश में ईवी के आयात पर टैक्स में छूट देने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा रहा। टेस्ला ने देश में अपनी इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री शुरू करने के लिए सरकार से आयात शुल्क में छूट देने की मांग की थी। टेस्ला ने सरकार से ईवी पर 40 प्रतिशत का आयात शुल्क टैक्स लगाने का निवेदन किया था। देश में आयात किए जाने वाले वाहनों पर 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक का टैक्स है।

# राजकोषीय घाटा नौ लाख करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली ।** सरकार का राजकोषीय घाटा नवंबर आखिर तक पूरे साल के बजट अनुमान का 50.7 फीसदी हो गया है। रुपए में यह 9.06 लाख करोड़ है। सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक 2022-23 की समान अवधि में यह 58.9 फीसदी था। सरकार ने 2023-24 के लिए 17.86 लाख करोड़ के राजकोषीय घाटे का अनुमान लगाया है। यह जीडीपी के अनुपात में 5.9 फीसदी होगा। सरकार का लक्ष्य 2025-26 तक इसे घटाकर 4.5 फीसदी पर लाना है। सरकार को नवंबर तक कुल 17.4 लाख करोड़ का राजस्व मिला है, जो बजट अनुमान का 64.3 फीसदी है। इसमें 14.35 लाख करोड़ रुपए शुद्ध रूप से कर राजस्व है। 2.84 लाख करोड़ रुपए गैर-कर राजस्व है और 25,463 करोड़ रुपए अन्य मदों से है। आंकड़ों के मुताबिक, सरकार ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर के बीच कुल 26.52 लाख करोड़ रुपए खर्च किया है। यह 2023-24 के बजट अनुमान का 58.9 फीसदी है। कुल खर्च में से 20.66 लाख करोड़ रुपए राजस्व खातों पर और 5.85 लाख करोड़ रुपए पूंजी खातों पर खर्च हुए हैं।




# एआई अयोध्या से बेंगलुरू, कोलकाता के बीच सीधी उड़ानें शुरू करेगी

**नई दिल्ली ।** एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस ने कहा कि वह 17 जनवरी से अयोध्या को बेंगलुरु और कोलकाता से जोड़ने वाली सीधी उड़ानें शुरू करेगी। एयरलाइन ने इस महीने की शुरुआत में अयोध्या और दिल्ली के बीच सीधी उड़ान शुरू करने की भी घोषणा की थी। एआई एक्सप्रेस ने एक बयान में कहा कि बेंगलुरु-अयोध्या और कोलकाता-अयोध्या मार्ग पर उड़ानें 17 जनवरी को शुरू की जाएंगी। बयान के मुताबिक एयरलाइन शनिवार को अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उदघाटन कर` दिया है। एआई एक्सप्रेस के एक वे रिष्ठ अधिकारी ने कहा` कि हमारे नेटवर्क में महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में बेंगलुरु और कोलकाता अयोध्या के प्रवेश द्वार के रूप में काम करेंगे। इससे दक्षिण भारत और पूर्वी भारत के तीर्थयात्रियों को सीधे यहां आने की सुविधा मिलेगी।

# साल 2023 में 10 फीसदी कम हुई कच्चे तेल की कीमतें

**नई दिल्ली ।** साल 2023 ने क्रूड ऑयल में बड़ा उतार-चढ़ाव देखा है। इस साल कच्चा तेल जबरदस्त गिरावट पर रहा है और साल के आखिर तक भी नकारात्मक ही बना हुआ है। इस साल क्रूड की कीमतों में 10 फीसदी की गिरावट आई। ब्रेंट 78 और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 के करीब चल रहा है। साल की ऊंचाई से भाव 20 फीसदी नीचे आया है। 28 सितंबर को ब्रेंट 97 के ऊपर तक पहुंचा था। अगले साल की शुरुआत के लिए भी कीमतों में गिरावट का ही अनुमान है। एक ब्रोकरेज फर्म ने क्रूड पर अनुमान 10 फीसदी घटा दिया है। अगले साल के लिए 70-90 की रेंज में क्रूड के रहने की संभावना जताई गई है। उन्होने कहा है कि पहली तिमाही में क्रूड 80 के करीब रह सकता है और दूसरी छमाही में 90 प्रति बैरल संभव है।

# नवंबर में प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों की वृद्धि दर छह महीने के निचले स्तर पर

नई दिल्ली । कच्चे तेल और सीमेंट क्षेत्रों का उत्पादन कम होने से आठ प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों की वृद्धि दर नवंबर में छह महीने के निचले स्तर 7.8 प्रतिशत पर आ गई। हाल ही में जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों की वृद्धि दर अक्टूबर में 12 प्रतिशत रही थी। हालांकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 5.7 प्रतिशत था। इस साल नवंबर में कच्चे तेल और सीमेंट को छोड़कर बाकी सभी क्षेत्रों के उत्पादन की वृद्धि दर में सुधार हुआ। समीक्षाधीन अवधि में कोयला और रिफाइनरी क्षेत्र का उत्पादन दहाई अंकों में बढ़ा। प्राकृतिक गैस उत्पादन 7.6 प्रतिशत जबकि रिफाइनरी उत्पादन 12.4 प्रतिशत की दर से बढ़ा। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा` कि नवंबर 2022 की तुलना में नवंबर 2023 में सीमेंट उत्पादन 3.6 प्रतिशत कम हो गया। इसी तरह कच्चे तेल का उत्पादन नवंबर 2022 की तुलना में 0.4 प्रतिशत घट गया। ये आंकड़े इस लिहाज से महत्वपूर्ण हैं कि आठ प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत हिस्सा है। चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों अप्रैल-नवंबर में प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों का उत्पादन 8.6 प्रतिशत बढ़ा है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 8.1 प्रतिशत था।



# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 महीने के रेकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली ।

देश का विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार में बढ़ोतरी होने से 22 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार छठे सप्ताह चढ़कर 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 620.44 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 9.11 अरब डॉलर बढ़कर 615.97 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.7 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 549.75 अरब डॉलर हो गयी। वहीं इस अवधि में स्वर्ण भंडार 10.2 करोड़ डॉलर की कमी के साथ 47.5 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 40 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.33 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 12.9 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 4.9 अरब डॉलर पर आ गई। अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। इस तरह 620 अरब डॉलर के मौजूदा स्तर पर विदेशी मुद्रा भंडार अपने शिखर से सिर्फ 25 अरब डॉलर दूर है। पिछले साल से दुनियाभर में हुई घटनाक्रम के चलते पैदा हुए दबाव के बीच आरबीआई ने रुपये को समर्थन देने के लिए बड़े पैमाने पर विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल किया था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के मुताबिक इस साल विदेशी मुद्रा भंडार में 57.634 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 22 दिसंबर को खत्म सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.898 अरब डॉलर बढ़कर 549.747 अरब डॉलर हो गईं।

# बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी रही

मुंबई ।

बीता सप्ताह शेयर बाजारों के लिए केवल चार कारोबारी दिनों वाला रहा। क्रिसमस पर्व के अवसर पर सोमवार 25 दिसंबर के अवसर पर शेयर बाजार में कारोबार नहीं हुआ और बाजार की शुरुआत मंगलवार को हुई। बीते सप्ताह मंगलवार, बुधवार, गुरुवार को शेयर बाजार में तेजी देखी गई लेकिन शुक्रवार को निवेशकों के सतर्क रुख के बीच साल के आखिरी कारोबारी शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई।

बीते सप्ताह के चार कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों के उम्मीद से कम रहने से फेडरल रिजर्व की ओर से अगले साल ब्याज दरों में कटौती किए जाने की अटकलों के बीच मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ खुले। बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स 84 अंक की बढ़त के साथ 71,191 अंक पर खुला और 229.84 अंकों की बढ़त के साथ 71,336.80 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का वहीं एनएसई निफ्टी 28 अंकों की तेजी के साथ 21,377 पर खुला और 91.95 अंकों की बढ़त के साथ 21,441.35 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भी हरे निशान पर कारोबार की शुरुआत हुई।

बीएसई सेंसेक्स 290.25 अंकों की बढ़त के साथ 71,627.05 पर खुला और 701.63 अंकों की बढ़त के साथ 72,038.43 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी संवेदी सूचकांक 94.16 अंकों की बढ़त के साथ 21,535.50 अंकों पर खुला और 213.41 अंक मजबूत होकर 21,654.75 के रिकॉर्ड हाई पर बंद हुआ।

गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुले। सेंसेक्स 258 अंक बढ़कर 72,297 पर खुला और 371.95 अंकों की बढ़त के साथ 72,410.38 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी 79 अंकों की तेजी के साथ 21,734 के स्तर पर खुला और 123.96 अंकों की मजबूती के साथ पहली बार 21,778.70 पर बंद हुआ। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 201 अंक की गिरावट के साथ 72,208 पर खुला और 170.12 अंक फिसल कर 72,240.26 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 61 अंकों की गिरावट के साथ 21,717 पर खुला और 47.30 अंक टूटकर 21,731.40 के स्तर पर बंद हुआ।




# शिओमी ने लांच की अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार

नई दिल्ली ।

विश्व भर में अपने स्मार्टफोन के लिए नाम कमा चुके शिओमी ने हाल ही में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार एययू7 को लांच कर दिया है। चीन की इस दिग्गज इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी ने पहली बार ऑटोमोबाइल सेक्टर में कदम रखा है। इस इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी ने अपनी वर्षों के अनुभव को कार के फीचर्स अपग्रेड करने में लगा दिए हैं। श्यओमी के सीईओ ने कहा है कि यह कार ग्राहकों की इच्छा को पूरी तरीके से पूरा करने के लिए बनाई गई है। इसका लुक और फीचर्स दोनों ही बहुत ही जबरदस्त है। यह ऐसी कार है जो टेस्ला मॉडल एसको कंपटीशन देने वाली है। इसे दो कंफीग्रेशन के साथ लांच किया गया है। इसके एंट्री लेवल वेरिएंट में 73.6 किलोवाट आवर का लिथियम आयन बैट्री पैक मिलता है और टॉप वैरियंट में 101 किलोवाट आवर का बैट्री पैक दिया गया है। यह इलेक्ट्रिक कर फुल चार्ज होने के बाद 800 किलोमीटर तक का चलती है। कंपनी की योजना2024 के आखिरी तक वी8 नाम के एक वेरिएंट को लांच करेगी।



# आईटीआर भरने का 31 दिसंबर तक आखिरी मौका आयकर विभाग

नई दिल्ली ।

आयकर विभाग ने ऐसे करदाताओं के लिए अलर्ट जारी किया है जो लोग वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए 31 जुलाई 2023 तक अपना इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल नहीं कर पाए हैं, वे 31 दिसंबर तब विलंब शुल्क के साथ आईटीआर फाइल कर सकते हैं। यह उनके लिए आखिरी मौका है। इसके अलावा आईटीआर आपके मूल आईटीआर में गलती हो गई है तो उसे सुधारने का भी आखिरी मौका है। रिवाइज्ड आईटीआर को इनकम टैक्स के सेक्शन 139(5) के तहत फाइल किया जा सकता है। पिछले दिनों आयकर विभाग ने टैक्सपेयर्स को रिवाइज्ड आईटीआर फाइल करने के लिए सलाह दी थी। यदि कोई करदाता विलंबित आईटीआर भी दाखिल करने में विफल रहता है, तो उसे कुछ प्रतिकूल परिणाम का सामना करना पड़ सकता है। आयकर विभाग के अनुसार, नुकसान को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है, धारा 234ए के तहत ब्याज और धारा 234एफ के तहत शुल्क लगाया जाएगा, करदाता धारा 10ए और 10बी के तहत छूट का भी हकदार नहीं होगा। धारा 234एफ में 5,000 रुपये या छोटे करदाताओं के लिए 1,000 रुपये का जुर्माना अनिवार्य है और लंबित आयकर भुगतान पर धारा 234ए के तहत 1 प्रतिशत प्रति माह दंडात्मक ब्याज लागू है।



# कहीं गायब न हो जाएं... पोलर बियर

दोस्तों, पोलर बियर बर्फ की सफेद चादर में रहना पसंद करते हैं। अगर कभी बर्फ का तूफान आ जाए तो ये अपनी मम्मी के साथ बर्फ की गुफाओं में जा छिपते हैं। पिछले कुछ सालों में इनकी संख्या तेजी से कम हुई है। इस बार हम तुम्हें बता रहे हैं पोलर बियर से जुड़ी कई मजेदार बातें...



कुछ साल पहले पोलर बियर ने वैज्ञानिकों को खूब छकाया था। दरअसल, वैज्ञानिकों की एक टीम इनकी गिनती करने निकली थी, लेकिन न जाने इन्हें कैसे पता चला और ये गुफा से बाहर ही नहीं निकले। कितने दिन बीत गए, वैज्ञानिक हैरान-परेशान थे। बर्फ में इनका पता लगाना काफी मुश्किल था। तब वैज्ञानिकों ने इंफ्रारेड कैमरे से इनकी गिनती की योजना बनाई, पर ये भालू 'मिस्टर इंडिया' से कम नहीं। इंफ्रारेड रोशनी में तो ये बिल्कुल ही अदृश्य से हो गए। वैज्ञानिक बस उनकी आंखें और नाक देख सकते थे, पर पूरा भालू देखने में असमर्थ रहे। हालांकि बाद में इनकी गिनती का काम पूरा किया गया। लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि ऐसा सच में हो सकता है कि कुछ समय बाद पोलर बियर कहीं दिखें ही नहीं। दरअसल, इनकी संख्या काफी तेजी से कम हो रही है। चलो पहले ये जानते हैं कि ये होते कैसे हैं-

## कहां से आए ये...

साक्ष्यों को देखते हुए ऐसा माना जाता है कि वैज्ञानिक नाम उर्सूस मार्टीमस यानी पोलर बियर की उत्पत्ति पांच मिलियन वर्ष पहले हुई थी और इनके पूर्वज ब्राउन बियर थे। पोलर बियर मुख्य रूप से आर्कटिक महासागर और इस तरह के बर्फीले क्षेत्रों में पाए जाते हैं।

## किन देशों में मिलते हैं...

भालुओं की यह प्रजाति लगभग 20 हजार साल से धरती के सबसे विषम स्थिति वाले क्षेत्रों में पाई जाती है, अमेरिका के अलास्का, कनाडा, रूस, ग्रीनलैंड और नार्वे में।

## बर्फ की गुफाओं में बचपन

तीन महीने की उम्र में ये गुफा में रहना छोड़ देते हैं और अपनी मां के साथ बर्फ में रहना सीखते हैं। हां, तेज तूफान में ये मां के साथ बर्फ की गुफाओं में छिप जाते हैं। इनके बच्चे प्रतिदिन 12 मील की दूरी तय करते हैं। इनके बच्चे ढाई वर्ष तक अपनी मां के साथ ही रहते हैं, ताकि ये शिकार करना सीख लें।





## कितने वजनदार हैं ये

एक नर पोलर बियर का वजन लगभग 775 से 1200 पाउंड यानी 350 से 680 किलोग्राम होता है, जबकि मादा का वजन 500 से 600 पाउंड यानी 227 किलो से 272 किलोग्राम होता है। दूसरे शब्दों में मादा का वजन नर के मुकाबले करीब आधे से भी कम होता है। इनके नवजात का वजन एक पाउंड से थोडम ज्यादा होता है। अभी पोलर बियर की संख्या 25,000 के आसपास है।

## कैसे दिखते हैं...

अधिकतर समय समुद्र में बिताने वाले इन भालुओं की जीभ का रंग नीला होता है। हमारे तो 32 दांत होते हैं, पर इनके कुल 42 दांत होते हैं। इनके शरीर पर सफेद फरों के अंदर काले फर होते हैं। इनके तलवे खुरदुरे होते हैं, जिससे ये बर्फ पर फिसलते नहीं, बल्कि आसानी से चलते हैं। इनकी त्वचा काली होती है और बाल रंगहीन होते हैं, लेकिन इनके बाल रोशनी को रिफ्लेक्ट यानी परावर्तित करते हैं, जिससे ये सफेद कोट की तरह दिखते हैं।

## काफी सफाई पसंद होते हैं...

ये काफी सफाई पसंद होते हैं। खाने के बाद तैर कर ये अपने शरीर को साफ कर लेते हैं या बर्फ में लुढ़क कर भी गंदगी साफ करते हैं।

## अच्छे तैराक भी...

अपने लैटिन नाम समुद्री भालू या सी बियर के अनुसार सच में ये काफी अच्छे तैराक होते हैं। एक घंटे में 6 मील की दूरी आसानी से तैर कर पार कर लेते हैं। तैरने में तो इतने माहिर होते हैं कि ओलंपिक विजेता तैराकों को भी शर्मिंदा कर दें। ये 100 मील की दूरी तक बिना रुके एक बार में तैराकी कर सकते हैं, यानी एक घंटे में 6 मील।

## गंध लेने में माहिर हैं ये...

एक किलोमीटर की दूरी पर ये सील को उसकी महक से पता लगा लेते हैं और अपनी भूख मिटाने का इंतजाम आसानी से करते हैं। अपनी सूंघने की क्षमता से ही अपने शिकार के बारे में जान जाते हैं। इनका मुख्य भोजन मछलियां, सील, ऊदबिलाव जैसे जीव होते हैं।



## ओलंपिक के लिए बने शुभंकर

कनाडा में आयोजित 1998 के शीतकालीन ओलंपिक में इन्हें शुभंकर यानी मैस्कट के लिए चुना गया था।

## खतरे में हैं ये जीव


पोलर बियर की औसत उम्र 25 साल होती है। पोलर बियर की घटती संख्या को देखते हुए अब कई देश इसके शिकार पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। कनाडा तो पोलर बियर पर टिकट भी जारी कर चुका है। शिकार के अलावा इन्हें सबसे ज्यादा खतरा ग्लोबल वार्मिंग से है, क्योंकि इस वजह से आर्कटिक क्षेत्र में बर्फ तेजी से पिघल रही है और जब बर्फ ही नहीं रहेगी तो वहां रहने वाले जीव कब तक रह पाएंगे। पर्यावरणविदों व मौजूदा हालात इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि पृथ्वी से कुछ समय में इस अत्यंत दुर्लभ प्राणी का अस्तित्व पूरी तरह खत्म होने वाला है। एक रिपोर्ट के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग अगर मौजूदा स्तर से ही बढ़ती रही तो अगले 100 साल में दुनिया में एक भी पोलर बियर नहीं बचेगा। इनकी 19 प्रकार की जातियों में से आठ की संख्या गंभीर तौर पर गिर रही है और ये संकटग्रस्त हो चुकी हैं।

## खत्म हो रहा इनका भोजन

पोलर बियर को दुनिया का सबसे बड़ा मांसभक्षी जानवर माना जाता है। इस दुर्लभ होते जा रहे जीव के लिए सीलों की घटती संख्या को भी खतरा माना जा रहा है। ये भालू अपने भोजन के लिए सिर्फ सील पर निर्भर होते हैं। समुद्र में अब सीलों की संख्या भी लगातार घट रही है। जब इन्हें खाने को नहीं मिलेगा, तो वह कब तक जीवित रह पाएंगे। समुद्र में फैले जहरीले पदार्थों से भी खतरा पैदा हो रहा है। इसके अलावा आर्कटिक क्षेत्र में बढ़ती मानवीय गतिविधियां भी इनके प्राकृतिक निवास को प्रदूषित कर रही हैं।

## इंटरनेशनल पोलर बियर डे

27 फरवरी को इंटरनेशनल पोलर बियर डे घोषित किया गया है। यह ईवेंट लोगों में जागरुकता जगाने के लिए आयोजित किया गया है, क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से इन पर खतरा है। इनके आवास के साथ-साथ इनका भोजन भी छिन रहा है। पिघलती बर्फ जहां इन्हें बेघर कर रही है, तो समुद्री जीवों की कम होती संख्या से इनका आहार भी कम होता जा रहा है। इन मासूम जीवों को जीवित रखने के लिए हमें ही कुछ उपाय करना होगा, ताकि जलवायु पर असर न हो और बर्फ का पिघलना रुक सके।



# बड़े काम का है नन्हा 'टर्मिस'

दीमक के मिलजुल कर बड़े-बड़े टीले खड़े कर देने की कला से सीख लेते हुए, अमेरिकी वैज्ञानिकों ने उन्हीं की तरह कार्य करनेवाले नन्हें रोबोट बनाए हैं। ये रोबोट ऐसी जगहों पर बड़ी-बड़ी चीजें बना सकते हैं, जहां इंसान का भी कोई बस नहीं चलता। ये यांत्रिक जीव बड़ी-बड़ी ईंटों को उठा कर एक जगह से दूसरी जगह ले जा सकते हैं। सीढ़ियां और पिरामिड भी बना सकते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार, दीमक रोबोट बड़े काम का है और मिलजुल कर बड़े काम को भी आसानी से कर लेता है। इस नन्हें रोबोट्स को टर्मिस नाम दिया गया है। इसे बहुत कम निर्देशों की जरूरत होती है। टर्मिस को इस तरह से प्रोग्राम किया गया है कि यह अपना काम खुद करने में सक्षम है। जिस कॉन्सेप्ट पर टर्मिस को बनाया गया है, उसे स्टिगमर्जी कहते हैं। यह एक तरह की अंदरूनी व्यवस्था है, जिसमें अगर बाहरी वातावरण में कोई बदलाव आए तो उससे एक-एक कर सभी मशीनें खुद ही हरकत में आ जाती हैं।



बच्चों, गुड़िया से तुम भी खेल रहे हो, तुम्हारी मां के पास भी थी हसीन गुड़िया, और तो और नानी-दादी के जमाने में भी लोकप्रिय था गुड्डे-गुड़ियों का खेल। बस रूप बदलता गया। नहीं विश्वास होता तो पूछो नानी या दादी से। खुश हो बखान करेंगी अपनी गुड़िया की खूबसूरती।

# गुड़िया रानी की कहानी...

गुड़िया शब्द सुनते ही आंखों के सामने सुंदर और प्यारी गुड़िया की छवि आ जाती है। तुम्हारे पास भी होंगी न डॉल्स...आंखें मटकाने वाली, बटन दबाते ही हंसने वाली, नाचने वाली...। सुलाओ तो सो जाती है, उठाओ तो उठ जाती है, चलाओ तो चल जाती है। सोचो कि उनका मूड खराब है तो उदास दिखती है, सोचो खुश है तो हंस देती है। ऐसी ही है न तुम्हारी डॉल...पर कभी सोचा कि तुम्हारे हाथों में जो चहेती गुड़िया है, ये आई कहां से? इसी गुड़िया से तुम भी खेल रहे हो, तुम्हारी मां के पास भी थी हसीन गुड़िया, और तो और नानी-दादी के जमाने में भी लोकप्रिय था गुड्डे-गुड़ियों का खेल। बस रूप बदलता गया। नहीं विश्वास होता तो पूछो नानी या दादी से। खुश हो बखान करेंगी अपनी गुड़िया की खूबसूरती।

## कब आईं डॉल्स

17वीं शताब्दी में यूरोप में बनने वाली लकड़ियों की गुड़िया बड़ी प्रसिद्ध थी, जिसे खूबसूरत रंगों से रंग कर फैशनेबल कपड़ों में सजा दिया जाता था। लेकिन 19वीं और 20वीं सदी में इनका महत्व घट गया। ये काफी सस्ती हो गईं। फिर आया पोर्सलेन डॉल्स का जमाना, जिसकी उत्पत्ति चीन में हुई। इसे बनाने के लिए सांचे का निर्माण किया गया, जिसमें इनके सिर को ढाला जाता था। बाद तक इन डॉल्स के सिरों को विभिन्न देशों में निर्यात किया जाता रहा। गुड़िया बनाने में फ्रांस भी आगे रहा है। इसके बाद 19वीं सदी में आकर फैशन डॉल्स का चलन बढ़ गया, जो आज भी तुम्हारे हाथों में है बार्बी डॉल के रूप में। बार्बी के नाम से ही तुम सबके चेहरे खिल जाते हैं। पर पता है इसका जन्म तुम्हारे जन्म से बरसों पहले हो चुका था। वर्ष 1959 में ही रुथ हैंडलर ने फैशन डॉल के रूप में बार्बी को लॉन्च किया। उस वक्त जो डॉल चलन में थीं, वे छोटे बच्चों को प्रदर्शित करती थीं। तब रुथ ने बड़ी लड़कियों की तरह एक डॉल बनाने की सोची और जर्मनी की डॉल लिली को देखकर उनके दिमाग में बार्बी का आइडिया आया। बार्बी नाम रुथ की बेटी बारबरा के नाम पर दिया गया था। इस तरह न्यूयॉर्क के अमेरिकन अंतरराष्ट्रीय खिलौनों के मेले में 9 मार्च 1959 को बार्बी लॉन्च की गई।




THE PHOTON NEWS

09 www.thephotonnews.com

Sunday, 31 December 2023

## मप्र में नए साल से शुरु होगी साइबर तहसील व्यवस्था, शाह कर सकते हैं लोकार्पण



भोपाल/नई दिल्ली। मध्य प्रदेश में नए साल से साइबर तहसील व्यवस्था की शुरुआत होने जा रही है। ये व्यवस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य की जनता को दी गई गारंटियों में से एक है। एक जनवरी को होने वाले इस लोकार्पण समारोह का आमंत्रण केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को राज्य के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिया है। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली के प्रवास के दौरान गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उनसे राज्य में साइबर तहसील व्यवस्था के लोकार्पण कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश की जनता को दी गयी संकल्प-पत्र 23 की गारंटियों की पूर्ति के लिए राज्य सरकार दृढ़ संकल्पित है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने एक जनवरी, 2024 से पूरे प्रदेश में साइबर तहसील की अवधारणा लागू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जानकारी दी कि साइबर तहसील व्यवस्था में आधुनिक तकनीक के उपयोग से बिना पृथक से आवेदन दिए पारदर्शी तरीके से रजिस्ट्री के 15 दिन की समय-सीमा में क्रेता के पक्ष में नामांतरण किया जा सकेगा और खसरा-नक्शा में भी तत्काल सुधार किया जा सकेगा। बता दें कि प्रथम चरण में इस प्रक्रिया को केवल ऐसे अविवादित प्रकरणों में लागू किया जा रहा है, जहां विक्रय पूरे खसरे का है। बाद में इसे सभी प्रकार के अविवादित नामांतरण और बँटवारे में लागू किया जाएगा।

## नए साल में दारु की नदियां, अकेले नोएडा में खुलेंगे डेढ़ हजार अस्थाई बार

नोएड। पूरे देश में नए साल के जश्न को लेकर कई तरह की तैयारियां चल रहीं है। शराब और मुर्गा पार्टी का होना आम बात है। ऐसे में शराब मिलने में कहीं कोई दिक्कत न हो, इसका भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है। यही वजह है कि अकेले नोएडा में डेढ हजार से अधिक जगहों पर अस्थाई बार खोलने की तैयारी की गई है। इनसे से एक रात में करीब 20 करोड़ की शराब बिकेगी। आबकारी विभाग के अनुसार नए साल की पूर्व संध्या पर गौतमबुद्ध नगर जिले में करीब 1500 से अधिक स्थानों पर अस्थायी बार लगेंगे और 124 बार में आधी रात के बाद तक जश्न चलेगा। एक रात में 20 करोड़ से अधिक की शराब की खपत होने का अनुमान है। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि फार्म हाउसों में होने वाली पार्टियों की जांच के लिए पुलिस द्वारा अलग से तीन टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें फार्म हाउसों की जांच करेंगी और यह देखा जाएगा कि अवैध रूप से शराब या नशे का अन्य कोई सामान न परोसा जाए। उल्लेखनीय है कि डूब क्षेत्र में दो हजार से अधिक फार्म हाउस हैं। इनमें से अधिकांश अवैध हैं। इन फार्म हाउसों में पहले भी रेव पार्टियां पकड़ी जा चुकी हैं, जहां पर बड़ी संख्या में एनसीआर के युवा आते हैं। इन फार्म हाउसों पर इस बार पुलिस-प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। आबकारी विभाग, पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की सात संयुक्त टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों के द्वारा जिले भर में चैकिंग अभियान चलाया जाएगा। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिले में किसी भी पार्टी में या ठेके पर हरियाणा या दिल्ली से लाई गई अवैध शराब की खपत न हो। नोएडा में नए साल की पूर्व संध्या पर जमकर पार्टियां आयोजित होंगी और इनमें जाम भी छलकेंगे।जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार के अनुसार अभी तक उनके पास अस्थायी बार के लाइसेंस के लिए 1200 से अधिक आवेदन आ चुके हैं और शनिवार तक इन आवेदनों की संख्या 1500 से अधिक पहुंचने की उम्मीद है। अस्थायी बार के लाइसेंस की फीस 11 हजार रुपये है।इनके अलावा जिले में 124 स्थायी बार हैं, जहां पर आधी रात के बाद तक जश्न होगा। संचालकों ने अतिरिक्त फीस देकर रात एक बजे तक बार संचालित करने का लाइसेंस लिया है। अनुमान है कि नए साल की पूर्व संध्या पर जिले में 20 करोड़ रुपये से अधिक की शराब की खपत हो जाएगी।

## कोरोना ने पकड़ी रफ्तार, देश में 700 से भी ज्यादा नए केस

नई दिल्ली । कोरोंना ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। भारत में पिछले 24 घंटे में 797 नए मामलों के दर्ज होने की जानकारी मिली है, वहीं 5 मौतें भी हो चुकी हैं। पिछले सात महीनों में सबसे अधिक दैनिक कोविड-19 संक्रमण दर्ज किया गया है। जेएन.1 वैरिएंट और ठंडे मौसम की स्थिति के कारण दैनिक मामले धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। पिछला शिखर 22 दिसंबर को 752 मामलों का था। वहीं इसके साथ ही गुरुग्राम के अस्पताल कोविड-19 उप-संस्करण जेएन.1 के लिए अलर्ट पर हैं। देश भर में बढ़ते कोविड-19 सब-वेरिएंट जेएन.1 सक्रिय मामलों को देखते हुए, गुरुग्राम प्रशासन ने सभी अस्पतालों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। गुरुग्राम में अब तक ऐसे कुल 12 मामले सामने आ चुके हैं, जबकि दो लोग संक्रमण से उबर चुके हैं। इस मामले में गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने गुरुग्राम के सभी अस्पतालों को विशेष रूप से सीओवीआईडी -19 लक्षणों वाले रोगियों के लिए अलग आइसोलेशन वार्ड स्थापित करने के निर्देश दिये है।

## घने कोहरे ने धीमी कर दी ट्रेनों की रफ्तार, कड़ाके की सर्दी ने किया बेहाल

चंदौली । इन दिनों लगातार पड़ रहे कोहरे का असर रेल यातायात पर दिख रहा है। जिसके कारण ज्यादातर ट्रेनों ने अपनी रफ्तार कम कर दी है। आलम यह है कि अपने निर्धारित समय से चलने वाली और देश की शान समझी जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों की रफ्तार भी थम गई है और यह ट्रेनें 10 घंटे की देरी से चल रही हैं। एक तरफ कड़ाके की ठंड पड़ रही है और वहीं दूसरी तरफ ट्रेनों के कई कई घंटे देरी से चलने की वजह से ट्रेनों का इंतजार करना रेल यात्रियों को काफी भारी पड़ रहा है। अगर हम दिल्ली हावड़ा रेल रूट के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों की बात करें तो नई दिल्ली हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस, नई दिल्ली सियालदह राजधानी एक्सप्रेस, नई दिल्ली पटना राजधानी एक्सप्रेस, दुरंतो एक्सप्रेस, मगध एक्सप्रेस, और ब्रह्मपुत्र मेल सहित दर्जनों की तादाद में ट्रेनें 6 घंटे से 10 घंटे की देरी से चल रही हैं। इस कड़ाके की सर्दी में पूरी रात रेल यात्रियों को ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है। अपने परिवार के साथ पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन को पकड़ने आए श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि उन लोगों को पूर्वा एक्सप्रेस से जाना है, 6:20 की ट्रेन है लेकिन अभी तक नहीं आई है। ट्रेन काफी लेट है और सर्दी में बच्चों के साथ यहां पर काफी परेशानी हो रही है। इस ट्रेन को पहले बनारस होकर आना था लेकिन डाइवर्ट कर दिया गया और हम लोग बनारस की जगह दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन ट्रेन पकड़ने के लिए आए हैं। इसी तरह परिधि नाम की एक यात्री ने बताया कि अभी हम वो पूर्वा एक्सप्रेस का इंतजार कर रहे हैं। वो लोग जब वृंदावन से बनारस आ रहे थे, तो वह ट्रेन भी काफी लेट हो गई थी। हम लोगों को सुबह 10 बजे बनारस पहुंचना था, लेकिन वह ट्रेन रात के 11 बजे बनारस पहुंची थी। हम लोगों की तबीयत भी खराब है तो सर्दी में बहुत ज्यादा मुश्किल हो रही है।

## इंडिगो फ्लाइट में यात्री को परोसे सैंडविच में जिंदा कीड़ा मिला

नई दिल्ली । महिला यात्री ने सोशल मीडिया पर इंडिगो फ्लाइट में अपना दु:खद अनुभव साझा कर भोजन की गुणवत्ता को लेकर कंपनी की आलोचना की।

दिल्ली की आहार विशेषज्ञ खुशबू गुप्ता ने वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें दिखाया गया है कि 29 दिसंबर की सुबह दिल्ली से मुंबई की इंडिगो उड़ान के दौरान खरीदे गए वेज सैंडविच में उन्हें एक जीवित कीड़ा मिला। खुशबू ने अपना असंतोष व्यक्त कर यात्री सुरक्षा तथा कल्याण के प्रति एयरलाइन की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया। खुशबू ने अपनी चिंता व्यक्त की, यह जानने के बावजूद कि सैंडविच की गुणवत्ता अच्छी नहीं थी... फ्लाइट अटेंडेंट ने अन्य यात्रियों को सैंडविच परोसना जारी रखा। वहां बच्चे, बुजुर्ग और अन्य यात्री थे... अगर किसी को संक्रमण हो गया तब क्या होगा?

खुशबू ने दावा किया कि इंडिगो फ्लाइट अटेंडेंट को कीड़ा मिलने की सूचना देने के बावजूद उसकी प्रतिक्रिया ऐसी थी जैसे कोई बड़ी बात नहीं है। इस बीच, एयरलाइन ने बयान में कहा कि चालक दल ने संबंधित विशिष्ट सैंडविच की सेवा तुरंत बंद कर दी है। एयरलाइन प्रवक्ता ने कहा, हम दिल्ली से मुंबई की उड़ान 6ई 6107 पर अपने अनुभव के संबंध में हमारे एक ग्राहक द्वारा उठाई गई चिंता से अवगत हैं। हम बोर्ड पर खाद्य और पेय सेवा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता पर जोर देना चाहते हैं।

# नड्डा ने श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिलों को याद कर डाक टिकट जारी किया

### जाफना का दौरा करने वाले पीएम मोदी पहले प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने श्रीलंका में विस्थापित भारतीय मूल के तमिलों द्वारा वर्षों तक किए गए संघर्षों को याद कर कहा है कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत ने एक नई आशावादी और सकारात्मक यात्रा शुरू की।

नड्डा ने कहा कि वर्ष 2017 में, नरेंद्र मोदी जाफना का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने और उन्हें पक्के मकान देने का वादा किया, वादे को पूरा भी किया और तभी हमारे लोगों को श्रीलंका में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला।

नड्डा ने श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिलों के 200 साल पूरे होने की स्मृति में डाक टिकट जारी कर कहा कि यह बहुत बड़े ऐतिहासिक अवसर और खुशी की बात है कि आज, हम वर्ष 1823 को याद कर रहे हैं और इस भारतीय मूल के तमिलों के डाक टिकट के साथ मना रहे हैं, जो 200 साल पहले श्रीलंका गए थे।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने अपने फायदे के लिए हमारे तमिल लोगों के श्रीलंका में प्रवास को प्रोत्साहित किया। इसने विस्थापित लोगों को वहां के खेतों में काम करवाकर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के ब्रिटिशर्स के उद्देश्य को पूरा किया। लेकिन, विस्थापित भारतीय मूल के तमिलों ने वहां वर्षों तक संघर्ष किया। नड्डा ने श्रीलंका के आजाद होने के बाद वहां भारतीय मूल के तमिल लोगों द्वारा किए गए संघर्ष को याद कर कहा कि आज हमें खुश और आशावादी रहना चाहिए, लेकिन, हमें अपने पूर्वजों द्वारा सहे गए इतिहास और दर्द को नहीं भूलना चाहिए। यही आधार है, जिसने हमें आज श्रीलंका में गौरवान्वित भारतीय मूल के तमिलों के रूप में खड़े होने की ताकत दी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी निरंतरता में विश्वास करते हैं और श्रीलंका के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। संकट के समय श्रीलंका को दी गई कई मदद का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह चाहते हैं कि भारत-श्रीलंका के संबंधों में प्रगाढ़ता बनी रहनी चाहिए, अधिक मजबूती आनी चाहिए। लेकिन, इसी के साथ वह यह भी चाहते हैं कि वहां रह रहे भारतीय मूल के तमिलों को भी यह भरोसा रहे कि भारत उनके साथ मजबूती से खड़ा है और मदद के लिए हमेशा तैयार है।



## भारत सरकार ने लखबीर सिंह लांडा को घोषित किया आतंकी, पाकिस्तान से भेजता है हथियार

नई दिल्ली। भारत सरकार ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के नेता और गैंगस्टर लखबीर सिंह लांडा को आतंकवादी घोषित कर दिया है। उस पर पा?किस्तान से ह?थियार भेजने का आरोप है। सरकार ने गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम के तहत यह फैसला लिया गया? है। मूल? रूप से पंजाब के तरनतारन जिले का रहने वाला लांडा वर्तमान में कनाडा के एडमोंटन, अल्बर्टा में रहता है। खालिस्तान समर्थक गतिविधियों में उसकी बड़ी संलिप्तता रही है जिसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए में उसके खिलाफ जांच शुरू की थी। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी कर इस फैसले की जानकारी दी है। इस अधिसूचना के अनुसार, लांडा पाकिस्तान से भारत में तस्करी किए जाने वाले हथियारों और आईईडी डिवाइसों का मुख्य सूत्रधार है। उसके खिलाफ एनआईए ने कई मामले पहले से दर्ज किए हैं। जानकारी के अनुसार लांडा नौ मई 2022 को पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय पर हुए रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) हमले का भी मास्टरमाइंड है। उसके खिलाफ पंजाब पुलिस और एनआईए ने केस दर्ज किया है। हालांकि कनाडा में उसके छिपे होने की वजह से उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। लांडा कनाडा के खालिस्तान समर्थक तत्वों (पीकेई) के साथ भी जुड़ा हुआ है। पंजाब पुलिस के अनुसार, लांडा पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सीमा पार से विभिन्न मॉड्यूलों को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), हथियार, विस्फोटकों की आपूर्ति करता है। पंजाब के साथ-साथ वह देश के विभिन्न हिस्सों में भी आंतकी मॉड्यूल को खड़ा करता है। जबरन वसूली, हत्याएं, ब्लास्ट, नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी करना शामिल है। लांडा के खिलाफ 2021 में लुक आउट सर्कुलर जारी करते हुए एनआईए ने 10 लाख का इनाम भी घोषित किया है।



# जब चाहूं जा सकता, उद्घाटन समारोह को लेकर बोले उद्धव ठाकरे- नहीं है किसी निमंत्रण की आवश्यकता

**मुंबई (एजेंसी)।** 22 जनवरी को होने वाले अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को आमंत्रित नहीं किए जाने पर राजनीतिक खींचतान के बीच, उद्धव ने शनिवार को कहा कि उन्हें निमंत्रण की आवश्यकता नहीं है। राम लला मेरे भी हैं। मैं जब चाहूं तब जा सकता हूं। अभी जा सकता हूं, कल जा सकता हूं। जब मैं मुख्यमंत्री बना तो अयोध्या गया था। उससे पहले भी मैं अयोध्या गया था। उद्धव ने कहा कि हां, मुझे कोई निमंत्रण नहीं मिला और मुझे इसकी आवश्यकता नहीं है। मेरा बस एक अनुरोध है कि इस कार्यक्रम को राजनीतिक नहीं बनाया जाना चाहिए। हालांकि इस कार्यक्रम में उद्धव को आमंत्रित नहीं किया गया है, लेकिन महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे को आमंत्रित किया गया है।

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर कटाक्ष करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि बाबरी मस्जिद को गिराने वाले आज नहीं हैं। शायद उनमें से मुट्ठी भर लोग हैं। कुछ लोग शायद स्कूल पिकनिक पर गए होंगे क्योंकि उस समय उनकी उम्र इतनी थी। फडणवीस ने कई बार उल्लेख किया कि उन्होंने कार सेवा में भाग लिया और जेल गए। भव्य आयोजन के निमंत्रण से राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है क्योंकि मंदिर प्रबंधन का इरादा आमंत्रितों की सूची छोटी रखने का था। राज्य के मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों को आमंत्रित नहीं किया गया है, लेकिन कथित तौर पर सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है।



## राम केवल हिंदुओं के नहीं पूरे विश्व के: फारूक अब्दुल्ला

### -अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम ने दी मुबारकबाद

**श्रीनगर (एजेंसी)।** अयोध्या में तैयार हुए भव्य राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर नेशनल कांफ्रेंस के नेता और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मुबारकबाद दी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि राम सिर्फ हिंदुओं के नहीं बल्कि पूरे विश्व के हैं। मी?डिया से खास बातचीत में फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि राम केवल हिंदुओं के भगवान नहीं हैं बल्कि वह पूरे विश्व के हैं। उन्होंने भाईचारे का संदेश दिया। मीडिया से बातचीत में फारूक ने कहा कि एक बात जो बहुत जरूरी है कि भगवान राम का मंदिर खुलने वाला है। मैं उन सबको जिन्होंने इसकी कोशिश की कि उनका मंदिर बने और वह तैयार हो गया है, उनको मुबारकबाद देता हूं। भगवान राम सिर्फ हिंदुओं के राम नहीं हैं बल्कि पूरे विश्व के हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि भगवान राम ने भाईचारे की बात की। उन्होंने मोहब्बत और एक दूसरे की सहायता की बात की। उन्होंने (भगवान राम) कभी भी किसी को गिराने की बात नहीं की। भले ही वह किसी मजहब, किसी जाति का हो, उसकी जुबान क्या है, यह मायने नहीं रहता। भगवान राम ने एक यूनिवर्सल मैसेज दिया है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि आज जब यह मंदिर खुलने वाला है उस भाईचारे को बनाए रखने के लिए काम करिए जो आहिस्ता आहिस्ता हमारे वतन से गायब हो रहा है। जम्मू कश्मीर में हाल ही में आतंकी घटनाओं में जवानों की शहादत पर दुख जाहिर करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने एक बार फिर पाकिस्तान से बातचीत की नसीहत दी है।

## जमीन घोटाले में सीएम सोरेन को ईडी का सातवां समन

### -बयान दर्ज न कराने पर की जाएगी कार्रवाई-ईडी

**रांची (एजेंसी)।** रांची के जमीन घोटाले में ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सातवीं बार समन भेजा है। एजेंसी ने इसे आखिरी समन बताते हुए उन्हें सात दिनों के अंदर बयान दर्ज कराने को कहा है।

सीएम को भेजे गए पत्र में ईडी ने कहा है कि वे दो दिनों के अंदर ऐसी जगह तय करके सूचित करें, जहां उनका बयान दर्ज किया जा सके। यह जगह दोनों पक्षों के लिए उपयुक्त होनी चाहिए। इसके पहले ईडी की ओर से छह बार समन जारी किए गए थे और उन्हें एजेंसी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया था। उन्हें 14 अगस्त 2023 को पहली बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इसके बाद 24 अगस्त, 9 सितंबर, 23 सितंबर, 4 अक्टूबर और 12 दिसंबर को उपस्थित होने के लिए समन भेजा गया था। सीएम इनमें से किसी समन पर हाजिर नहीं हुए। उन्होंने हर बार ईडी को लिखित जवाब भेजा और समन को अनुचित बताया। सोरेन ने ईडी के समन के खिलाफ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की, लेकिन उन्हें खास राहत नहीं मिली। सनद रहे कि रांची के बड़गाईं अचंल की जमीन से जुड़े सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ और जालसाजी के मामले की जांच के सिलसिले में ईडी सीए हेमंत सोरेन का बयान दर्ज करना चाहती है। एजेंसी द्वारा सोरेन को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि आपको छह बार समन भेजे गए, लेकिन आप एक बार भी इडी कार्यालय में हाजिर नहीं हुए। इसके लिए आपने निराधार कारण बताये। समन के आलोक में आपके हाजिर नहीं होने की वजह से मामले की जांच में अड़चन पैदा हो रही है। साथ ही जांच प्रभावित हो रही है। सातवें और आखिरी समन के बाद बयान दर्ज न कराने पर मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम सुक्खू का वादा, 2032 तक सबसे समृद्ध राज्य बनेगा हिमाचल

### -राज्य में निवेश बढ़ने के लिए लगातार काम हो रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिमला (ईएमएस)। हिमाचल प्रदेश में नकदी संकट से जूझ रही कांग्रेस सरकार ने 2022-23 में अपनी विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए 12,912 करोड़ रुपये का ऋण लिया है। इतना ही नहीं कांग्रेस सरकार ने हिमाचल को 2032 तक सबसे समृद्ध राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू का मानना है कि सरकार मजबूत इरादों वाली है और सरकार के इरादे बहुत अच्छे हैं। सुक्खू ने कहा, हम 2027 तक अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में सफल होने और 2032 तक हिमाचल प्रदेश को देश का सबसे समृद्ध राज्य बना देने वाले हैं। उनके मुताबिक, कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के एक साल में अर्थव्यवस्था में 20 फीसदी का सुधार हुआ है। सीएम सुक्खू ने कहा कि सरकारी विभागों में नौकरी के अवसर प्रदान करने के अलावा सरकार स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा दे रही है और स्टार्ट-अप संस्कृति को प्रोत्साहित कर रही है। सुक्खू ने कहा, चुनाव के प्रचार के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए वादों पर खरा उतरते हुए, हमारी सरकार ने युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के पहले चरण की शुरुआत की है। जल्द ही योजना का दूसरा और तीसरा चरण शुरू होगा, जिसका उद्देश्य अधिक स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। योजना के पहले चरण के तहत कांग्रेस सरकार युवाओं को ई-टैक्सी खरीदने पर 50 फीसदी सब्सिडी भी दे रही है और उन्हें एक निश्चित आय भी सुनिश्चित की जाएगी। सुक्खू का कहना है कि सरकार सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रही है और एक निश्चित आय का वादा कर 25 वर्षों तक उनसे बिजली खरीदेगी। मुख्यमंत्री ने इस महीने ऊना जिले के पेखुबेला में हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े 32 मेगावाट के सौर संयंत्र की आधारशिला रखी, इस फरवरी 2024 तक पूरा करने की समय सीमा तय की गई। इससे सालाना 661 लाख यूनिट बिजली पैदा होगी। हिमाचल की अर्थव्यवस्था पनबिजली, उच्च मूल्य वाले बागवानी और सब्जी उत्पादों और पर्यटन पर अत्यधिक निर्भर है।



# नीतीश की पलटूराम छवि के भरोसे एनडीए को बिहार में चमत्कार की उम्मीद

### -लालू और नीतिश साथ लड़े तब होगा नुकसान

**पटना (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिहाज से बिहार एनडीए और इंडिया गठबंधन के लिए महत्वपूर्ण है। बात दें कि मुख्यमंत्री नीतीश जिसके भी साथ जाएंगे, उसकी बिहार में बल्ले-बल्ले हो जाएगी।

वर्तमान में, नीतिश इंडिया गठबंधन के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। इस कारण भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए 2024 के लोकसभा चुनाव तक आराम नहीं कर सकता है, क्योंकि इंडिया के नेताओं की केवल एक ही योजना है कि तीन राज्यों बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड से एनडीए की 40 से 50 सीटें कम की जाएं।

2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने पश्चिम बंगाल में 18, बिहार में 17 और झारखंड में 12 सीटें जीतीं। बंगाल में टीएमसी बीजेपी का पुरजोर विरोध कर रही है। झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली जेएमएम और कांग्रेस बीजेपी से लड़ रही हैं। लेकिन,बिहार में नीतीश के पलटूराम ट्रैक रिकॉर्ड को ध्यान में रखकर बीजेपी को अभी भी उम्मीदें हैं।

भाजपा को पता है कि अगर राजद नेता लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार बिहार में एक साथ चुनाव लड़ते हैं, तब दलित, महादलित, मुस्लिम, ओबीसी और ईबीसी वोट बैंक का एक बड़ा हिस्सा उनके साथ जाएगा और वे आसानी से मुकाबला जीत सकते हैं। भाजपा को केवल ऊंची जातियां और व्यापारी समुदाय के वोट मिलेन हैं और यह उसके लिए पर्याप्त नहीं होगा।

अगर नीतीश बीजेपी के साथ जाते हैं, तब बड़ी संख्या में दलित, महादलित, मुस्लिम, ओबीसी और ईबीसी मतदाता एनडीए को वोट दे सकते हैं, और भगवा ब्रिगेड के लिए बिहार में अपनी 17 सीटें बरकरार रखना आसान होगा।


भाजपा को एहसास है कि अगर नीतीश और लालू बिहार में संयुक्त रूप से चुनाव लड़ते हैं, तब वे 2015 के विधानसभा चुनाव का अपना प्रदर्शन दोहराएंगे। इस चुनाव में राजद को 80 सीटें, जदयू को 69 और भाजपा को 59 सीटें मिली थीं।

भाजपा ने दावा किया कि इसकी तुलना में जब नीतीश कुमार बीजेपी के साथ गए थे तब उनकी पार्टी जदयू को सिर्फ 43 सीटें और बीजेपी को 74 सीटें मिली थी। उस वक्त नीतीश कुमार और जेडीयू के अन्य नेताओं ने बीजेपी पर साजिश के आरोप लगाए थे।

2024 के लोकसभा चुनाव में नीतीश इंडिया गठबंधन के साथ रहे तब बिहार में बीजेपी के खराब प्रदर्शन की आशंका है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से ललन सिंह के इस्तीफे के बाद नीतीश ने पार्टी की कमान अपने हाथों में ले ली। इससे वह खुद फैसले ले सकते हैं, और एनडीए के साथ जाने से इंकार नहीं किया जा सकता।

भाजपा के ओबीसी विंग के राष्ट्रीय महासचिव निखिल आनंद ने कहा, नीतीश कुमार एक अप्रत्याशित व्यक्ति हैं, जो आम तौर पर लोगों को आश्चर्यचकित करते हैं। अगर वे ललन सिंह को हटाकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनते तब शायद जेडीयू में फूट पड़ जाती। उन्होंने जदयू को फिलहाल टूटने से बचा लिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद वह लालू के सामने उनका मुकाबला करने के लिए खड़े हो सकते हैं। देश आश्चर्यचकित है क्योंकि नीतीश कुमार, जिन्होंने भाजपा के समर्थन से सुशासन शुरू किया था, अब लालू प्रसाद की गोद में बैठे हैं।

वहीं राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि मीडिया में चल रही सभी खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। अगर नीतीश एनडीए के साथ जाना चाहते हैं, तब जदयू में कोई भी उन्हें नहीं रोकेगा। इसलिए, ललन सिंह पर यह आरोप लगाना कि वह लालू प्रसाद यादव के करीबी हैं, सही नहीं है।



## कांगो में भारी बारिश,जमीन धसकने से 60 से ज्यादा लोगों की हुई मौत

कांगो। यहां बाढ़ और बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। मूसलाधार बारिश के कारण हुए जमीन धसकने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही पूर्वी कांगो के दक्षिण किवु इलाके में बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों का आंकड़ा 60 से अधिक हो गया है। इसके अलावा कई मकान जमींदोज हो गए हैं। लगातार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कांगो में पिछले हफ्ते भी बाढ़ और भूस्खलन के कारण लोगों की मौत हुई थी। म्वेंगा के बुरहिनी इलाके में हुए भूस्खलन से कई मकान पूरी तरह जमींदोज हो गए। इन मकानों में दबकर 20 लोगों की मौत हो गई। सरकार ने कहा कि वह प्रभावित लोगों के लिए इमरजेंसी सहायता मुहैया करा रही है और प्रभावित क्षेत्र में फंसे निवासियों को निकाल रही है।बता दें कि शुक्रवार को आई बाढ़ से देश के अन्य हिस्से भी प्रभावित हुए। इनमें राजधानी किंशासा और कसाई प्रांत के कुछ हिस्से शामिल हैं। इससे पहले मंगलवार को म्वेंगा के कामितुगा में भूस्खलन हुआ था।

## उत्तरी मैक्सिको में बंदूकधारियों के हमले में 6 लोगों की मौत

स्यूदाद ।उत्तरी मैक्सिको में तीन बंदूकधारियों ने एक पार्टी में धावा बोल दिया और पार्टी में आए लोगों पर गोलियां चला दीं, जिससे करीब छह लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। स्यूदाद ओब्रेगॉन शहर में हुए हमले में मृतकों में से दो की उम्र 18 साल से कम थी और घायलों में से पांच बच्चे थे। रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल में भर्ती लोगों में से चार की हालत गंभीर है, जबकि 13 अन्य का इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस के अनुसार, गोलीबारी की घटना एक संदिग्ध कार्टेल सदस्य पर हमला था जो हत्या और अन्य आरोपों में वांछित था। अधिकारियों ने कहा कि संदिग्ध कार्टेल सदस्य ने भागने की कोशिश की लेकिन मारा गया। पुलिस के बयानों के अनुसार, जबकि तीन हमलावर पार्टी में घुस आए, चौथा बंदूकधारी पहले से ही कार्यक्रम स्थल पर था। हमलावर भागने में सफल रहे।

## टेक्सास हादसे में मारे गए भारतीय परिवार के शव आज आ सकते हैं भारत

टेक्सास ।अमेरिकी प्रांत टेक्सास में हुए एक कार हादसे में मारे गए एक भारतीय परिवार की याद में दोस्तों और समुदाय के लोगों ने श्रद्धांजलि सभा की योजना बनाई है। इतना ही नहीं रविवार को उनके शव भारत लाने की संभावना है। हादसे में मारे गए छह लोगों के लिए सप्ताहांत में ह्यूस्टन और मेट्रो अटलांटा में शोक सभा रखी गई है, जहां लोग श्रद्धांजलि दे सकते है। अमेरिका के डलास शहर के बाहरी इलाके में 26 दिसंबर को हुए जानलेवा हमले में दो बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई है, जबकि घटना में घायल एक व्यक्ति अस्पताल में जिंदगी की लड़ाई लड़ रहा है। यह परिवार मूल रूप से आंध्र प्रदेश के अमलापुरम का रहने वाला था। ''टेक्सास में हुए हादसे में मारे गए भारतीय परिवार के सदस्यों के शव रविवार को भारत भेजे जाएंगे। इंडियन फ्रेंड्स ऑफ अटलांटा के संस्थापक और तेलुगु एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (टीएएनए) के सदस्य सुनील साविली से बात की, जो दुख की इस घड़ी में भारतीय परिवार की मदद कर रहे हैं। टीएएनए के अशोक कोल्ला के हवाले से कहा कि वे अंतिम संस्कार करने वाले संस्थानों, विमानन कंपनियों और कई वाणिज्य दूतावासों के साथ समन्वय सुनिश्चित कर रहे हैं, ताकि दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव वापस भारत उनके घर भेजे जा सकें। वहीं लोकेश की हालत गंभीर बनी हुई है, ''उसकी कई सर्जरी हुई है। वर्तमान में उनका हाथ और टखने टूट गए हैं, साथ ही उनकी गर्दन और रीढ़ की हड्डी में भी चोटें आई हैं, जिसके परिणामस्वरूप वह फिर से नहीं चल पाएंगे। इसके अलावा, हो सकता है कि उसकी दृष्टि भी चली गई हो।

## पुतिन की सेना ने 18 घंटे में यूक्रेन पर दागी 122 मिसाइल

### –इस भयावक हमले में 24 लोगों की मौत

मास्को ।यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि रूस ने सबसे भीषण हमले में यूक्रेनी ठिकानों पर 122 मिसाइल दागीं और 36 ड्रोन से बमबारी की जिसमें कम से कम 24 लोगों की मौत हुई। वायुसेना अधिकारी ने कहा कि यह 22 महीने से जारी युद्ध में सबसे बड़ा हवाई हमला है। यूक्रेन के सेना प्रमुख वलेरी जलजुनी ने कहा कि यूक्रेनी वायुसेना ने रातभर में ज्यादातर मिसाइल और ड्रोन को मार गिराया। वायुसेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने लिखा, ''यह फरवरी 2022 में रूस द्वारा पूर्ण स्तर का युद्ध शुरू किए जाने के बाद से सबसे बड़ा हवाई हमला है।'' अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार से शुरू हुए हमले में एक प्रसूति अस्पताल, अपार्टमेंट ब्लॉक और कई स्कूल नष्ट हो गए। उन्होंने कहा कि लगभग 18 घंटे तक जारी रहे हमले में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और अनेक लोग मलबे में दब गए तथा 130 अन्य घायल हुए हैं। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, पिछला सबसे बड़ा हमला नवंबर 2022 में हुआ था, जब रूस ने यूक्रेन पर 96 मिसाइल दागी थीं। इस वर्ष पहला सबसे बड़ा हमला नौ मार्च को हुआ था, जब रूस ने 81 मिसाइल दागीं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूसी सेना ने बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल सहित विभिन्न प्रकार के हथियारों का इस्तेमाल किया। उन्होंने पोस्ट में कहा, ''आज, रूस ने अपने शस्त्रागार में मौजूद लगभग हर प्रकार के अस्त्रों का इस्तेमाल किया। इस बीच, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि इस बड़े हमले से दुनिया को यूक्रेन के समर्थन में आगे की कार्रवाई के लिए एकजुट होना चाहिए। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने लिखा, ''आज लाखों यूक्रेनवासी भीषण विस्फोटों की आवाज सुनकर जाग गए।'' उन्होंने कहा, ''काश, यूक्रेन में हुए विस्फोटों की आवाज पूरी दुनिया में सुनी जा सके।

## सीरिया में हथियारों के ठिकानों पर इजरायल ने किया हमला

यरुशलम ।सीरिया में हथियारों के ठिकानों पर इजरायल ने जोरदार हमला किया है। इस मामले में इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा है कि उसने सीरिया में स्थित हथियारों के ठिकानों पर जबरदस्त हमला किया है। आईडीएफ ने शुक्रवार को टेलीग्राम पर अपने एक बयान में कहा कि उत्तरी इज़रायल में सायरन बजने के संबंध में रिपोर्ट के बाद सीरिया की ओर से दागे गए दो रॉकेट एक खुले क्षेत्र में गिरे। आईडीएफ हथियार के स्रोतों पर लगातार हमला कर रहा है। आईडीएफ ने कहा कि उसने दिन की शुरुआत में लेबनान में हिजबुल्लाह आंदोलन के बुनियादी ढांचे पर हमला किया था।

## बेलगोरोड में हुई गोलीबारी से एक की मौत, चार घायल

मास्को ।रूस के बेलगोरोड शहर में हुई भारी गोलाबारी के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसमें चार लोग घायल भी हो गए हैं। इस घटना की जानकारी देते हुए बेलगोरोड क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा ?कि घरों पर सीधा प्रहार हुआ है। इससे पहले रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी वायु रक्षा बलों ने शुक्रवार शाम को बेलगोरोड क्षेत्र में 13 रॉकेटों को नष्ट कर दिया। श्री ग्लैडकोव ने टेलीग्राम पर लिखा, एक घर पर एक गोले के सीधे प्रहार किया गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए, इसके साथ ही क्षेत्र के 10 घरों में क्षति भी दर्ज की गई। यहां के घरों की खिड़कियां टूट गईं हैं, एक घर आंशिक रूप से नष्ट हो गया। दो कारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं हैं। बेलगोरोड शहर में जल आपूर्ति प्रणाली को भारी नुकसान पहुंचा है।

## बाढ़ और भूस्खलन में 20 की और गई जान, मृतकों की संख्या पहुची 60 के पार

किंशासा ।पूर्वी कांगो के दक्षिण किवु क्षेत्र में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 20 लोगों की और मौत हो गई है। इस तरह से अब मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि कांगो में बाढ़ और भूस्खलन से होने वाली मौतों की संख्या अब 60 से अधिक हो गई है। कांगो में पिछले हफ्ते ही बाढ़ और भूस्खलन से लोगों की मौत हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को म्वेंगा क्षेत्र के बुरहिनी इलाके में हुए भूस्खलन से कई मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए। क्षेत्रीय प्रशासक वालूबिला इशिकीटिलो ने बताया, भूस्खलन से कई मकान ढह गए, जिसके परिणास्वरूप 20 लोगों की दबकर मौत हो गई। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह प्रभावित लोगों के लिए आपातकालीन सहायता मुहैया करा रही है और प्रभावित क्षेत्र में फंसे निवासियों को निकाल रही है।



यक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की सड़क पर लगे एक संकेत के पास वीडियो बनाते हुए।

## युद्धग्रस्त गाजा में रोग संक्रामक के बढ़ते खतरे को लेकर चिंतित डब्लूएचओ

### –गाजा में मृतक संख्या 21,507 पहुंची, 56 हजार घायल

जेनेवा । इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष में अब तक 21 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। इजरायल के लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार तड़के दमिश्क एयरपोर्ट और सीरिया के सैन्य ठिकानों पर बमबारी कर उन्हें नुकसान पहुंचाया है। इन हमलों में दो सैनिक घायल हुए हैं। ताजा हमलों पर इजरायल ने कोई बयान नहीं दिया है, लेकिन पूर्व में वह सीरिया में स्थित ईरानी ठिकानों पर कार्रवाई की बात कहता रहा है।

वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस अदनोम घेब्रेयेसस ने शुक्रवार को कहा कि वह गाजा पट्टी में संक्रामक रोगों के बढ़ते खतरे को लेकर बहुत चिंतित हैं।

सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि गाजा के दक्षिणी हिस्से में बड़े पैमाने पर लोग विस्थापित हो रहे हैं। कुछ परिवारों को कई बार एक जगह से दूसरे जगह पर स्थानांतरित होने के लिए मजबूर होना पड़ा और कई लोगों को भीड़ वाले स्वास्थ्य सुविधाओं की शरण लेनी पड़ी। गाजा पट्टी में संक्रामक रोगों के बढ़ते खतरे को लेकर चिंतित डब्ल्यूएचओ सहयोगी टेड्रोस ने कहा कि अक्टूबर के मध्य से लेकर दिसंबर के मध्य तक आश्रय स्थलों में रहने वाले लोग लगातार बीमार पड़ रहे हैं।

गाजा में अब तक के युद्ध में मरने वालों की संख्या 21,507 हो गई है, जबकि घायलों की संख्या 56 हजार तक पहुंच गई है। इजरायल के रक्षा मंत्री योएव गैलेंट ने कहा है कि हमास को नष्ट करने की लड़ाई अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है।

# सीआईए के जासूसों को चुन-चुनकर निपटाया, चीनी मुखबिरों को किया ध्वस्त

**बीजिंग (एजेंसी)।** यूएस सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) को अब चीन में खुफिया जानकारी जुटाने में काफी कठिनाई हो रही है, जिस वजह से अमेरिका को चीनी नेता शी जिनपिंग और उनके अंदरूनी सर्कल के बीच ताइवान जैसे बड़े मुद्दे के बारे में होने वाली किसी भी बात सीमित खबर ही मिलती है। रिपोर्ट के अनुसार, एक पूर्व वरिष्ठ अमेरिकी खुफिया अधिकारी के अनुसार अब उनके पास चीनी नेतृत्व की योजनाओं और इरादों को समझने का कोई वास्तविक तरीका नहीं है। वजह ये है कि करीब 10 साल पहले बीजिंग के खुफिया एजेंटों ने सीआईए के लिए काम करने वाले चीनी मुखबिरों को ध्वस्त कर दिया गया, जिससे चीन में अमेरिकी खुफिया नेटवर्क लगभग पंगु हो गया। उस समय संयुक्त राज्य अमेरिका को खुफिया जानकारी प्रदान करने वाले 20 से अधिक लोगों को मार डाला गया या जेल में डाल दिया गया, जिनमें कुछ वरिष्ठ चीनी अधिकारी भी शामिल थे।




चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली सुरक्षा-प्रथम सरकार ने ऑरवेलियन निगरानी प्रणाली को अपनाया है, जो चीन में जासूसी अभियानों को बेहद कठिन बना देता है। सीआईए ने कम्युनिस्ट पार्टी और सरकारी विभागों में व्यापक भ्रष्टाचार का फायदा उठाकर दर्जनों अधिकारियों को पैसे का लालच देकर मुखबिर बनाया था, लेकिन जैसे ही चीन ने एक-एक करके गद्दारों को पकड़ा, नेटवर्क नष्ट हो गया और अमेरिकी जासूसी अभियान को भारी झटका लगा। सीआईए और उसके मुखबिरों के बीच गुप्त संचार में खामी का बीजिंग ने फायदा उठाया और जासूसी नेटवर्क को नष्ट करने में उसको सहायता मिली। यह घटना उस समय घटित हुई, जब शी जिनपिंग को सत्ता संभालने के लिए तैयार किया जा रहा था। सीआईए द्वारा अंदर तक घुसपैठ के बाद शी जिनपिंग सुरक्षा और वफादारी को बहुत महत्व देते हैं।

चीन आज यूएस के लोगों को मुखबिर बनाकर उसकी जासूसी करा रहा है, जो कभी अमेरिका किया करता था। हाल ही में चीन ने पूर्व सीआईए एजेंट केविन पैट्रिक मैलोरी को भी मुखबिर बनाया था। वह भारी कर्ज में डूबा हुआ था और पैसे के बदले में अमेरिकी रहस्य बेचने को तैयार था, जिसमें चीन जाने वाले अमेरिकी खुफिया अधिकारियों की पहचान की जानकारी भी शामिल थी। इस साल अगस्त में, अमेरिकी न्याय विभाग ने अमेरिकी नौसेना के दो सैनिकों की गिरफ्तारी का खुलासा किया , जिन पर चीन को सैन्य खुफिया जानकारी प्रदान करने का आरोप था। दोनों चीन में पैदा हुए प्राकृतिक अमेरिकी नागरिक हैं।

## हाई कोर्ट ने तोशाखाना उपहार संबंधी याचिका खारिज की



### – नवाज समेत पूर्व प्रधानमंत्रियों को मिली बड़ी राहत

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान की लाहौर हाई कोर्ट ने नवाज शरीफ और पूर्व प्रधानमंत्रियों समेत पूर्व सांसदों के विरुद्ध तोशाखाना उपहार को सार्वजनिक करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी।

याचिकाकर्ता तनवीर सरवर ने लाहौर हाई कोर्ट के न्यायाधीश राहील कामरान से पाकिस्तान निर्वाचन आयोग को आठ फरवरी को होने जा रहे चुनाव में प्रत्याशी बने सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों और पूर्व सांसदों के विरुद्ध आपराधिक शिकायत की अनुमति देने का निर्देश जारी करने की मांग की थी। इन सभी ने निर्वाचन आयोग को सौंपे गए अपने नामांकन पत्र में अपनी संपत्ति में तोशाखाना उपहारों को नहीं दर्शाया है।

याचिकाकर्ता ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना मामले में अपनी संपत्ति में सरकारी उपहारों का विवरण छिपाने के लिए तीन वर्ष जेल की सजा सुनाई गई थी। इसके विपरीत नवाज शरीफ, यूसुफ रजा गिलानी और शाहिद खाकन अब्बासी जैसे पूर्व प्रधानमंत्रियों और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने अपने तोशाखाना उपहारों का विवरण सार्वजनिक नहीं किया है और अगले चुनाव में प्रत्याशी हैं। तनवीर ने कहा कि निर्वाचन आयोग केवल इमरान खान के विरुद्ध पूर्वाग्रह से ग्रस्त है। अन्य के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने याचिका खारिज कर दी।

## इजराइल के लिए जासूसी करने वाले 4 लोगों को ईरान ने फांसी पर लटकाया

तहरान। इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी करने वाले 4 लोगों को ईरान ने फांसी पर लटका दिया है। इन चारों को 29 दिसंबर की सुबह में फांसी दे दी गई। इनमें तीन पुरुष और एक महिला शामिल है । तीन पुरुषों की पहचान वफा हनारेह, अराम ओमारी और रहमान परहाजो के रूप में हुई है। इनके अलावा महिला आरोपी की पहचान नासिम नमाजी के तौर पर हुई है। ईरान के अजरबैजान की न्यायपालिका से जुड़ी एक न्यूज एजेंसी मिजान ने इस घटना की जानकारी दी है। आरोप है कि वे मोसाद के लिए ईरान की खुफिया जानकारी जुटा रहे थे। वे मोसाद के साथ ईरान की जानकारी शेयर कर रहे थे। बता दें कि ईरान और इजराइल में लंबे समय से तकरार चल रही है। ईरान इजराइल को एक देश नहीं मानता है। 16 दिसंबर को मोसाद के लिए काम करने वाले एक व्यक्ति को ईरान के सिस्तान–बलूचिस्तान प्रांत में फांसी दी गई थी और साल 2022 में इस्लामिक गणराज्य ने दिसंबर 2022 में चार लोगों को फांसी दी थी। ईरान ने इजराइल पर आरोप लगाया है कि उसने ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को निशाना बनाकर हमले और हत्याएं कराए हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि इस ग्रुप ने ईरान के सुरक्षा बलों पर व्यापक कार्रवाई की है, जिसके लिए इन लोगों को मोसाद से आदेश दिए जा रहे थे। इन सभी पर ईरानी सुरक्षा बलों के लोगों के अपहरण का भी आरोप है। यह सभी उनका अपहरण करके उनसे जानकारियां निकलवाते थे, साथ ही कुछ एजेंटों की कारों और अपार्टमेंट्स में आग लगाने का भी आरोप था। इस ग्रुप के साथ काम करने वाले और भी लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन सभी को लगभग 10 साल जेल की सजा दी गई है। इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद से जुड़े लोगों की तलाश ईरानी खुफिया एजेंसी काफी समय से कर रही थी।

## चीन का पकड़ा गया झूठ, जासूसी करने वाला निकला गुब्बारा

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** चीन और अमेरिका के बीच इस साल की शुरुआत में एक विवाद हुआ था। विवाद की वजह बना था एक गुब्बारा जो अमेरिका की कई जगहों के आस पास उड़ता दिखा था। इसको अमेरिका ने जासूसी वाला गुब्बारा कहा था तो चीन का कहना था कि ये महज मौसम की जानकारी जुटाने वाले गुब्बारा था। बाद में इस गुब्बारे को उड़ा दिया गया था। अब इस गुब्बारे को लेकर नए खुलासे हुए हैं जिससे चीन का एक और झूठ पकड़ा गया है।एक रिपोर्ट के मुताबिक चीनी गुब्बारे ने जानकारी जुटाने के लिए अमेरिकी सर्विस प्रोवाइडर के ही इंटरनेट का इस्तेमाल किया। एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से मीडिया संस्थान ने रिपोर्ट किया है कि न सिर्फ उस जासूसी गुब्बारे ने नेविगेशन से जुड़ी जानकारी जुटाई बल्कि उन्हें मार्क कर चीन भेजने के लिए भी पूरी तैयारी की गई। हालांकि किस इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर ने चीनी जासूसी बैलून की मदद की, यह जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इससे पहले एक और मीडिया संस्थान ने ऐसी ही मिलती जुलती बात कही थी।

इसके बाद से अमेरिकी और चीनी रिश्तों में जो खटास आई वह अब तक पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी है। हाल में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और जो बाइडेन की भी मुलाकात हुई थी लेकिन कुछ बहुत ठोस नहीं निकल सका था। रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि अमेरिकी इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर की मदद से हालांकि किसी भी तरह का इंटेलिजेंस डेटा चीन नहीं भेजा गया। बजाए इसके, जासूसी गुब्बारे ने इस तरह की जासूसी जानकारियां जिसमें तस्वीरें भी थीं, उसको जमकर इकठ्ठा किया ताकि उसको बाद में हासिल किया जा सके।

## पाकिस्तान ने भारत की मांग ठुकराई,बोला- आतंकी हाफिज सईन को भारत के हवाले नहीं करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत का मोस्ट वांटेड आतंकी हाफिज सईद को भारत लाने के प्रयास एक बार फिर असफल हो गए है। भारत ने पाकिस्तान से अनुरोध किया था कि वो हाफिज सईद को भारत के हवाले कर दे। इस पर पाकिस्तान ने हाफिज का बचाव करते हुए साफ कह दिया है कि वो किसी भी सूरत में उसे भारत के हवाले नहीं करेंगा। इसकी वजह ये है कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि नहीं है।



पाकिस्तान ने हाफिज सईद को सौंपने से इनकार कर दिया। उसने भारत के रिक्वेस्ट को खारिज कर दिया है। पाकिस्तान ने कहा है कि वह हाफिज सईद को भारत के हवाले नहीं करेगा। भारत ने पाकिस्तान से 2008 मुबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग की थी। मगर पाकिस्तान ने भारत की इस मांग को ठुकरा दिया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि भारतीय अधिकारियों की तरफ से पाकिस्तान को एक रिक्वेस्ट प्राप्त हुई है। इसमें तथाकथित मनी लॉन्ड्रिंग केस में हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग की गई है। मगर इसमें खास बात ये है कि पाकिस्तान और भारत के बीच कोई द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि मौजूद नहीं है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हाफिज के प्रत्यर्पण के लिए कुछ डॉक्यूमेंट्स के साथ पिछले दिनों इस्लामाबाद को अनुरोध भेजा गया था। उन्होंने कहा कि वह भारत में कई मामलों में वांछित है। उसे संयुक्त राष्ट्र ने भी आतंकी घोषित किया है। इस संबंध में हमने पाकिस्तान सरकार को उसे भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया है।बागची ने आगे कहा कि भारत सईद की गतिविधियों के बारे में पाकिस्तान को हमेशा बताता रहा है। भारतीय उच्चायोग ने कुछ हफ्ते पहले पाकिस्तान सरकार को उसे भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध सौंपा है। उन्होंने कहा कि हाफिज सईद कई आतंकी मामलों में भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा वांछित है।लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद भारत का मोस्ट वांटेड आतंकी है। वह अमेरिका के आतंकी लिस्ट में शामिल है। मुंबई आतंकी हमले के आरोप में अमेरिका ने उस पर 10 मिलियन डॉलर का इनाम घोषित कर रखा है। भारत लगातार उसके खिलाफ कार्रवाई की अपील करता रहा है।

# रुस ने यूक्रेन पर दागीं 122 मिसाइलें,हमले में 31 लोगों की हुई मौत

**कीव (एजेंसी)।** (ईएमएस)। बीते दो सालों से रुस और यूक्रेन के बीच भीषण युद्ध चल रहा है। एक दूसरे पर दोनों देश हमला कर रहे है। सैकड़ों लोगों की जाने जा चुकी हैं। हाल ही में रुस ने यूक्रेन पर सबसे बड़ा हमला कर दिया है। जिसमें 122 मिसाइलें दागी और 31 लोगों की जान चली गई। वायुसेना के एक अधिकारी का कहना है कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में यह सबसे बड़ा हवाई हमला माना जा रहा है। इस हमले में अपार्टमेंट ब्लॉक, एक प्रसूति अस्पताल एवं कई स्कूल पूरे तरह से बर्बाद हो गये हैं। पिछले 18 घंटे तक जारी रहे रूस के में हमले में कम से कम 31 लोगों की मौत हुई है, जबकि अभी भी कई लोग मलबे में दबे हैं और अधिकारियों ने कहा कि इसक हमले में 144 लोग घायल हुए हैं।

नाटो सदस्य पोलैंड ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि एक रूसी मिसाइल उसके हवाई क्षेत्र में करीब 40 किलोमीटर तक उड़ी और तीन मिनट बाद यूक्रेन लौट गई। मॉस्को की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई और नाटो ने कहा कि वह सतर्क बना हुआ है। यूक्रेनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि साल के अंत में हुए व्यापक हवाई हमले से पता चलता है कि ऐसे समय में क्रेमलिन के साथ संघर्ष की कोई बात नहीं होनी चाहिए, जब कीव के लिए पश्चिमी समर्थन के भविष्य पर अनिश्चितता मंडरा रही है।

विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने सहयोगियों से दीर्घकालिक सैन्य सहायता जारी रखने का आग्रह करते हुए कहा, आज, लाखों यूक्रेनवासी विस्फोटों की तेज आवाज़ सुनकर जाग गए। मैं चाहता हूं कि यूक्रेन में विस्फोटों की आवाज पूरी दुनिया में सुनी जा सके। अधिकारियों ने कहा कि राजधानी कीव में एक गोदाम, आवासीय इमारतों और अन्य निर्जन संपत्ति की चपेट में आने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। वायु सेना ने कहा कि उसने रूस द्वारा दागे गए कुल 158 हवाई लक्ष्यों में से 87 क्रूज मिसाइलों और 27 ड्रोनों को मार गिराया है। सेना प्रमुख जनरल वैलेरी जालुजनी ने कहा कि हमले में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और औद्योगिक और सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाया गया था। राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा, रूस ने अपने सभी हथियारों के साथ हमला कियाज्लगभग 110 मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से अधिकांश को मार गिराया गया। यूक्रेन कई हफ्तों से चेतावनी दे रहा है कि रूस ऊर्जा प्रणाली पर बड़ा हवाई हमला करने के लिए मिसाइलें जमा कर सकता है पिछली सर्दियों में, जब रूसी हमलों ने बिजली ग्रिड को प्रभावित किया तो लाखों लोग अंधेरे में डूब गए। यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने फेसबुक पर कहा, यह स्पष्ट है कि आक्रामक राज्य के पास मौजूद मिसाइलों के भंडार के साथ, वह इस तरह के हमले कर सकता है और जारी रखेगा।



# दीप्ति शर्मा ने फाइफर लेकर रचा इतिहास, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐसा करने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे दूसरे वनडे में वह फाइफर लेने वाली खिलाड़ी बन गई है। ऑफ स्पिनर ने 10-0-38-5 के आंकड़े के साथ अपना गेंदबाजी स्पैल समाप्त किया, जो इतिहास की किताबों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक भारतीय महिला द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

कप्तान एलिसा हीली के जल्दी आउट होने के बाद फोएबे लीचफील्ड और एलिसे पेरी एक बार फिर मजबूत प्रदर्शन कर रहे थे। जब दीप्ति गेंदबाजी करने आईं तो उन्हें इस साझेदारी को तोड़ना था। दीप्ति ने थोड़ी तेज गेंदब से पेरी को आउट करके भारत को जरूरी सफलता दिलाई। जैसे ही पेरी ने गेंद को मिडविकेट के ऊपर से खींचने की कोशिश की, जिसके बाद श्रेयंका ने दूसरे प्रयास में एक स्मार्ट कैच पकड़ लिया।

दीप्ति का अगला निशाना बेथ मूनी बनी। ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाज स्वीप करने की कोशिश में अपना विकेट गंवा बैठी। गेंद पैड पर लगी और अंपायर की उंगली उठ गई।

ताहिला मैक्ग्राथ बीच में अच्छी फॉर्म में नजर आ रही थी। तभी दीप्ति शर्मा ने एक गेंद को सीधे दीप्ति के हाथों में खेला। दीप्ति ने शानदार कैच पकड़कर अच्छा प्रदर्शन किया। जॉर्जिया वेयरहैम टीम इंडिया कि इस गेंदबाज का पांचवां विकेट मिला।

# बिग बैश लीग में क्रिस लिन ने बनाया नया रिकार्ड

## -200 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने



**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई घरेलू बिग बैश लीग में आक्रामक बल्लेबाज क्रिस लिन ने एक नया रिकार्ड बनाया है। क्रिस ने यहां एडिलेड स्ट्राइकर्स की ओर से खेलते हुए बिग बैश लीग में केवल 34 गेंदों में ही चार चौके व चार छक्के लगाकर 56 रन बनाये। इसी के साथ ही इस बल्लेबाज के नाम बिग बैश लीग में 200 छक?के लगाने का एक नया रिकार्ड दर्ज हो गया। वहीं कोई अन्य खिलाड़ी उनके करीब भी नहीं है। आरोन फिंच के नाम 118 छक्के हैं और वह दूसरे स्थान पर कायम हैं जबकि मेलबर्न स्टार्स के ग्लेन मैक्सवेल 115 छक्के लगाकर तीसरे स्थान पर हैं। इसके अलावा क्रिस के नाम इस लीग में सबसे ज्यादा रन भी हैं। इस बल्लेबाज ने 116 मैचों में एक शतक और 28 अर्धशतक की सहायता से 3528 रन बनाए हैं। वहीं फिंच 3311 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं। फिंच ने 106 मैचों में दो शतक और 26 अर्धशतकों की सहायता से ये 3311 रन बनाए हैं।

क्रिस ने एडिलेड स्ट्राइकर्स की तरफ से खेलते हुए मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ ये तूफानी पारी खेली हालांकि इसके बाद भी उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा। उनकी टीम ने मेलबर्न को जीत के लिए 178 रनों का लक्ष्य दिया था जिससे मेलबर्न ने जैक फ्रेजर मैकगर्क के 70 और शॉन मार्श के 54 रनों की सहायता से केवल 18.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस मैच में एडिलेड स्ट्राइकर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 177 रन बनाए। क्रिस के अलावा एडिलेड की ओर से डार्सी शॉर्ट ने भी 54 रनों की पारी खेली।

# संन्यास के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से नाम वापस ले सकते हैं वार्नर



**मुंबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए अपना नाम वापस ले सकते हैं। वार्नर अगले सप्ताह सिडनी में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद देश-दुनिया में हो रहे टी20 लीग के लिए अपनी उपलब्धता की संभावना को बढ़ाना चाहते हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज का आईएलटी20 में दुबई कैपिटल्स के साथ करार है और यह लीग 20 जनवरी से 18 फरवरी तक चलेगा। वहीं, ऑस्ट्रेलिया को घरेलू सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ दो से 13 फरवरी तक तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलना है। वार्नर पाकिस्तान के खिलाफ अपने आखिरी टेस्ट के बाद सिडनी थंडर के लिए बीबीएल खेलने के लिए तैयार हैं, हालांकि इस पर संशय है कि थंडर के क्वालीफाई करने पर वह फाइनल के लिए उपलब्ध रहने वाले हैं या फिर नहीं।

बता दें कि, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एसीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने संकेत दिया कि उन्हें उम्मीद है कि वार्नर आईएलटी20 में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) के लिए आवेदन कर सकते हैं। वार्नर के कुछ घरेलू क्रिकेट में नहीं खेलने को लेकर सीईओ ने कहा कि शायद हां। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वह बीबीएल के लिए काफी प्रतिबद्ध है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वार्नर जीवन के अगले चरण में खुद को ट्रेड करना चाहते हैं, जहां उन्हें अपने निवेश पर सबसे अच्छा रिटर्न मिलेगा। मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ भी गलत है, असल में मैं वार्नर को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा हूं।

# टीम इंडिया को एक और झटका, शार्दुल ठाकुर नेट पर बल्लेबाजी करते हुए चोटिल

**सेंचुरियन (एजेंसी)।** भारतीय टीम को शनिवार को झटका लगा जब गेंदबाज आल राउंडर शार्दुल ठाकुर को नेट पर बल्लेबाजी करते हुए कंधे में चोट लग गई। ऐसी संभावना है कि वह तीन जनवरी से केपटाउन में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे लेकिन उनकी चोट की गंभीरता स्कैन से पता चल पाएगी, अगर इसकी जरूरत पड़ेगी। इस समय यह पुष्टि नहीं हो सकी कि उनकी चोट के लिए स्कैन की जरूरत है या नहीं। लेकिन ठाकुर को काफी परेशानी हो रही थी और वह नेट सत्र के दौरान गेंदबाजी भी नहीं कर सके।

ठाकुर थ्रोडाउन नेट में सबसे पहले पहुंचने वाले खिलाड़ी थे और जब वह बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ से थ्रोडाउन से गेंद का सामना कर रहे थे तो उनके बाएं कंधे में गेंद लग गई। यह नेट सत्र शुरू होने के 15 मिनट के बाद हुआ। ठाकुर शॉर्ट गेंद का बचाव नहीं कर सके जैसा वह पहले टेस्ट की दूसरी पारी के दौरान हुआ था। वह गेंद लगते ही दर्द से चिल्ला उठे। लेकिन मुंबई के इस आल राउंडर ने नेट पर बल्लेबाजी जारी रखी।

बल्लेबाजी खत्म करने के बाद फिजियो ने उनके कंधे के चारों ओर आइस पैक लगाया और उन्होंने फिर नेट में कोई अभ्यास नहीं किया। यह हल्की चोट हो सकती है लेकिन यह देखना होगा कि चोट कितनी जल्दी ठीक होती है। ठाकुर ने पहले टेस्ट में महज 19 ओवर में 100 से ज्यादा रन दिए थे और वह बल्लेबाजी में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।



# ठीक होकर फिर वापस आ सकते हैं चोटिल हुए टेम्बा बावुमा

सेंचुरियन, । बाईं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण कप्तान टेम्बा बावुमा भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से भले ही बाहर हो गए हैं, लेकिन आगामी मैच तक अगर ठीक हो गए तो फिर से वापस आ सकते हैं। हालांकि बावुमा की अनुपस्थिति में डीन एल्गर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के अंतिम मैच में टीम की कप्तानी करेंगे। बता दें कि उन्होंने श्रृंखला से पहले संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा की थी। दूसरा टेस्ट 3 जनवरी से 7 जनवरी तक केप टाउन के न्यूलैंड्स में खेला जाएगा। इस बीच बावुमा के स्थान पर जुबैर हमजा को टीम में शामिल किया गया है। बावुमा को मंगलवार को सुपरस्पोर्ट पार्क में पहले टेस्ट के पहले दिन क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लग गई और स्कैन से पता चला कि मांसपेशियों में खिंचाव है जिसके कारण वह दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी से बाहर रहे। सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए उनकी उपलब्धता निर्धारित करने के लिए एसए20 की शुरुआत से पहले उन्हें आगे की चिकित्सा जांच से गुजरना होगा। बता दें कि पहले टेस्ट के दौरान बावुमा के मैदान से बाहर जाने के बाद एल्गर ने सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका की पारी और 32 रन से जीत में कप्तान की भूमिका निभाई। एल्गर कप्तानी के मामले में कोई अजनबी नहीं हैं, उन्होंने पहले भी प्रोटियाज़ का नेतृत्व किया है, जिसमें भारत की पिछली टेस्ट श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा शामिल था।



# ऑस्ट्रेलियाई बॉलर मैक्ग्राथ के एक्शन को कई गेंदबाज करते हैं कॉपी

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलियाई बॉलर ग्लेन मैक्ग्राथ के एक्शन को आज भी कई ग्रेदबाज कॉपी करते हैं। उनकी गिनती ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में की जाती है। उनके बेहतरीन रिकॉर्ड इसकी गवाही देते हैं। लंबे कद के इस गेंदबाज ने 124 टेस्ट में 21.64 के औसत से 563 और 250 वनडे में 22.02 के औसत से 381 विकेट हासिल किए। एक तेज गेंदबाज के तौर पर मैक्ग्राथ के एक्शन को आदर्श माना जाता है और आज भी कई तेज गेंदबाज इसे कॉपी करने की प्रयास करते हैं। 53 साल के मैक्ग्राथ ने करीब 15 साल के इंटरनेशनल करियर में वैसे तो कई रिकॉर्ड बनाए लेकिन इसमें एक रिकॉर्ड बेहद अनूठा है। यह रिकॉर्ड है इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे और टी20) में अपने करियर के आखिरी ओवर में विकेट लेने का। हालांकि इस दौरान वे तीनों फॉर्मेट में अपने करियर की आखिरी गेंद पर विकेट लेने से चूक गए थे। साथी प्लेयर्स के बीच 'पिजन के नाम से पापुलर मैक्ग्राथ ने टेस्ट और टी20 आई की आखिरी गेंद पर विकेट लिया था लेकिन 'एक बॉल के अंतर' से वनडे में आखिरी गेंद पर विकेट लेने से चूक गए थे। मैक्ग्राथ ने अपना आखिरी टेस्ट जनवरी 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ सिडनी में खेला और अपने आखिरी ओवर की आखिरी गेंद पर जेम्स एंडरसन को माइकल हसी के हाथों कैच कराया था। यह मैच ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता था। करियर का आखिरी टी20आई उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 13 जून 2005 को साउथैम्?पटन में खेला था और अपने आखिरी ओवर की आखिरी गेंद पर पॉल कॉलिंगवुड को रिकी पोटिंग से कैच कराया था।



# हरभजन ने हार के लिए बल्लेबाजों को जिम्मेदार बताया

नई दिल्ली । दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही टेस्ट में भारतीय टीम की करारी हार के बाद कहा कि इस मैच में बल्लेबाजों ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। साथ ही कहा कि गेंदबाज भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। हरभजन के अनुसार केएल राहुल और विराट कोहली को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज मेजबान टीम के तेज गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाया। हरभजन ने हार के लिए बल्लेबाजों को जिम्मेदार मानते हुए कहा कि टीम को चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे बल्लेबाजों की कमी महसूस हो रही है। उन्हों रहाणे को टीम से बाहर करने पर भी सवाल उठाये। हरभजन ने कहा, रहाणे और पुजारा को बिना किसी कारण के हटाया गया। यह वो दो खिलाड़ी हैं, जिन्होंने हर जगह रन बनाए हैं। अगर आप पिछला रिकॉर्ड देखें तो पुजारा का योगदान वही रहा है, जो सेंचुरियन में कोहली का रहा है। मुझे समझ नहीं आया कि पुजारा को क्यों टीम से बाहर किया गया। साथ ही कहा, हमारे पास टेस्ट क्रिकेट में पुजारा से अच्छा बल्लेबाज अभी कोई और नहीं है। पुजारा भले ही धीमा खेलते हैं, पर वह आपको बचाते हैं। पुजारा की वजह से भारत ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की धरती पर जीत हासिल करने में सफल रहा है। हरभजन ने बताया कि सेंचुरियन टेस्ट में टीम इंडिया के हाथ से मुकाबला पहली पारी में ही निकल गया था। उन्होंने कहा, तीन दिनों के खेल में भारतीय टीम किसी भी समय पर खेल में नहीं दिखी। टीम किसी प्रकार केएल राहुल की पारी से 245 रन बना पायी। वहीं दूसरी पारी में भी भारतीय टीम केवल 131 रन ही बना सकी।



# ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान होंगी सविता पूनिया

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर में भारत की 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की कप्तान होंगी जबकि वंदना कटारिया उपकप्तान रहेंगी। टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये क्वालीफाई करेंगी।

भारतीय महिला टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि पेरिस ओलंपिक के हमारे सफर में एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हमें अपेक्षाओं पर खरे उतरकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है। उन्होंने कहा कि काफी सोच विचार के बाद हमने संतुलित टीम चुनी है। सविता और वंदना अपने कैरियर में कई बार भारी दबाव में खेल चुके हैं। वे बतौर कप्तान और उपकप्तान दूसरों का मार्गदर्शन कर सकते हैं।




सविता ने हाल ही में एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता जबकि वंदना 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनी। भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ रखा गया है जबकि जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य ग्रुप ए में हैं। भारत 13 जनवरी को अमेरिका से पहला मैच खेलेगा। इसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और 16 जनवरी को इटली से खेलना है।

**टीम**

**गोलकीपर :** सविता पूनिया (कप्तान), बिछू देवी खारीबाम, **डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी , मोनिका, **मिडफील्डर :** निशा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, नवनीत कौर, सलीमा टेटे, सोनिका, ज्योति, ब्यूटी डुंगडुंग, **फॉरवर्ड :** लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया

# पेले को पहली बरसी पर ब्राजील ने दी श्रृद्धांजलि, क्राइस्ट द रीडीमर ने पहनी उनकी जर्सी



रियो दि जिनेरियो । ब्राजील के फुटबालप्रेमियों ने पेले को उनकी पहली पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि दी और इस मौके पर दक्षिण अमेरिका के इस देश की सबसे प्रसिद्ध प्रतिमा 'क्राइस्ट द रीडीमर' ने पेले की जर्सी नंबर 10 पहनी। फुटबॉल के जादूगर कहे जाने वाले पेले ने पिछले साल कोलोन कैंसर के कारण 82 वर्ष की उम्र में दम तोड़ दिया था। पोप फ्रांसिस ने उनकी पुण्यतिथि पर एक पत्र में कहा कि पेले उर्फ एडसन अरांतेस दो नासिमेंतो ने पूरी जिंदगी एक खिलाड़ी के सकारात्मक गुणों के जरिये दुनिया भर में शोहरत पाई। फुटबॉल के इस बादशाह की स्मृति हमेशा हमारे जेहन में रहेगी और आने वाली पीढी इसके जरिये खेल को हमारे बीच एकता मजबूत करने का माध्यम बनाएगी। पेले के क्लब सांतोस एफसी के शहर सांतोस और उनके जन्म स्थान ट्रेस कोराकोस में भी समारोह आयोजित किए गए। फीफा ने भी पेले के कैरियर की झलकियों वाले वीडियो के साथ संदेश दिया- पेले की विरासत हमेशा बनी रहेगी।

# क्रिकेट विश्व कप में इंजेक्शन लगाकर खेलते थे मोहम्मद शमी, किया खुलासा

नई दिल्ली - क्रिकेट विश्व कप 2023 के दौरान पहले 10 मुकाबलों में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा था। टीम इंडिया शान के साथ फाइनल में पहुंची थी जहां उन्हें ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। पूरे विश्व कप के दौरान भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी अपनी गेंदबाजी के कारण चर्चा में रहे। उन्होंने महज 24 विकेट लेकर गोल्डन बॉल अवॉर्ड जीता। इसी बीच शमी से जुड़ी अपडेट सामने आई है कि वह विश्व कप के दौरान एड़ी की चोट से परेशान थे, कोई दिक्कत न हो इसलिए वह इंजेक्शन लेकर मैच खेलते थे। मोहम्मद शमी के बंगाल टीम के एक साथी ने खुलासा किया कि तेज गेंदबाज की बाईं एड़ी में पुरानी समस्या है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह नियमित रूप से इंजेक्शन लेते थे। इसी तरह उन्होंने पूरा इलाज लिया। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे-जैसे व्यक्ति की उम्र बढ़ती है, उसे चोट से उबरने में भी कुछ समय लगता है। बता दें कि मोहम्मद शमी दक्षिण अफ्रीका में टी20 और वनडे टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्होंने टेस्ट टीम से भी अपना नाम वापस ले लिया था। क्रिकेट विश्व कप के दौरान मोहम्मद शमी टीम इंडिया के लिए पहले तीन मैचों में नहीं खेले थे। लेकिन हार्दिक के चोटिल होने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे गेम से उन्हें टीम में प्रवेश मिल गया। शमी इसके बाद तेज आक्रमण के अगुआ बन गए और उन्होंने 24 विकेट लिए और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।




# डोमिनिक थिएम के मैच में आया सांप, क्वालीफाइंग मैच में हारने से बचे



ब्रिसबेन (आस्ट्रेलिया) । पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन डोमिनिक थिएम शनिवार को ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग मैच के दौरान आस्ट्रेलिया के सबसे जहरीले सांप के कोर्ट पर आने से खेल रूकने के बाद जीत दर्ज करने में सफल रहे। थिएम पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच के दौरान 20 साल के आस्ट्रेलियाई जेम्स मैककाबे से एक सेट से पिछड़ रहे थे तभी दर्शकों ने कोर्ट के करीब एक सांप को देखा। सुरक्षाकर्मी तेजी से कोर्ट के पास पहुंचे और अंपायर को खेल रोकना पड़ा क्योंकि सांप कोर्ट पर रेंग रहा था जिससे खिलाड़ी और दर्शक भयभीत थे। थिएम ने कहा कि मुझे जानवर पसंद हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि यह बहुत ही जहरीला सांप था और यह 'बॉल किड्स' के करीब था इसलिए यह काफी खतरनाक स्थिति थी। उन्होंने कहा कि ऐसा मेरे साथ कभी नहीं हुआ और मैं इसे कभी नहीं भूल पाऊंगा। यह सांप 50 सेंटीमीटर लंबा था और आस्ट्रेलिया के सबसे जहरीले सांप में से एक है। उसे जल्द ही वहां से हटा लिया गया जिसके बाद ही खेल शुरू हो पाया। थिएम ने 3 मैच प्वाइंट बचाकर दूसरा सेट टाईब्रेक में जीतकर बराबरी हासिल की। इसके बाद 30 साल के इस खिलाड़ी ने 2-6, 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। यह आस्ट्रियाई खिलाड़ी कल अंतिम क्वालीफाइंग दौर में इटली के गुईलियो जेपिएरी या ओमर जासिका के बीच मुकाबले के विजेता से भिड़ेगा।

# 2000 इंटरनेशनल रन का आंकड़ा पार करने में कामयाब रहे विराट

## -भारत की हार के बावजूद रचा इतिहास, बने दुनिया के पहले बल्लेबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली 2000 इंटरनेशनल रन का आंकड़ा पार करने में कामयाब हो गए हैं। वह अब दुनिया के पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने एक साल में 7 बार ऐसा किया है। सेंचुरियन टेस्ट में भारत को साउथ अफ्रीका के हाथों पारी और 32 रनों से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इतिहास रचने में कामयाब रहे। किंग कोहली ने मेजबानों के खिलाफ दूसरी पारी में 76 रन बनाए, इस पारी के दम पर वह साल 2023 में एक बार फिर 2000 इंटरनेशनल रन का आंकड़ा पार करने में कामयाब रहे। विराट कोहली ने अब एक कैलेंडर ईयर में सबसे अधिक 7 बार 2000 से अधिक इंटरनेशनल रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। भारतीय रन मशीन ने इस मामले में श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगाकारा को पछाड़ा है जिन्होंने अपने करियर में यह कारनामा 6 बार किया था।

एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा बार 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में विराट कोहली ने 7, कुमार संगकारा ने 6, महेला जयवर्धने ने 5, सचिन तेंदुलकर ने 5 तथा जैक्स कैलिस ने 4 बार दो हजार रन बनाए हैं। कोहली ने पहली बार 2012 में एक कैलेंडर ईयर में 2000 इंटरनेशनल रन बनाने की उपलब्धि हासिल की थी, ऐसा करने वाले वह छठे भारतीय बल्लेबाज बने थे। इसके बाद उन्होंने 2014, 2016, 2017, 2018, 2019 और अब 2023 में यह कारनामा किया है। विराट कोहली के नाम फिलहाल भारत के लिए एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक 2818 इंटरनेशनल रन बनाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने यह कारनामा 2017 में किया था। 2818 रन बनाने के लिए उन्होंने 46 मैच खेले थे जिसमें उनका औसत 68.73 का था, वहीं उस साल उनके बल्ले से 11 शतक और 10 अर्धशतक निकले थे।

हालांकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट में कोहली के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी जुड़ा। यह रिकॉर्ड है वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में भारत की हार में सबसे ज्यादा रन बनाने का। कोहली ने डब्ल्यूटीसी में अभी तक कुल 2177 रन बनाए हैं, जिसमें 669 रन उनके बल्ले से भारत की हार में निकले। यह रिकॉर्ड पहले चेतेश्वर पुजारा के नाम था। रिकार्ड में विराट कोहली- 669, चेतेश्वर पुजारा- 634, ऋषभ पंत- 557, अजिंक्य रहाणे- 429 तथा रविंद्र जडेजा- 276 रन शामिल हैं।





# सालार में प्रभास के कमबैक से खुश हैं श्रिया

फिल्म निर्माता प्रशांत नील की फिल्म सलार बॉक्स-ऑफिस पर अपनी सफलता के लिए सुर्खियां बटोर रही है, लेकिन फिल्म ने हिंसा का महिमामंडन करने के लिए कुछ विवाद भी पैदा किया है। हालांकि, इन सब के बीच फैंस प्रभास के कमबैक को लेकर काफी खुश हैं और फिल्म में उनके अभिनय और एक्शन की जमकर तारीफ भी कर रहे हैं। अब इन सब के बीच अभिनेत्री श्रिया रेड्डी ने प्रभास की दिल खोलकर तारीफ की है। प्रशांत नील , प्रभास और पृथ्वीराज ने अपनी नवीनतम फिल्म सलार के साथ बॉक्स ऑफिस पर आग लगा दी है, लेकिन इन सबके बीच एक महिला ऐसी भी हैं, जो इन सभी पुरुषों के बराबर खड़ी है और वे हैं श्रिया रेड्डी । फिल्म में वे राजा मन्नार की बेटी राधा राम मन्नार की भूमिका निभाती हैं । फिल्म में उनके पिता व्यवसाय के सिलसिले में बाहर जाते हैं। तब उन्हें खानसर की बागडोर दी गई थी। श्रिया के अभिनय की फिल्म में जमकर तारीफ हो रही है। फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए श्रिया ने कहा, प्रशांत नील ने मुझसे वादा किया था कि मेरी भूमिका काफी अच्छी होगी। अभिनेत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि उनके किरदार के लिए बहुत सारे फोन कॉल और लुक टेस्ट हुए थे। हालांकि, वे उम्मीद कर रही थीं कि उन्हें नोटिस किया जाएगा, लेकिन उन्हें दर्शकों और इंडस्ट्री से इस तरह के प्यार की उम्मीद नहीं थी। सलार के सेट पर बिताए गए समय को याद करते हुए, उन्होंने बताया कि उन्होंने जाकर प्रभास से कहा था कि वे उनके स्क्रीन समय में कटौती करेंगी और अभिनेता इससे बिल्कुल सहमत थे। उन्होंने उन्हें सबसे अच्छे इंसानों में से एक और बहुत सुरक्षित अभिनेता बताया। इसके साथ ही प्रभास के कमबैक की भी सराहना की है।



# बॉलीवुड के बॉक्स ऑफिस आंकड़े फेक हैं, कॉर्पोरेट बुकिंग ट्रेंड चल रहा है

संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल 1 दिसंबर को रिलीज हुई है। पहले ही दिन से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है। 26 दिनों तक सिनेमाघरों में चलने के बाद ये फिल्म वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 850 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। ऐसे में फिल्म के प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने हाल ही में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। प्रोड्यूसर ने कहा- बॉलीवुड में दिखाए गए बॉक्स ऑफिस के आंकड़े सच नहीं हैं। आजकल एक कॉर्पोरेट बुकिंग ट्रेंड चल रहा है, जिसकी वजह से कमाई बढ़ी हुई दिखती है। आजकल सोशल मीडिया पर लोग फिल्मों के कलेक्शन के आंकड़ों को लेकर काफी बहस करते हैं। इन दिनों फिल्मों की कमाई में एक और चीज का जिक्र खूब होता है- कॉर्पोरेट बुकिंग। ऐसे में क्या एनिमल की बॉक्स ऑफिस कमाई के आंकड़े बिल्कुल सटीक हैं? फिल्म के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के भाई प्रणय रेड्डी वांगा ने दावा किया है कि उनकी फिल्म की कमाई के आंकड़े बिल्कुल सटीक हैं। बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बारे में बात करते हुए प्रणय ने बॉलीवुड की भी क्लास ली। उन्होंने कहा- यहां कमाई के आंकड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने का खेल चल रहा है। हमने एनिमल के जो भी आंकड़े घोषित किए हैं, वे बिल्कुल सटीक हैं। आजकल बॉलीवुड में कॉर्पोरेट बुकिंग पर भरोसा करने का चलन है। ऐसे में लोग बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों पर संदेह करते हैं। हालांकि हमने ऐसा नहीं किया है। प्रणय ने आगे बताया कि उनकी कंपनी बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों में पारदर्शिता बनाए रखने को लेकर काफी गंभीर है।

## भूषण कुमार ने भी कॉर्पोरेट बुकिंग का जिक्र किया

इंटरव्यू के दौरान प्रणय ने सीधे तौर पर किसी बॉलीवुड फिल्म का नाम नहीं लिया। लेकिन उन्होंने बताया कि हाल ही के दिनों में रिलीज हुई कई बॉलीवुड फिल्मों के बॉक्स ऑफिस डेटा में इस तरह का खेल हुआ है। एनिमल के प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने भी इस बारे में बात की। उन्होंने कहा- हालांकि मेरे पास कोई पुख्ता सबूत नहीं है, लेकिन कॉरपोरेट बुकिंग की वजह से फिल्मों की कमाई बढ़ी हुई दिखती है। बॉक्स ऑफिस आंकड़ों में गड़बड़ी के मुद्दे पर भूषण ने कॉर्पोरेट बुकिंग की ओर इशारा किया।

## क्या होती है कॉर्पोरेट बुकिंग

ऐसा अक्सर देखा गया है कि फिल्म रिलीज के बाद थिएटर हाउसफुल बताए जाते हैं। लेकिन असल में वे खाली रहते हैं। दरअसल जब कोई ब्रांड या प्रोडक्शन हाउस बल्क में टिकट बुक करते हैं- उसे कॉर्पोरेट बुकिंग कहा जाता है। कई बार इस तरह की बुकिंग एक साथ कई शहरों में की जाती है, जो काफी बड़ी तादाद में भी होती है। किसी भी स्टार की इमेज बिल्डअप के लिए प्रोडक्शन हाउस इस तरह के तरीके अपनाते हैं। इस वजह से ऑडियंस के बीच एक्साइटमेंट बढ़ जाती है, साथ ही थिएटर में ज्यादा लोगों के आने की संभावना भी हो जाती है।

# करियर को लेकर आदर्श गौरव ने किया बड़ा खुलासा

बॉलीवुड अभिनेता आदर्श गौरव इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन सितारों में से एक हैं। 2017 में आई फिल्म मॉम में उनके किरदार मोहित चड्ढा के लिए उन्हें जाना जाता है। उन्होंने द व्हाइट टाइगर और राज एंड डीके की गन्स एंड गुलाब्स में अपने शानदार अभिनय से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया था। इन दिनों आदर्श अपनी आगामी फिल्म खो गए हम कहां की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच अब अभिनेता ने एक इंटरव्यू में अपने करियर से जुड़ा बड़ा खुलासा किया है। आदर्श ने कहा कि वे अभिनेता नहीं फिल्म निर्देशक बनना चाहते हैं। आदर्श ने कहा, मैं हमेशा से निर्देशक बनना चाहता हूं। हालांकि, मैं भी यह नहीं जानता कि मैं कितने समय तक अभिनेता बना रहूंगा। मुझे हमेशा से ही लिखना का शौक रहा है, इसलिए मैं फिल्में निर्देशित करना चाहता हूं। मैं निर्देशन में अपना करियर बनाना चाहता हूं। अभिनेता ने बातचीत को आगे बढ़ाते हुए कहा, मैं सोशल मीडिया पर अपने विचार लिखता हूं। मैं अपने लेखन पर लगातार काम कर रहा हूं, क्योंकि एक रचनाकार के रूप में मेरे लिए जो जरूरी है वह यह है कि लगातार अपने कौशल पर काम करना। मैं रोज अपने सपने पर काम कर रहा हूं। खो गए हम कहां में काम मिलने पर उन्होंने कहा, जब मुझे फिल्म में काम मिला, तो मैं अपने किरदार में जुट गया क्योंकि यह किरदार मेरी जिंदगी से जुड़ा था। जब मैं बड़ा हो रहा था उस तरह की समानताएं मैंने इस किरदार में महसूस की।



# आज हम ट्रोल होने की हद तक पहुंच गए हैं

अपनी विविध भूमिकाओं और प्रभावशाली अभिनय के लिए जानी जाने वाली शिल्पा ने मनोरंजन उद्योग में शानदार तीन दशक पूरे कर लिए हैं। यहां बने रहने की चुनौतियों को संबोधित करते हुए अभिनेत्री ने आज के डिजिटल युग में उभरते दर्शकों और उन्हें खुश करने की निरंतर आवश्यकता को स्वीकार किया। इंडियन फेम अभिनेत्री ने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी, तो दर्शक अलग थे। आज हम ट्रोल होने की हद तक पहुंच गए हैं। शिल्पा ने प्लैटिनम जुबली हिट में एक छोटी भूमिका से लेकर धड़कन के साथ मुख्यधारा की नायिका बनने तक की अपनी यात्रा को याद किया। वह चुरा के दिल मेरा ( मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी) और मैं आई हूं यूपी बिहार लूटने ( शूल) जैसे प्रतिष्ठित गानों से अपनी लोकप्रियता के शिखर पर पहुंच गईं। उनकी प्रसिद्धि बिग ब्रदर, लाइफ... इन ए मेट्रो और फिर मिलेंगे जैसी फिल्मों से बढ़ी। शिल्पा ने फिल्म उद्योग में उनकी उल्लेखनीय यात्रा को स्वीकार करते हुए कहा, ये मेरे अब तक के करियर में प्रमुख मील के पत्थर रहे हैं। अपनी नवीनतम रिलीज कॉमेडी ड्रामा सुखी के बारे में बोलते हुए शिल्पा ने कहा, हम बहुत सारी फिल्में बनाते हैं और किरदारों के कारण प्यार और फैन-फॉलोइंग हासिल करते हैं। लेकिन, सुखी के लिए मुझे जिस तरह की सराहना मिली, वह कुछ अलग थी। इतने वर्षों में मुझे नहीं मिला। शिल्पा ने देश में बढ़िया डाइनिंग रेस्तरां की सीरीज के साथ आतिथ्य उद्योग में भी अपने लिए एक जगह बनाई है। उनका अगला शो इंडियन पुलिस फोर्स आने वाला है।





# सारा अली खान और अपनी दोस्ती पर बोले ओरी



**सोशल मीडिया के फेमस इन्फ्लुएंसर और स्टारकिड्स के फ्रेंड ओरी उर्फ ओरहान अवत्रमणि ने सारा अली खान और अपनी दोस्ती के बारे में कुछ बाते बताई हैं। इतना ही नहीं उन्होंने सारा के एक्टिंग करियर से जुड़े कुछ फैक्ट्स भी शेयर किए हैं। दरअसल आस्क मी एनिथिंग के एक सेशन में ओरी से पूछा गया कि सारा अली खान से उनकी दोस्ती कैसी है?**

इसका खुलासा करते हुए ओरी ने बताया-एक जमाने में हम बहुत अच्छे दोस्त हुआ करते थे। अभी हमारे बीच कोई झगड़ा नहीं हुआ है, लेकिन दोस्ती पहले जैसी नहीं रही है। हम दोनों में से कोई भी एक दूसरे को कॉल करे तो बात हो जाती है। लेकिन कुछ साल पहले मैं विदेश चला गया था, सारा अपने एक्टिंग करियर की वजह से इंडिया में ही थीं। इस दौरान हमारे बीच थोड़ी दूरी आ गई।

## सारा के करियर को लेकर ओरी की राय

ओरी ने बताया कि सारा अपने एक्टिंग करियर को लेकर कुछ ज्यादा ही सीरियस हैं। उनको उठते-बैठते, खाते-पीते सिर्फ एक्टिंग ही दिखाई देती है। वो हर समय काम के बारे में ही सोचती रहती हैं। ओरी ने बताया कि इसमें कोई शक नहीं की सारा बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। अपनी मां अमृता सिंह की तरह वो बहुत स्ट्रॉन्ग और बिंदास रहने वाली हैं। सारा किसी को उन्हें डॉमिनेट करने का मौका नहीं देती हैं। ओरी ने हाल ही में जाह्नवी कपूर, निसा देवगन और सुहाना खान के बारे में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने अजय देवगन की बेटी निसा के बारे में कहा कि कई लोग उनके बारे में गलत राय रखते हैं। ओरी ने बताया निसा बहुत इंट्रोवर्ट नेचर की हैं। उन्होंने अपना सोशल मीडिया अकाउंट भी इसलिए बंद रखा है, जिससे लोगों के कमेंट्स पर उन्हें रिप्लाई या सफाई न देना पड़े। उन्होंने आगे लिखा कि लोग उनके बारे में गलत राय रखते हैं। वो लोगों की सोच से काफी अलग और प्राइवेट रहने वाली इंसान हैं।

## जाह्नवी कपूर को बताया थेरेपिस्ट

ओरी ने जाह्नवी के बारे में लिखते हुए बताया कि वो मेरे लिए एक थेरेपिस्ट हैं। उन्होंने मेरे बुरे फेज से मुझे निकाला था। ओरी ने कहा कि 3 साल पहले मैं मेरी लाइफ के सबसे लो प्वाइंट पर था। जाह्नवी ने उस वक्त हफ्तों तक फोन करके मेरी बेबी सिटिंग की थी। बता दें जाह्नवी कपूर ओरी की बेस्ट फ्रेंड हैं।

## सुहाना खान को ओरी ने स्मार्ट बताया

जब ओरी से लोगों ने पूछा कि द आर्चीज को लेकर निगेटिव कमेंट्स के बारे में क्या सुहाना खान जानती हैं? इसपर ओरी ने कहा कि यहां कोई बेवकूफ नहीं है। सब लोग सच्चाई से वाकिफ हैं। वो लोग बहुत स्मार्ट हैं और रियलिटी से जुड़े हुए भी हैं।



# एक्शन फिल्मों की सफलता पर बोले विक्रम कोचर

**डंकी फेम एक्टर विक्रम कोचर ने बताया कि आज कल एक्शन वाली फिल्में इतना क्यों चल रही हैं। विक्रम ने कहा कि आज के वक्त में हर जगह वॉर हो रहे हैं। लोग एक दूसरे से लड़ रहे हैं। सबके दिमाग में एक फ्रस्ट्रेशन है। हर तरफ अशांति का माहौल है। ऐसे में एक्शन फिल्मों में लोग अपने आप को देख रहे हैं। ऐसी फिल्मों को देखकर वो खुद को सटिस्फाई कर रहे हैं। हालांकि फिल्ममेकर्स को यह सोचना चाहिए कि उन्हें ऑडियंस को क्या दिखाना है और क्या नहीं।**

गदर-2, पुष्पा और एनिमल जैसी फिल्मों के सक्सेसफुल होने के पीछे क्या वजहें हैं। होम बॉलीवुड से बात करते हुए विक्रम ने कहा- आज देश में लोग एक दूसरे को देखना पसंद नहीं कर रहे हैं। दुनिया के हर कोने पर लड़ाई चल रही हैं। लोगों के अंदर असंवेदनशीलता और क्रोध काफी बढ़ गया है। शायद इस वजह से एक्शन थ्रिलर फिल्मों को लोग एंजॉय कर रहे हैं।

पर्दे पर सिर्फ कत्लेआम दिखाना सही नहीं

विक्रम ने आगे बताया- मेरे एक दोस्त ने मुझसे बहुत पते की बात की। उसने कहा कि आज के वक्त में बहुत से लोगों को पावर चाहिए लेकिन उन्हें यह चीज मिल नहीं पाती है। जब वे ऐसी फिल्में देखते हैं तो अपने आप को उसमें कल्पना करने लगते हैं। हालांकि ऐसी फिल्मों और इसे बनाने वालों की कुछ जिम्मेदारियां भी होती हैं। आप सत्यजीत रे की फिल्मों को देखिए। बहुत सारे लोगों को उनकी फिल्में पसंद नहीं आएंगी। लोगों को सिर्फ कत्लेआम देखना है, इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें वो चीज दिखाई ही जाए। अगर आप सिर्फ ऐसे सीन्स दिखा रहे हैं जिसमें गला काटा जा रहा हो, तो खुद सोचिए कि क्या दिखाने की कोशिश की जा रही है।

# अमृता सिंह के साथ सेपरेशन पर खुलकर बोले सैफ अली खान

बॉलीवुड स्टार सैफ अली खान स्ट्रीमिंग चैट शो कॉफी विद करण के नवीनतम एपिसोड में अपनी मां शर्मिला टैगोर के साथ दिखाई दिए। उन्होंने शो में अभिनेत्री अमृता सिंह के साथ अपने सेपरेशन पर खुलकर बात की। अभिनेता ने सेपरेशन से जुड़ी भावनात्मक जटिलताओं के बारे में बात की और बताया कि कैसे उनकी मां हमेशा उनका साथ देती थी। सैफ अली खान ने कहा, दुर्भाग्य से मैंने 20 साल की उम्र में शादी का फैसला किया, चीजें बदल जाती हैं, लेकिन वह मुझे सपोर्ट देती थी। वह मेरे लिए अद्भुत थी और वह मेरे दो बच्चों की मां है। मेरे उसके साथ अच्छे संबंध हैं और अब सब सम्मानजनक है। यह बहुत बुरा होता है, जब ये चीजें काम नहीं करतीं। करण जौहर ने पूछा, उस समय मुझे लगता है कि आपकी मां ने आपका भरपूर समर्थन किया था। उस पर प्रतिक्रिया देते हुए सैफ ने कहा, आप जानते हैं, जब मैंने ऐसा किया तो वह मेरे साथ थीं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि तुम किसी के साथ रह रहे हो, तो मैंने कहा, हां। उन्होंने कहा, बस शादी मत करना, और मैंने कहा, कल मेरी शादी हो गई। उसके बाद वह रोने लगी। उन्होंने कहा, तुमने सचमुच मुझे दु :ख पहुंचाया है, तुमने मुझे बताया क्यों नहीं सैफ ने आगे कहा, इसके अलावा सेपरेशन पर मैंने सबसे पहले अपनी मां से बात की थी, जिन्होंने एक गहरी सांस ली और फोन पर एक बार फिर विराम लिया और कहा कि अगर आप यही चाहते हैं तो मैं आपके साथ हूं। शर्मिला ने कहा, जब आप इतने लंबे समय से साथ हैं और आपके दो प्यारे बच्चे हैं तो ब्रेकअप करना आसान नहीं होता।

